खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | रविवार, 12 मई, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-6 रु. | वर्ष-6 | अंक-132

DEEVYASHAKTI
# AMARA

## EXCEPTIONAL LIVING HAS ARRIVED IN RAJENDRA NAGAR

COME, EXPERIENCE IT!




| 2.5 BHK | 1534 to 1588 Sq. ft | 3 BHK | 1703 to 2235 Sq. ft |
|---|---|---|---|

Amara is a haven blessed with soulful elegance, luxury, and tranquility, meticulously planned and thoughtfully designed. Spread across 5 sprawling acres, with expansive spaces that refresh your mind and soul. Amara is exceptional, with state-of-the-art amenities that make life holistic and fulfilling.

## PROJECT HIGHLIGHTS

- Located in the rising neighbourhood of Gaganpahad, **Rajendra Nagar**
- **426** Thoughtfully designed 2.5 & 3 residences
- **3** Majestic towers rising **G + 9** Floors
- **24,000** sft Clubhouse
- **70%** Open spaces
- **100%** Vaastu oriented design
- **Neoclassical** architecture
- International-style **car-free podiums**

DEEVYASHAKTI REALTY

8341 066 909 / 7868 909 909
sales@deevyashaktirealty.com
Survey no. 252, Gaganpahad, Hyderabad, Telangana 501323.

SCAN FOR OUR WEBSITE

DEEVYASHAKTI
# AMARA





## PROJECT AMENITIES

- ROOF-TOP SWIMMING POOL
- OUTDOOR & INDOOR SPORTS FACILITIES
- OUTDOOR & INDOOR GYM
- YOGA ZONE
- SKATING RINK
- CHILDREN'S PLAY AREA
- BUTTERFLY GARDEN
- HOME THEATRE
- MEDITATION & CONFERENCE ROOM

Amara is an address that is carefully designed with neoclassical architecture and world-class amenities. Amara is a one-stop living experience, from fitness to food, entertainment to meditation, shopping to salons, and hangouts to meet-ups. Amara is a beautiful opportunity to make your dream come true.

## LOCATION HIGHLIGHTS

- 3 Mins
  **PVR Cinemas At Aparna Mall**
- 3 Mins
  **Metro Cash & Carry**
- 7 Mins
  **Inner Ring Road**
- 10 Mins
  **Outer Ring Road**
- 15 Mins
  **Dmart At Attapur**
- 20 Mins
  **Shamshabad International Airport**
- 25 Mins
  **Apollo Hospitals**




**DEEVYASHAKTI REALTY**

8341 066 909 / 7868 909 909
sales@deevyashaktirealty.com
Survey no. 252, Gaganpahad, Hyderabad, Telangana 501323.

SCAN FOR LOCATION

Naresh Agarwal - 9848020960
Ankush Agarwal - 9885450000
Naresh Agencies
Dealers in :
Welding Electrodes, Welding Accessories, Safety Equipment, Power Tools, Self Drilling Screws and Cutting Wheels
15-9-216, Near Dargah, Gowliguda, Hyderabad - 500 012

खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd

Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 12 मई, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-6 रु.। वर्ष-6 । अंक-132

### इस्लाम और सेकुलर राजनीति का परस्पर विरोधी चरित्र

# लाभ के लोभ में लुप्त हो गए सारे सिद्धांत

इस बार लोकसभा चुनाव में तीन मसले चर्चा में रहे... मुस्लिमों को आरक्षण, हिंदुओं की विरासत पर टैक्स और पाकिस्तान की दलाली। अवसरवादी, अनैतिक और विरोधाभासी चरित्र के कांग्रेसी नेता और उनके साथ मिलीभगत कर चल रहे कुछ भ्रष्ट विपक्षी नेता वोट के लिए देश के व्यापक हित की ऐसी-तैसी कर रहे हैं। भारत के लोग इसे समझ भी रहे हैं और नहीं भी समझ रहे हैं। समझदारी या कहें जागरूकता की ये दो स्थितियां संकुचन और व्यापकता के दो अलग-अलग फ्रेम में बंटी हैं। भारतवर्ष के व्यापक हित की रक्षा के लिए देश के लोगों को इस अलग-अलग वाले फ्रेम को तोड़ना होगा।

देश में बड़ी विचित्र स्थितियां हैं। इस्लाम और तथाकथित सेकुलर राजनीति का परस्पर विरोधी चरित्र देखिए। इस्लाम कभी इंसानों में मजहबी भेदभाव से परे नहीं हो सकता और मजहब से दूर होने का दम भरने वाली कथित सेकुलर स्वार्थी राजनीति एक खास मजहब से मुंह नहीं मोड़ सकती। भारत के कट्टर इस्लामिस्ट भारत को अपना देश समझने के बजाय पाकिस्तान को अपना ठिकाना समझते रहेंगे और उन्हें खुश रखने के लिए तथाकथित सेकुलर पार्टियां और उसके नासमझ नेता पाकिस्तान-पाकिस्तान की रट लगाते रहेंगे। यह भितरघाती चरित्र सेकुलर राजनीति के प्रति व्यापक जन-घृणा का कारण बन रहा है, लेकिन इसके वाहक नेताओं को यह समझ में नहीं आ रहा है। जो राजनीति खुद को सेकुलर बखान करती है, उसकी असली सच्चाई यह है कि वह मुस्लिम तुष्टिकरण के बिना चल ही नहीं सकती। तुष्टिकरण हटा, सेकुलरिज्म का छद्म समाप्त।

निष्पक्ष समीक्षा के लिए हमें कुछ खास पहलुओं को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। भारतवर्ष में जब इस्लाम आया तो तलवार के बल पर इस तर्क का प्रसार करते हुए फैला कि इस्लाम में ऊंच-नीच का भेद नहीं है, हिंदुओं की तरह जातियों का भेद नहीं है। इस्लाम मुफ्त में और कृपा पर दी गई कोई भेंट या सुविधा स्वीकार नहीं करता। लेकिन ये सारे सिद्धांत

**शुभ-लाभ सरोकार**

समय के साथ फर्जी और बेमानी साबित होते चले गए। जब मुफ्त अनाज की योजना लागू हुई तो भाजपा का विरोध करने वाले मुसलमान सबसे पहले लाइन में जाकर खड़े हो गए। इस्लाम के नाम पर भारत को तोड़ कर उसे कथित तौर पर स्वतंत्र किया गया तो स्वतंत्र भारत के संविधान निर्माताओं ने उन जातियों के उत्थान के लिए विशेष व्यवस्था की, जिनके प्रति भेदभाव करने या अछूत का भाव रखने के आक्षेप लगते थे। तभी देश के समक्ष आरक्षण का महत्वपूर्ण विषय सामने आया। आरक्षण वह मुद्दा था जहां जातियों को मिलने वाले लाभ के लालच में इस्लामी सूरमा भी सारे इस्लामिक सिद्धांत ताक पर रख कर लार टपकाने लगे। वही इस्लामिक सिद्धांतों के पैरोकार, जो इस्लाम को जातियों से मुक्त व्यवस्था बताते नहीं थकते थे। इसके साथ ही वंचित जातियों के हितों पर घात लगाने के खेल में वह राजनीति भी शामिल हो गई जो इस्लामिक हुजूम को अपने एकमुश्त वोटबैंक के रूप में देखती थी। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, केरल, तेलंगाना, तमिलनाडु सहित कई राज्यों में मुस्लिमों को ओबीसी कोटा देकर देश के पिछड़े वर्ग की अनदेखी की गई। अभी ओबीसी को जो आरक्षण मिला है, उस पूरे आरक्षण पर यह गिद्ध दृष्टि लगी है।

छद्म सेकुलर राजनीति भी पिछड़ी जातियों का हिस्सा खाने की इस मजहबी चाल को चुपचाप बढ़ावा देती रही। चाहे अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) हो या जामिया मिल्लिया इस्लामिया, यहां अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण रखा गया था, लेकिन उसे भीतर ही भीतर मुसलमान खा गए और बाहर आवाज तक नहीं आने दी। सब हुआ किन्तु राजनीतिक हलकों में इस पर चर्चा तो दूर, सुगबुगाहट तक नहीं हुई। विडंबना यह रही कि इन विश्वविद्यालयों की स्थापना भारत के संसदीय कानून के अंतर्गत हुई थी। लेकिन इस पर छद्मी संविधान प्रेमियों ने जानबूझ कर अपनी आंखें और बोली बंद रखी।

संविधान के अनुच्छेद-8 के अनुसार, एएमयू सभी लिंग, जाति, वर्ण और वर्ग के लिए है। ▶8पर

**कांग्रेस नेता के परमाणु बम वाले बयान पर पीएम का प्रहार**

# बम बेचने के लिए खरीदार तलाश रहा पाकिस्तान




**दुनिया पाकिस्तानी बम की गुणवत्ता के बारे में जानती है**

**पोखरण का परमाणु परीक्षण राष्ट्रभक्ति का इम्तिहान था**

**भुवनेश्वर, 11 मई (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओड़ीशा के कंधमाल में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और उसके नेता मणिशंकर अय्यर पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पोखरण के परमाणु परीक्षण का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि 26 साल पहले आज ही के दिन अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था और हमने ये दिखा दिया था कि देशभक्ति से ओत-प्रोत सरकार देशहित के लिए, देश की सुरक्षा के लिए, देश के लोगों को आशा-अपेक्षा के लिए कैसे काम करती है। एक वो दिन था, जब भारत ने दुनिया को अपने सामर्थ्य से परिचित कराया था। दूसरी तरफ कांग्रेस बार-बार अपने ही देश को डराने की कोशिश करती है। पीएम मोदी ने मणिशंकर की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा, वो कहते हैं कि संभल कर चलो, पाकिस्तान के पास एटम बम है। ये मरे पड़े लोग, देश के आदमी को भी मार रहे हैं। वे पाकिस्तान के बम के बारे में बात करते हैं, लेकिन पाकिस्तान की हालत ऐसी है कि उन्हें नहीं पता कि इसे कैसे रखा जाए और वे अपने बम बेचने के लिए खरीदार की तलाश कर रहे हैं, लेकिन कोई भी उन्हें खरीदना नहीं चाहता, क्योंकि लोग उनकी गुणवत्ता के बारे में जानते हैं। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा था कि पाकिस्तान के साथ इज्जत से पेश आना चाहिए, क्योंकि उसके पास एटम बम है। ▶8पर

### अय्यर के बाद रेवंत की भी निकली पाकिस्तान-परस्त बोली

**हैदराबाद, 11 मई (एजेंसियां)।** कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के पाकिस्तान-प्रलाप के बाद अब तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी पाकिस्तान के प्रवक्ता की तरह भाजपा से सवाल पूछने लगे। रेवंत रेड्डी ने साल 2019 में पुलवामा आतंकी हमले और पाकिस्तान के अंदर बालाकोट में आतंकवादी ठिकाने पर जवाबी हवाई हमले पर संदेहभरे सवाल उठाए और प्रधानमंत्री को आड़े हाथ लिया। रेड्डी ने कहा कि 40 जवानों की मौत का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने कहा, मोदी के लिए सब कुछ राजनीति है। सब कुछ चुनाव जीतने के लिए है। उनके सोचने का तरीका देश के लिए अच्छा नहीं है। आप उनसे कुछ भी पूछिए वे जवाब में कहेंगे जय श्री राम। ▶8पर

**केवल कांग्रेस ही नहीं, केजरीवाल भी हैं पाकिस्तान की पसंद**

# जमानत मिली तो खुशी में पगला गए पाकिस्तानी नेता



**फवाद ने फिर निकाला मवाद**

**इस्लामाबाद, 11 मई (एजेंसियां)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रशंसा के कसीदे काढ़ने वाले पाकिस्तान के पूर्व सूचना एवं प्रसारण मंत्री फवाद चौधरी को केजरीवाल भी उतने ही पसंद हैं। केजरीवाल के जेल से जमानत पर छूटते ही फवाद चौधरी इतने खुश हो गए कि उनके मुंह से निकल पड़ा, केजरीवाल की रिहाई नरमपंथी भारत के लिए बहुत अच्छी खबर है। केजरीवाल की रिहाई से केवल आपा कार्यकर्ता ही खुश नहीं थे, बल्कि पाकिस्तान के नेता भी इससे खासे खुश हैं। फवाद चौधरी ने कहा, नरेंद्र मोदी एक और लड़ाई हार गए। केजरीवाल रिहा हो गए हैं और यह नरमपंथी भारत के लिए एक अच्छी खबर है। पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी भारत के चुनाव और आंतरिक राजनीति पर लगातार टिप्पणियां कर रहे हैं। इससे पहले भी उन्होंने भारत के अंदरूनी मामलों में बेतुकी टिप्पणियां की थीं। अभी बीते दिनों ही फवाद चौधरी ने राहुल गांधी का एक वीडियो साझा किया था, जिसमें राहुल गांधी हिंदू विरासत पर टैक्स की बात कर रहे थे। ▶8पर

### भ्रष्टाचार से लड़ना है तो केजरीवाल से सीखो : केजरीवाल

**नई दिल्ली, 11 मई (एजेंसियां)।** शराब नीति घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे संगीन मामले में गिरफ्तार हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 20 दिन के लिए जमानत पर छूटते ही बोलने लगे, भ्रष्टाचार से लड़ाई लड़नी है तो केजरीवाल से सीखो।

केजरीवाल ने कहा, मैंने अपने नेता को भ्रष्टाचार के खिलाफ सीबीआई को सौंप दिया था। केजरीवाल ने कहा कि मैं 140 करोड़ लोगों का साथ चाहता हूं। इस देश को बचाना है। मैं लोकतंत्र को बचाना चाहता हूं। मैं मंत्री, मुख्यमंत्री बनने नहीं आया नौकरी छोड़कर यहां आया हूं। मेरा देश के लिए सब कुछ कुर्बान है। मेरे खून का एक-एक कतरा देश के लिए है। ▶8पर

**रक्षा क्षेत्र में यूपी का औद्योगिक क्षेत्र हासिल कर रहा नई उपलब्धियां**

## एक दिन में 3600 करोड़ की छह रक्षा इकाइयों को जमीन



**लखनऊ, 11 मई (एजेंसियां)।** यूपी के औद्योगिक विकास और डिफेंस सेक्टर का गढ़ बनने का रास्ता और मजबूत हो गया है। छह उद्योग समूहों का लैंड पार्सल ब्लॉक कर दिया गया। ये इकाइयां झांसी, लखनऊ और कानपुर में स्थापित होंगी। पहले चरण में ही करीब 3600 करोड़ का निवेश होगा और 10 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। बृहस्पतिवार को डिफेंस से जुड़े छह समूहों के निवेश का रास्ता साफ हो गया। पिकप भवन में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह से ग्लोबल इंजीनियर्स के ▶8पर

**तेलंगाना में बोले गृह मंत्री अमित शाह**

# पाकिस्तान की गोलियों का जवाब तोप से देंगे

**हैदराबाद, 11 मई (एजेंसियां)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तेलंगाना में हुंकार भरी। यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, इसके डर से कांग्रेस पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर भारत का अधिकार छोड़ना चाहती है। तेलंगाना में रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने राज्य के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को घेरा। भाजपा नेता ने सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर रेवंत रेड्डी की टिप्पणी पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक की और आतंकवादियों को खत्म किया।रैली को संबोधित करते हुए ▶8पर



**मोदी हमारी नेतृत्व-शक्ति हैं, वे बने रहेंगे**

### 75 साल का रिटायरमेंट पीएम मोदी के लिए नहीं, वे नेतृत्व करते रहेंगे

**हैदराबाद, 11 मई (एजेंसियां)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हैदराबाद में प्रेस कांफ्रेंस कर दावा किया कि तीन चरण में बीजेपी के नेतृत्व में एनडीए के सभी साथी दल 200 सीटों के आंकड़े के करीब पहुंच गए हैं। चौथे चरण में एनडीए को सबसे ज्यादा सफलता मिलेगी। शाह ने कहा कि एनडीए 400 पार से और आगे बढ़ेंगे। चौथे चरण में आंध्र और तेलंगाना में एनडीए कंप्लीट स्वीप करने जा रही है। 4 जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम आएंगे तो दक्षिण भारत में कर्नाटक, आंध्र , तलंगाना, तमिलनाडु और केरल में सबसे बड़ा दल बीजेपी बनकर उभरेगा। सबसे ज्यादा सीट बीजेपी को मिलेगी। ▶8पर

**कार्टून कॉर्नर**




**सर्राफ़ा बाज़ार**



(24 कैरेट गोल्ड)

**सोना : 75,270/-**
**(प्रति 10 ग्राम)**

**चाँदी : 86,280/-**
**(प्रति किलोग्राम)**

**घाटी में न कोई बहिष्कार की कॉल, न कोई पत्थर न कोई बंद**

# ऐतिहासिक लाल चौक पर गूंज रहे चुनावी नारे



**श्रीनगर, 11 मई (एजेंसियां)।** कश्मीर घाटी में पहले जब भी चुनावों की घोषणा होती थी तो अलगाववादियों की ओर से बहिष्कार की कॉल दी जाती थी, जिसका असर काफी हद तक देखने को मिलता था। लेकिन अनुच्छेद 370 हटने के बाद पहली बार लोकसभा चुनाव बिना किसी बहिष्कार की कॉल के होने जा रहे हैं। इस बदलाव को समाज के सभी वर्ग एक सकारात्मक बदलाव के रूप में देख रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, उनका हक है अपने नुमाइंदे चुनने का, जो पिछले करीब तीस वर्षों तक दबाव के चलते छिन गया था।कश्मीर में पत्थरबाजी अब इतिहास बन चुकी है। ▶8पर

### कश्मीरी पंडितों के 52 हजार वोट बनेंगे निर्णायक

**जम्मू, 11 मई (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर की महत्वपूर्ण सीटों में से एक श्रीनगर में इस बार कड़ा मुकाबला है। परंपरागत सीट पर अब्दुल्ला परिवार का कोई नुमाइंदा तो नहीं है, लेकिन उनकी पार्टी नेकां, पीडीपी और अपनी पार्टी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला दिख रहा है। डीपीएपी की ओर से इसे चतुष्कोणीय बनाए जाने के लिए पार्टी प्रमुख गुलाम नबी आजाद की ओर से पुरजोर कोशिश की जा रही है।यहां से लगभग 52 हजार कश्मीरी विस्थापितों के वोट निर्णायक होंगे। चुनाव प्रचार शनिवार को बंद होने से पहले हर पार्टी की ओर से पूरा दमखम लगाया जा रहा है। ▶8पर

## सेना को 18 जून को मिलेगा पहला हर्मीस-900 स्टारलाइनर ड्रोन



**नई दिल्ली, 11 मई (एजेंसियां)।** भारतीय सेना को पहला हर्मीस-900 स्टारलाइनर ड्रोन 18 जून को मिलेगा। इससे पाकिस्तान सीमा पर निगरानी क्षमता में इजाफा होगा। हर्मीस-900 को दृष्टि 10 ड्रोन नाम दिया गया है। अदाणी डिफेंस सिस्टम्स इसकी आपूर्ति सेना, नौसेना समेत भारतीय सेनाओं को कर रहा है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि भारतीय सेना के हासिल किए जाने वाले दो ड्रोनों में से पहला ड्रोन 18 जून को हैदराबाद में सौंपा जाएगा। यह आपूर्ति रक्षा मंत्रालय की ओर से बलों को दी गई आपातकालीन शक्तियों के तहत हस्ताक्षरित सौदे का हिस्सा है। सेना अपने भटिंडा बेस पर ड्रोन की तैनात करेगी जहां से वह पाकिस्तान के साथ लगती पूरी पश्चिमी सीमा पर नजर रख सकेगी।

अधिकारियों ने बताया कि पहला हर्मीस-900 इस साल जनवरी में भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। दूसरा ड्रोन सेना ले रही है। इसके अलावा, तीसरा अब नौसेना को आपूर्ति किया जाएगा और चौथा सेना को दिया जाएगा। भारतीय सेना ने आपातकालीन प्रावधानों के तहत फर्म से इनमें से दो ड्रोन के लिए ऑर्डर दिए हैं। इन प्रावधानों के अनुसार विक्रेताओं की ओर से आपूर्ति की जाने वाली प्रणालियां 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी होनी चाहिए और मेक इन इंडिया के तहत होनी चाहिए। भारतीय सेना पहले से ही हेरॉन मार्क 1 और मार्क 2 ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है। साथ ही उसने दृष्टि-10 या हर्मीस-900 ड्रोन के लिए भी ऑर्डर दिए गए हैं। ▶8पर

TIBCON CAPACITORS
It`s all about SAVING ENERGY AND MONEY

GARG
Garg Power Products Pvt. Ltd.
Cell: -91 99 12 4444 26
-91 99 48 1234 59

**मौसम हैदराबाद**

अधिकतम : 36°
न्यूनतम : 27°

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज आप आसानी से पैसे इकट्ठा कर सकते हैं– लोगों को दिए पुराने कर्ज़ वापिस मिल सकते हैं– या फिर किसी नयी परियोजना पर लगाने के लिए धन अर्जित कर सकते हैं। पारिवारिक उत्तरदायित्व में वृद्धि होगी, जो आपको मानसिक तनाव दे सकती है। काम पर लोगों के साथ मेलजोल में समझ और धैर्य से सावधानी बरतें। इस राशि के लोगों को आज अपने आप को समझने की जरुरत है। यदि आपको लगता है कि आप दुनिया की भीड़ में कहीं खो गये हैं तो अपने लिए वक्त निकालें और अपने व्यक्तित्व का आकलन करें।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आपका धन कहां खर्च हो रहा है इसपर आपको नजर बनाए रखने की जरुरत है नहीं तो आने वाले समय में आपको परेशानी हो सकती है। परिवार और बच्चों के साथ बिताया समय आपको फिर ऊर्जा से लबरेज़ कर देगा। हालाँकि वरिष्ठों से कुछ विरोध के स्वर सुनाई देंगे– लेकिन फिर भी आपको दिमाग़ ठण्डा रखने की ज़रूरत है। यात्रा और भ्रमण वग़ैरह न सिर्फ़ आनन्ददायक सिद्ध होंगे, बल्कि काफ़ी शिक्षाप्रद भी रहेंगे। आप और आपका जीवनसाथी मिलकर वैवाहिक जीवन की बेहतरीन यादें रचेंगे।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह**

दूसरों के सफलता को सराहकर आप उसका लुत्फ़ ले सकते हैं। ख़ास लोग ऐसी किसी भी योजना में रुपये लगाने के लिए तैयार होंगे, जिसमें संभावना नज़र आए और विशेष हो। प्यार में अपने अशिष्ट बर्ताव के लिए माफ़ी मांगें। आज किए गए निवेश काफ़ी फ़ायदेमन्द साबित होंगे अपने ज़बरदस्त आत्मविश्वास का फ़ायदा उठाएँ, बाहर निकलें और कुछ नए सम्पर्क व दोस्त बनाएँ। अगर आप और आपका जीवनसाथी खाने–पीने पर ज़्यादा ध्यान देंगे, तो सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

अगर आपका धन से जुड़ा कोई मामला कोर्ट–कचहरी में अटका था तो आज उसमें आपको विजय मिल सकती है और आपको धन लाभ हो सकता है। एक ख़ुशनुमा और बढ़िया शाम के लिए आपका घर मेहमानों से भर सकता है। ऐसे लोगों से साथ जुड़ें जो स्थापित हैं और भविष्य के रुझानों को समझने में आपकी मदद कर सकते हैं। आपका संगी आपसे सिर्फ कुछ समय चाहता है लेकिन आप उनको समय नहीं दे पाते जिससे वो खिन्न हो जाते हैं। आज उनकी यह खिन्नता स्पष्टता के साथ सामने आ सकती है। रोमानी नज़रिए से वैवाहिक जीवन के लिए अच्छा दिन है।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

धार्मिक भावनाओं के चलते आप किसी तीर्थस्थल की यात्रा करेंगे और किसी संत से कुछ दैवीय ज्ञान प्राप्त करेंगे। काम का तनाव आपके दिमाग़ पर छा सकता है जिसकी वजह से परिवार और मित्रों के लिए वक़्त नहीं निकाल सकेंगे। आज प्यार की कमी महसूस हो सकती है। कामकाज में आ रहे बदलावों के कारण आपको लाभ मिलेगा। घर के कामों को पूरा करने के बाद इस राशि की गृहणियां आज के दिन फुर्सत महसूस करेंगी। आपको एहसास होगा शाम का वक्त सुकून भरा हैं।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आप ख़ुद को बेहतर और आत्मविश्वास से भरा हुआ महसूस करेंगे। पारिवारिक सदस्यों की मदद आपकी ज़रूरतों का ख़याल रखेगी। आज आपका मन ऑफिस के काम में नहीं लगेगा। आज आपके मन में कोई दुविधा होगी जो आपको एकाग्र नहीं होने देगी। दिन उम्दा है, आज के दिन अपने लिए समय निकालें और अपनी कमियों और खुबियों पर गौर फर्माएं। इससे आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन आएंगे। जन्मदिन भूलने जैसी किसी छोटी–सी बात को लेकर जीवनसाथी से तक़रार मुमकिन है। लेकिन अन्ततः सब ठीक हो जाएगा।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

खाते–पीते वक़्त सावधान रहें। जिन लोगों को आप जानते हैं, उनके ज़रिए आपको आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे। परिवार की स्थिति आज वैसी नहीं रहेगी जैसा आप सोचते हैं। आज घर में किसी बात को लेकर कलह होने की संभावना है ऐसी स्थिति में खुद पर काबू रखें। प्यार का भरपूर लुत्फ़ मिल सकता है। कामकाज के मोर्चे पर आपकी कड़ी मेहनत ज़रूर रंग लाएगी। आप जिस प्रतियोगिता में भी क़दम रखेंगे, आपका प्रतिस्पर्धी स्वभाव आपको जीत दिलाने में सहयोग देगा। वैवाहिक सुख के दृष्टिकोण से आज आपको कुछ अनोखा उपहार मिल सकता है।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज अच्छी सेहत का मज़ा लेने से आप वंचित हो सकते हैं। आर्थिक तौर पर सिर्फ़ और सिर्फ़ एक स्रोत से ही लाभ मिलेगा। कुछ समय आप अपने शौक़ और अपने परिवार वालों की मदद में भी ख़र्च कर सकते हैं। आज अनुभवी लोगों से जुड़कर जानने की कोशिश करें कि उनका क्या कहना है। आज आपके पास खाली समय होगा और इस समय का इस्तेमाल आप ध्यान योग करने में कर सकते हैं। आपको आज मानसिक शांति का अहसास होगा। यह आपके पूरे वैवाहिक जीवन के सबसे ज़्यादा स्नेहपूर्ण दिनों में से एक हो सकता है।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

तनाव और चिंता में इज़ाफ़ा मुमकिन है। जिन लोगों ने किसी अनजान शख़्स की सलाह पर कहीं निवेश किया था आज उन्हें उस निवेश से फायदा होने की पूरी संभावना है। रिश्तेदारों के साथ अपने संबंधों को फिर तरोताज़ा करने का दिन है। बहादुरी भरे क़दम और फ़ैसले आपको अनुकूल पुरुस्कार देंगे। घर के छोटे सदस्यों को साथ लेकर आज आप किसी पार्क या शॉपिंग मॉल में जा सकते हैं। एक बढ़िया जीवनसाथी के साथ जीवन वाक़ई अद्भुत लगता है और आज आप इस बात का अनुभव कर सकते हैं।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

विवाहित दंपत्तियों को आज अपनी संतान की शिक्षा पर अच्छा खासा धन खर्च करना पड़ सकता है। नवयुवकों को स्कूल प्रोजेक्ट की बाबत कुछ राय लेने की ज़रूरत हो सकती है। बहुत ख़ूबसूरत और प्यारे इंसान से मिलने की प्रबल संभावना है। आपके मानवीय मूल्य और सकारात्मक रवैया करिअर के मोर्चे पर आपको सफलता दिलाएंगे। आंतरिक गुण जहाँ आपको संतोष देंगे, वहीं सकारात्मक सोच क़ामयाबी देगी। आपको अपने घर के छोटे सदस्यों के साथ वक्त बिताना सीखना चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो आप घर में सद्भाव बना पाने में कामयाब नहीं हो पाएंगे।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

दूसरों के साथ ख़ुशी बांटने से सेहत और खिलेगी। आज किसी करीबी से आपका झगड़ा हो सकता है और बात कोर्ट कचहरी तक जा सकती है। जिसकी वजह से आपका अच्छा खास धन खर्च हो सकता है। अगर आप कार्यक्षेत्र में बेहतर करना चाहते हैं तो अपने काम में आधुनिकता लाने की कोशिश करें। इसके साथ ही नई तकनीक से अपडेटेड रहें। दिन उम्दा है, आज के दिन अपने लिए समय निकालें और अपनी कमियों और खुबियों पर गौर फर्माएं। इससे आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन आएंगे। आपके और आपके जीवन साथी के बीच विश्वास की कमी रह सकती है। जिससे आज वैवाहिक जीवन में तनाव हो सकता है।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आज के दिन आपको अपने उन दोस्तों से बचकर रहने की जरुरत है जो आपसे उधार मांगते हैं और फिर उसे लौटाते नहीं हैं। आपकी भरपूर ऊर्जा और ज़बरदस्त उत्साह सकारात्मक परिणाम लाएंगे व घरेलू तनाव दूर करने में मददगार रहेंगे आपके प्रिय के साथ कुछ मतभेद उभर सकते हैं। आपका आत्मविश्वास आपकी पेशेवर ज़िंदगी में ख़ास असर छोड़ेगा। यह दूसरों को आपका नज़रिया समझाने और उनकी मदद हासिल करने में कारगर रहेगा। अगर आप लंबे समय से अपने जीवन में किसी रोचक चीज़ के होने का इंतज़ार कर रहे हैं, तो निश्चय ही आपको उसके संकेत दिखाई देने लगेंगे।

## रविवार का पंचांग

दिनांक : 12 मई 2024, रविवार
विक्रम संवत : 2081
मास : वैशाख, शुक्ल पक्ष
तिथि : पंचमी रात्रि 02:06 तक
नक्षत्र : आर्द्रा प्रातः 10:27 तक
योग : धृति प्रातः 08:33 तक
करण : बव दोपहर 02:00 तक
चन्द्रराशि : मिथुन
सूर्योदय : 05:45, सूर्यास्त 06:39 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 05:55, सूर्यास्त 06:37 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:46, सूर्यास्त 06:30 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:37, सूर्यास्त 06:30 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : श्री शंकराचार्य–रामानुजाचार्य–सूरदास जयंती

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# कांग्रेस पित्रोदा और अय्यर जैसे लोगों से अपने विभाजनकारी एजेंडे के लिए लेती है काम : तिवाड़ी

**जयपुर, 11 मई (एजेंसियां)।**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के बयान पर पलटवार करते हुए कहा हैं कांग्रेस सैम पित्रोदा और मणिशंकर अय्यर जैसे लोगों को अपने विभाजनकारी एजेंडे के लिए काम में लेती हैं वहीं श्री गहलोत घर के झगड़े का गुस्सा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयं सेवक (आरएसएस) के बारे में अनर्गल बयान देकर उतार रहे हैं।

श्री तिवाड़ी शनिवार को यहां भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए खास रणनीति के तहत श्री अय्यर और श्री पित्रोदा जैसे लोगों को अपना प्रमुख प्रवक्ता बनाया। ये प्रवक्ता भारत को तोड़ने और कमजोर करने वाले बयान देते हैं वहीं दूसरी और पाकिस्तान को मजबूत राष्ट्र बताकर भारत को ही धमकाने का काम करते हैं।

इन प्रवक्ताओं का मकसद विभाजनकारी ताकतों को प्रोत्साहित करके वोट बंटोरना है।

उन्होंने कहा कि इन नेताओं की मदद से कांग्रेस पाकिस्तान को मजबूत बताकर देश में अल्पसंख्यक वोट बैंक को मजबूत करती है। ये सब एक दिन में अचानक नहीं होता बल्कि ये एक सोची समझी



रणनीति के तहत किया जाता है। इसके बाद जैसे ही इन बयानों पर देश में विरोध होता है तो कांग्रेस खुद को इन बयानों से दूर रखकर किनारा कर लेती है। इन दोनों नेताओं का वक्तव्य कांग्रेस पार्टी की वास्तविकता का प्रदर्शन करते हैं।

उन्होंने कहा कि श्री गहलोत ने आरएसएस को लेकर जो व्यक्तव्य दिया वह उनकी हताशा और खुन्नस से ज्यादा कुछ भी नहीं है। आरएसएस देश में लोकमत परिष्कार का काम कर रही है और निः स्वार्थ भाव से किया गया यह काम अपने आप में बड़ा काम है। श्री तिवाड़ी ने कहा कि श्री गहलोत की यह खीज और हताशा साफ दर्शाती है कि उनका बेटा वैभव गहलोत चुनाव हार रहा है वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने श्री गहलोत को सम्मान नहीं दिया। जब वह रायबरेली कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नामांकन में जा रहे थे तो कांग्रेस ने उन्हें वापस बुलाकर अमेठी भेज दिया। खुद के घर के झगड़े का गुस्सा भाजपा और आरएसएस के बारे में अनर्गल बयान देकर उतार रहे हैं।

उन्होंने कहा कि श्री मोदी की गारंटी केवल एक व्यक्ति की गारंटी नहीं है बल्कि भाजपा के एक सामान्य कार्यकर्ता की गारंटी है। आज बूथ मैनेजमेंट के मामले में भाजपा का कोई सानी नहीं है। कांग्रेस पार्टी के लोगों ने पहले राउंड में अपनी पराजय पहले ही मान ली थी, इसलिए कांग्रेस पार्टी के लोग मतदान करने नहीं आए। कांग्रेस के पोलिंग बूथ खाली रहे, और भाजपा के प्रत्येक बूथ पर पूरा मतदान हुआ।

उन्होंने दावा करते हुए कहा कि चुनाव परिणाम आने पर तस्वीर साफ होगी और यह स्पष्ट है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा प्रचंड बहुमत से सत्ता में आएगी वहीं कांग्रेस पार्टी को लोकसभा में मान्यता प्राप्त विपक्षी दल जितनी सीटें भी नहीं मिलेंगी।

## चुनाव बाद प्रदेश कांग्रेस के कई नेताओं पर गाज गिरना तय




**जयपुर, 11 मई (एजेंसियां)।**
लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस नेताओं की फील्ड से गैरमौजूदगी को लेकर पार्टी सख्त एक्शन के मूड में है। मामले में प्रदेश कांग्रेस संगठन की तरफ से जिला संगठनों से जो रिपोर्ट मांगी गई थी वो मिल चुकी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का कहना है रिपोर्ट का एनालिसिस करने के बाद कार्रवाई की बात होगी।

राजस्थान में लोकसभा चुनावों के नतीजों के बाद कांग्रेस के जिला संगठनों के पदाधिकारियों में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। दरअसल लोकसभा चुनावों के दौरान राजस्थान में कांग्रेस प्रत्याशियों और विधायकों की तरफ से बड़ी संख्या में ऐसी शिकायतें आई थीं, जिसमें कांग्रेस की तरफ चुनावों में लगाए गए पदाधिकारियों के निष्क्रिय होने की बात कही गई थी।

चुनावों के दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने करीब 200 पदाधिकारी जिलों में तैनात किए थे, लेकिन इनमें से बहुत जगहों पर पदाधिकारी पहुंचे ही नहीं। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस की ओर से संगठन के सभी पदाधिकारियों को एक पत्र भेजा, जिसमें उनसे पूछा गया है कि लोकसभा चुनाव के दौरान आप कहां पर व्यस्त थे। लोकसभा चुनाव के दौरान पदाधिकारियों की सक्रियता की पूरी जानकारी मांगी गई है। इस पत्र में उनसे पूछा गया है कि वे चुनाव के दौरान कहां पर क्या काम कर रहे थे। अपने प्रभार वाले क्षेत्र में कितनी बार गए और कितनी मीटिंग ली गई थी। साथ ही क्षेत्र में प्रचार के दौरान किन–किन कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव के दौरान कहां सक्रिय रहे। इसके बारे में भी जानकारी मांगी गई है। जिला और प्रदेश स्तर पर आयोजित कितनी बैठकों में हिस्सा लिया गया। पत्र में यह भी पूछा गया है कि आपके अधीन कार्यरत पदाधिकारी और सदस्यों में सबसे ज्यादा एक्टिव कौन–कौन रहे। पदाधिकारियों से जानकारी कांग्रेस वॉर रूम की रिपोर्ट के बाद मांगी गई है, जो पदाधिकारी निष्क्रिय रहे।

## श्रीलंका के एक हजार दिव्यांगों को लगाए जाएंगे जयपुर फुट

**जयपुर, 11 मई (एजेंसियां)।**
श्रीलंका में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बीएमवीएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में श्रीलंका के एक हजार दिव्यांगों को कृत्रिम पैर जयपुर फुट लगाए जाएंगे। जयपुर स्थित बीएमवीएसएस के अनुसार दो महीने में श्रीलंका में कोलम्बों और वाबूनिया में शिविरों के माध्यम से इन विकलांगों को लाभान्वित किया जाएगा। इस शिविरों में जयपुर फुट के तकनीशियन विशेष रूप से श्रीलंकाई दिव्यांगों को निःशुल्क कृत्रिम पैर लगाकर चलने फिरने योग्य बनाएगें। इनमें आम नागरिक एवं सेना के लोगों को जयपुर फुट लगाये जायेंगे।



इस अवसर पर हाल में कोलम्बों में आयोजित उद्घाटन समारोह में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा, श्रीलंका के रक्षा राज्य मंत्री प्रेमिथा बन्दारा थेनाकून, रक्षा सचिव जनरल कमल गुनारत्ने, श्रीलंका के सेवाध्यक्ष बाइकूल लियानागे आदि मौजूद थे। समारोह में बीएमवीएसएस के कार्यकारी अध्यक्ष और अन्तर्राष्ट्रीय मामलें के निदेशक सतीश मेहता भी मौजूद थे। श्री सतीश मेहता ने कहा कि भारत सरकार और श्रीलंका आदर्श पड़ोसी राष्ट्र हैं और दोनों देशों के बीच मित्रता और सौहार्द का यह विकलांग पुर्नवास शिविर प्रतीक हैं। उच्चायुक्त संतोष झा ने कहा कि भारत सरकार और श्रीलंका के रिश्ते बहुत पुराने और ऐतिहासिक हैं और इससे पूर्व वर्ष 2011 में और वर्ष 2022 में कोलम्बो और जाफना में आयोजित किए गए शिविरों में 3100 से अधिक विकलांगों को जयपुर फुट लगाकर लाभान्वित किया गया।

उच्चायुक्त ने कहा कि जयपुर फुट की गुणवत्ता और इसकी उपयोगिता को देखते हुए और अधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए कोलम्बो और बाबूनिया के शिविरों का आयोजन किया गया हैं। श्रीलंका के रक्षा राज्य मंत्री प्रेमिथा बन्दारा थेनाकून ने भारत सरकार और बीएमवीएसएस के सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

बीएमवीएसएस के संस्थापक और मुख्य संरक्षक डी आर मेहता ने कहा कि वर्ष 2010 में बाबूनिया के शिविर में 1210, 2011 के जाफना शिविर में 1163, वर्ष 2022 के कोलम्बो शिविर में 509 और जाफना के शिविर में 249 लोगों को लाभान्वित किया गया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के सहयोग से श्रीलंका के तकनीशियनों को जयपुर में जयपुर फुट बनाने के लिए प्रशिक्षित किया। इस प्रशिक्षण का खर्च भारत सरकार ने उठाया। इससे अब श्रीलंका में जयपुर फुट केन्द्र की स्थापना की जा सकेगी और वहीं के तकनीशियनों द्वारा विकलांगों को लाभान्वित किया जा सकेगा।

## सैनी ने पंचकूला से की हर बूथ-हर घर संपर्क अभियान की शुरुआत



**पंचकूला, 11 मई (एजेंसियां)।**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दो दिवसीय हर बूथ- हर घर संपर्क अभियान की शुरुआत शनिवार को पंचकूला से की।

श्री सैनी ने पंचकूला में राजीव कॉलोनी के बूथ नंबर 132 से इस अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के तहत प्रदेश भर में मंत्रियों, सांसदों, विधायकों और पार्टी के पदाधिकारियों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संकल्प पत्र तथा प्रधानमंत्री मोदी के संदेश को लोगों तक पहुंचाया और तीसरी बार भी नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिये वोट देने की अपील की।

अभियान के पहले दिन पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर करनाल में घर–घर पहुंचे और लोगों से संपर्क किया। संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा रोहतक में बूथ नंबर 132-133 पर रहे। लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने टोहाना के बूथ नंबर 142, 143, 144 पर संपर्क अभियान चलाया। राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ बादली विधानसभा के बूथ नंबर 80, 81 पर रहे और भाजपा के संकल्प पत्र के साथ घर–घर पहुंचे।बूथ चलो अभियान के संयोजक वेदपाल एडवोकेट ने करनाल विधानसभा के रसपूलपुर गांव स्थित बूथ नंबर 46 पर जनसंपर्क अभियान किया। भाजपा के नेता दो दिवसीय बूथ चलो अभियान के तहत प्रदेश के 19 हजार 800 से भी अधिक बूथों के लाखों घरों के दरवाजों पर पहुंचेंगे और लोगों से संपर्क कर 25 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। पहले दिन ही हजारों बूथों पर पार्टी के पदाधिकारियों ने संपर्क अभियान चलाकर पार्टी की नीतियां बताई और विकास के नाम पर मोदी जी के लिए वोट की अपील की।

## पिता–पुत्र समेत तीन लोगों को लगा करंट, एक की मौत और दो झुलसे

**चरखी दादरी, 11 मई (एजेंसियां)।**
जिले के गांव मकड़ना में शुक्रवार रात को बाइक सवार पिता–पुत्र समेत तीन लोगों को करंट लग गया। इसमें युवक की मौत हो गई जबकि दो झुलस गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर डीएसपी व पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार गांव मकड़ानी निवासी 17 वर्षीय अंशु व उसका पिता रामबीर व ग्रामीण फूल कुमार बाइक लेकर रात को खेत में जा रहे थे। शुक्रवार रात को तेज आंधी आने से 11 केवी की बिजली लाइन का तार टूटकर रास्ते में गिरा हुआ था। जब वे बाइक



लेकर वहां से गुजरने लगे तो तार उनकी बाइक में उलझ गया। इसी दौरान वे नीचे गिर गए और तीनों को करंट लगा। इसमें अंशु की मौके पर ही मौत हो और रामबीर व फूल कुमार चपेट में आने झुलस गए।

बाद में राहगीरों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी और उन्होंने मौके पर पहुंचकर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर शनिवार को डीएसपी व पुलिस टीम ने मौका मुआयाना किया और शव को कब्जे में लेने की कोशिश की। लेकिन अंशु की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने शव को उठाने से रोक दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। फिलहाल फूल कुमार व रामबीर का सिविल अस्पताल में उपचार जारी है। इस घटना से रुष्ट ग्रामीणों के समाचार लिखे जाने तक एनएच 152 पर जाम लगाने की जानकारी भी मिली है।

## सिपाही हत्याकांड: शव लेकर लघु सचिवालय पहुंचे ग्रामीण, किया हंगामा



**झज्जर, 11 मई (एजेंसियां)।**
जिले के सुलौधा गांव में उधारी कोल्ड ड्रिंक न देने पर घर में घुसकर व रेवाड़ी सेक्टर–4 थाने में तैनात सिपाही राजपाल की हत्या मामले में शनिवार को ग्रामीण एंबुलेंस में शव को लेकर लघु सचिवालय पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के बाद ग्रामीण सीधे लघु सचिवालय आए और आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तक शव यहीं रखने की चेतावनी दी।सूचना पाकर एसीपी शमशेर सिंह व पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और उनको समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण नहीं माने। बहुत समझाने के बाद ग्रामीणा चेतावनी देते हुए मान गए। लगभग दो घंटे लघु सचिवालय में जमकर हंगामा हुआ। कई बार पुलिस व ग्रामीणों के बीच बहस भी हुई। ग्रामीणों ने शव रखने के लिए बर्फ की सिल्ली तक मंगवा ली, लेकिन अन्य ग्रामीणों के समझाने पर परिजन मान गए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि पुलिस प्रशासन ने पांच दिन में कार्रवाई नहीं की तो वह कड़ा कदम उठाने को मजबूर होंगे।

इसके बाद ग्रामीण एंबुलेंस में रखे शव को लेकर वापस चले गए, जहां गांव में शव का अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले शुक्रवार को ग्रामीण राजपाल के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर लघु सचिवालय आए थे। उस समय भी एसीपी शमशेर सिंह ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन शनिवार तक भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर ग्रामीण रोहतक से सीधा शव एंबुलेंस में लेकर लघु सचिवालय पहुंच गए और एंबुलेंस के आगे जमीन पर बैठ गए। ग्रामीणों ने आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले में आरोपियों के परिवार के दो सदस्यों को हिरासत में लिया गया है जो कि नाकाफी है। मुख्य आरोपी अभी भी बाहर खुलेआम घूम रहे हैं। उनको जल्द गिरफ्तार किया जाए। ग्रामीणों ने शव को रखने के लिए बर्फ की तीन सिल्ली भी लघु सचिवालय में मंगवाई। शव को बर्फ में रखने की तैयारी भी शुरू कर दी थी।

# 15 मई को मनाया जाएगा मां बगलामुखी प्रकटोत्सव

हर साल वैशाख मास में पड़ने वाली शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर बगलामुखी जयंती मनाई जाती है। मान्यता है कि जो लोग सच्चे मन से देवी बगलामुखी की आराधना करते हैं, उन्हें जीवन में कभी भी किसी तरह की समस्या नहीं होती है। सनातन धर्म में देवी बगलामुखी की पूजा का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, जो भी भक्त सच्चे मन से मां बगलामुखी की आराधना करता है, उसके जीवन में आ रही सभी परेशानियां देवी हर लेती हैं। इसके अलावा देवी की पूजा खासतौर पर कोर्ट-कचहरी और शत्रुओं से छुटकारा पाने के लिए की जाती है। देवी को बगलामुखी, पीताम्बरा, बगला, वल्गामुखी, वगलामुखी, ब्रह्मास्त्र विद्या आदि नामों से भी जाना जाता है। माँ बागलमुखी मंत्र कुंडलिनी के स्वाधिष्ठान चक्र को जागृति में सहायता करतीं हैं। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार, हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि के दिन बगलामुखी जयंती मनाई जाती है। बगलामुखी जयंती को मां बगलामुखी प्रकटोत्सव के नाम से भी जाना जाता है। इस साल 15 मई 2024 को बगलामुखी जयंती मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यता के अनुसार, मां बगलामुखी की पूजा दस महाविद्या के रूप में भी की जाती है। इसी वजह से देश के कई राज्यों में इन्हें बुद्धि की देवी के नाम से जाना जाता है। हालांकि कुछ लोग मां बगलामुखी की पूजा पीताम्बरा देवी के रूप में भी करते हैं। मां बगलामुखी के नाम का अर्थ है, जीभ पर कड़ी पकड़ होना और एक ऐसा व्यक्ति जो कभी भी किसी का भी दिमाग कंट्रोल कर सके। मां बगलामुखी को पीला रंग अति प्रिय है। बगलामुखी जयंती के दिन मां को पीले रंग के कपड़े, फूल या मिठाई अर्पित करना शुभ होता है।



देवी बगलामुखी का सिंहासन रत्नों से जड़ा हुआ है और उसी पर सवार होकर देवी शत्रुओं का नाश करती हैं। देवी बगलामुखी दसमहाविद्या में आठवीं महाविद्या हैं यह स्तम्भन की देवी हैं। संपूर्ण ब्रह्माण्ड की शक्ति का समावेश हैं माता शत्रुनाश, वाकसिद्धि, वाद विवाद में विजय के लिए इनकी उपासना की जाती है। इनकी उपासना से शत्रुओं का नाश होता है तथा भक्त का जीवन हर प्रकार की बाधा से मुक्त हो जाता है। कहा जाता है कि देवी के सच्चे भक्त को तीनों लोक मे अजेय है, वह जीवन के हर क्षेत्र में सफलता पाता है।

बताया कि मान्यता है कि एक बार भारी बाढ़ आई थी जिसके परिणामस्वरूप पृथ्वी का पूर्ण विनाश हुआ था। सभी जीवित प्राणी और पूरी सृष्टि दांव पर थी। देवताओं ने तब भगवान शिव से सहायता मांगी। देवता ने सुझाव दिया कि केवल देवी शक्ति में ही तूफान को शांत करने की शक्ति है। पृथ्वी को पीड़ा से बचाने के लिए देवी बगलामुखी हरिद्रा सरोवर से निकलीं और उन सभी को बचाया। उस दिन के बाद से, देवी बगलामुखी को विपत्तियों और बुराइयों से राहत पाने के लिए पूजा जाता है।

बताया कि हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, यह माना जाता है कि जो भक्त देवी बगलामुखी की पूजा करते हैं, वे अपने शत्रुओं पर सम्पूर्ण नियंत्रण पा कर उनसेस छुटकारा पा लेते हैं।देवी व्यक्ति को उसकी भावनाओं और व्यवहार पर नियंत्रण की भावना भी प्रदान करती है अर्थात् क्रोध, मन के आवेग, जीभ और खाने की आदतों पर। आत्म-साक्षात्कार और योग की प्रक्रिया में, इस तरह के नियंत्रण की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। यह भी माना जाता है कि देवी की पूजा करने से, खुद को काले जादू और अन्य गैर-घटनाओं से बचा सकते हैं। व्यक्ति दूसरों को सम्मोहित करने के लिए शक्तियों को प्राप्त करने के लिए भी देवता की पूजा करते हैं।किसी कानूनी समस्या से मुक्त होने के लिए भी देवता की पूजा की जाती है। जो भक्तिपूर्वक देवी की आराधना करता है, वह प्रभुत्व, वर्चस्व और शक्ति से परिपूर्ण हो जाता है।

## शुभ मुहूर्त

बगलामुखी जयंती के दिन देवी की पूजा के दो शुभ मुहूर्त हैं। 15 मई को ब्रह्म मुहूर्त का आरंभ प्रात: काल 04:13 मिनट से हो रहा है, जिसका समापन सुबह 05:01 मिनट पर होगा। वहीं सर्वार्थ सिद्धि योग का आरंभ 14 मई 2024 को दोपहर 01: 05 मिनट से हो रहा है, जिसका समापन अगले दिन 15 मई को प्रात: काल 05: 49 मिनट पर होगा। इन दोनों ही शुभ मुहूर्त में आप मां बगलामुखी की उपासना कर सकते हैं।

## मां बगलामुखी दिलाती हैं शत्रुओं पर विजय

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि मान्यता के अनुसार, मां बगलामुखी अपने भक्तों के मन से भय को दूर कर शत्रुओं पर विजय दिलाती है। साथ ही मुकदमे में जीत हासिल करने के लिए मां बगलामुखी की उपासना अचूक मानी जाती है और यहीं नहीं मां बगलामुखी बुरी शक्तियों का नाश करने वाली कही जाती है। मां बगलामुखी की पूजा करने से भक्त भयंकर रोगों पर विजय प्राप्त करता है। मां बगलामुखी की कृपा से भक्त की सभी प्रकार की समस्याएं और बाधाएं नष्ट हो जाती हैं। जीवन आनंद और सुखमय होता है। दरिद्रता नाश के लिये माँ बगलामुखी की उपासना की जाती हैं।

## मां बगलामुखी का मंत्र जाप

**ऊँ ह्लीं बगलामुखी सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तंभय, जिह्ववां कीलय, बुद्धि विनाशय, ह्लीं ॐ स्वाहा**

इस मंत्र का जाप कम से कम 108 बार करने से माना जाता है कि मां बगलामुखी प्रसन्न होती हैं और अपने भक्तों को सभी दुख और बाधाओं से मुक्त करती हैं.

## पूजा विधि

मां बगलामुखी की पूजा के लिए इस दिन प्रात: काल उठकर स्नानादि से निवृत्त होकर, पीले वस्त्र धारण कर लें। ध्यान रहे साधना अकेले में, मंदिर या किसी सिद्ध पुरुष के साथ ही बैठकर करें। देवी की पूजा करने के लिए पूर्व दिशा की ओर मुख करके बैठें। उसी दिशा में चौकी पर पीला वस्त्र बिछाकर माता बगलामुखी की फोटो या मूर्ति स्थापित करें। देवी के पास स्वच्छ जल से भरा एक कलश स्थापित करें। अब दीप प्रज्जवलित करें और हाथ में पीले चावल, पीले फूल, हरिद्रा और दक्षिणा लेकर संकल्प करें। संकल्प के बाद आचमन करके हाथ धोएं और आसन पवित्रीकरण करें। अब, देवी मां को सिंदूर, रोली, पान, धूप, चावल, बेलपत्र, गंध, नैवेद्य आदि अर्पित करें। इसके बाद माता की आरती उतारें और अंत में लोगों के बीच प्रसाद वितरण करें।पीले फूल और नारियल चढाने से देवी प्रसन्न होती हैं। देवी को पीली हल्दी के ढेर पर दीप-दान करें, देवी की मूर्ति पर पीला वस्त्र चढाने से बड़ी से बड़ी बाधा भी नष्ट होती हैं।



डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

# 15 मई को वृषभ राशि में प्रवेश करेंगे सूर्य

## 30 दिनों तक वृषभ राशि में रहेंगे ग्रहों के राजा सूर्य

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, हर ग्रह के राशि परिवर्तन से हर राशि के जातकों के जीवन पर सकारात्मक या फिर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसी तरह सूर्य के गोचर होने से भी कुछ राशियों को अपार लाभ मिलेगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इन दिनों सूर्य मेष राशि में गोचर कर रहे हैं। इसके साथ ही 15 मई को मेष राशि से निकलकर वृषभ राशि में प्रवेश कर जाएंगे। सूर्य के इस गोचर से कुछ राशियों को विशेष लाभ मिलेगा। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि 15 मई को सूर्य 17:52 मिनट में मेष राशि से निकलकर वृषभ राशि में प्रवेश कर जाएंगे। इसके साथ वृषभ राशि में पूरे एक माह यानी 15 जून तक रहेंगे। सूर्य के इस गोचर से 6 राशियों पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ेगा। ज्योतिष में सूर्य को तेज, मान-सम्मान और यश, उच्च पद-प्रतिष्ठा, आदि का कारक ग्रह माना जाता है। ज्योतिष के अनुसार सूर्य का राशि परिवर्तन एक महत्वपूर्ण घटना मानी जाती है। जिसका प्रभाव सभी राशि के जातकों पर पड़ता है। सिंह राशि के स्वामी सूर्य तुला राशि में नीचराशि तथा मेष राशि में उच्चराशिगत संज्ञक माने गए हैं। उच्च भाव में ग्रह अधिक मजबूत और बलशाली होते हैं। जबकि नीच राशि में ये कमजोर हो जाते हैं। सेहत के नजरिये से भी महत्वपूर्ण सूर्य को जल चढ़ाना सेहत के लिए भी फायदेमंद है। उगते हुए सूर्य को चल चढ़ाने से शरीर को विटामिन डी की भरपूर मात्रा में मिलता है। सूर्य की किरणें शरीर में मौजूद बैक्टीरिया को दूर कर निरोगी बनाने का काम करती हैं। इससे शरीर स्वस्थ रहता है। इंसान का शरीर पंच तत्वों से बना होता है। इनमें एक तत्व अग्नि भी है। सूर्य को अग्नि का कारक माना गया है। इसलिए सुबह सूर्य को जल चढ़ाने से उसकी किरणें पूरे शरीर पर पड़ती हैं। इससे हार्ट, स्कीन, आंखें, लिवर और दिमाग जैसे सभी अंग सक्रिय हो जाते हैं। शरीर के ऊर्जा चक्र को सक्रिय करने में मददगार ज्योतिष ग्रंथों में भी सूर्य को आत्मा का कारक माना गया है। इसलिए सुबह जल्दी उठकर सूर्य देव के दर्शन से मन प्रसन्न होता है। इससे सकारात्मक रहने और अच्छे काम करने की प्रेरणा मिलती है। सूर्य पूजा से शरीर में स्फूर्ति भी आती है। उगते हुए सूर्य की किरणें हमारी आंखों के लिए अच्छी होती है। ये हमारे शरीर के ऊर्जा चक्र को सक्रिय करने में भी मदद करती हैं। सूर्य को जल चढ़ाने से मन में अच्छे विचार आते हैं, जिससे प्रसन्नता महसूस होती है। इससे सोचने-समझने की शक्ति भी बढ़ती है। ये व्यक्ति की इच्छाशक्ति को मजबूत करने का भी काम करता है।

### सूर्य का शुभ - अशुभ प्रभाव

सूर्य के शुभ प्रभाव से जॉब और बिजनेस में तरक्की के योग बनते हैं और लीडरशीप करने का मौका भी मिलता है। ज्योतिष में सूर्य को आत्माकारक ग्रह कहा गया है। इसके प्रभाव से आत्मविश्वास बढ़ता है। पिता, अधिकारी और शासकिय मामलों में सफलता भी सूर्य के शुभ प्रभाव से मिलती है। वहीं सूर्य का अशुभ प्रभाव असफलता देता है। जिसके कारण कामकाज में रुकावटें और परेशानियां बढ़ती हैं। धन हानि और स्थान परिवर्तन भी सूर्य के कारण होता है। सूर्य के अशुभ प्रभाव से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी होती है।

### देश-दुनिया में बड़े बदलाव

16 मई से 15 जून तक दुनिया भर में प्राकृतिक आपदा अधिक रहेगी। भारत में भी हिंसा हो सकती है। दुनिया भर में धार्मिक आस्था के कारण लोग सड़क पर होंगे। इस साल मुंबई में भारी बारिश होने की संभावना अधिक रहेगी। मोदी सरकार में मंत्रिमंडल में कई चौंकाने वाले नाम होंगे और जून जुलाई का समय थोड़ा कठिन रहेगा स्वास्थ्य समस्याओं के कारण मोदी की यात्रा में थोड़ा बदलाव होगा।

मोदी की सभी जगह प्रशंसा और प्रसिद्धि होगी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनेगी। रियल स्टेट के कारोबार में वृद्धि होगी। विदेशों में राजनीतिक उठापटक सत्ता परिवर्तन इत्यादि होने की संभावना। भारतीय बाजारों में अचानक तेजी आएगी और व्यापार बढ़ेगा। अचानक किसी वस्तु के दाम बढ़ेंगे और बाजार से वह वस्तु गायब होगी। प्राकृतिक आपदा के साथ अग्नि कांड भूकंप गैस दुर्घटना वायुयान दुर्घटना होने की संभावना। होटल रेस्टोरेंट वालों के लिए बहुत ही अच्छा समय होगा। सांस्कृतिक



रूप से कोई कोई विवाद या उत्तल पुथल होने की संभावना।

### उपाय

भगवान श्री विष्णु की उपासना करें। बंदर, पहाड़ी गाय या कपिला गाय को भोजन कराएं। रोज उगते सूर्य को अर्घ्य देना शुरू करें। रविवार के दिन उपवास रखे। रोज गुढ़ या मिश्री खाकर पानी पीकर ही घर से निकलें । जन्मदाता पिता का सम्मान करें, प्रतिदिन उनके चरण छुकर आशीर्वाद लें । भगवान सूर्य की स्तुति आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करें ।

### सूर्य के वृषभ राशि में जाने पर सभी राशियों पर क्या होगा प्रभाव।

#### मेष राशि

अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना होगा, वरना पारिवारिक संबंध खराब होंगे। हालांकि धन स्थान में गोचर होने के कारण इनके लिए धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन में मनमुटाव, तनाव पैदा होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

#### वृषभ राशि

स्वभाव में क्रोध की अधिकता होगी। किसी प्रकार का पुराना रोग उभरने की आशंका है, इसलिए स्वास्थ्यगत लक्षणों पर बारीकी से नजर बनाए रखें। इस राशि के जो लोग नौकरी की तलाश में हैं उनकी इच्छा पूरी होगी।

#### मिथुन राशि

पारिवारिक जीवन के लिए यह समय ज्यादा ठीक नहीं कहा जा सकता। जीवनसाथी की बीमारी पर खर्च करना होगा। यात्रा के दौरान सावधानी रखें। इस राशि के विद्यार्थियों को सफलता मिलेगी।

#### कर्क राशि

पारिवारिक और सामाजिक जीवन में प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतानपक्ष की ओर से कोई सुखद समाचार प्राप्त होगा। नौकरीपेशा लोगों को तरक्की, पदोन्ति मिलने के योग हैं। अपनी कमाई से मकान, भूमि, वाहन खरीदने के योग बनेंगे। प्रेम संबंधों में गर्माहट आएगी।

#### सिंह राशि

आलस्य का त्याग करें और परिवार की सलाह जरूर लें। नौकरी में तरक्की, व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। बेरोजगारों को अच्छा जॉब मिल सकता है। अविवाहितों के विवाह की बात बन जाएगी। नए प्रेम संबंध प्राप्त होंगे।

#### कन्या राशि

रोगों से मुक्ति भी मिलने वाली है। इस राशि वालों को एक बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि किसी प्रकार का गलत कार्य, चोरी, झूठ बोलना या विवाहेत्तर संबंधों से बचें वरना प्रतिष्ठा धूमिल होते देर नहीं लगेगी।

#### तुला राशि

वाहन से दुर्घटना चोट लगने की आशंका है। निवेश किया गया पैसा डूब सकता है। दांपत्य जीवन में कड़वाहट आ सकती है। प्रेम संबंधों में धोखा मिल सकता है। हालांकि इन्हें इस बात से खुश हो जाना चाहिए कि सूर्य के इस गोचर के अंतिम सात दिनों में इन्हें कोई बड़ा लाभ मिल सकता है।

#### वृश्चिक राशि

विद्यार्थियों को कोई बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। जिन लोगों के विवाह में रूकावट आ रही है वह दूर होगी। भौतिक सुख सुविधाएं प्राप्त होंगी लेकिन इसमें जीवनसाथी का सहयोग आवश्यक रहेगा।

#### धनु राशि

कोर्ट कचहरी के मामलों में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य की दृष्टि से यह गोचर ठीक नहीं कहा जा सकता। बाहरी खान-पान का ध्यान रखें। अधिक मात्रा में भोजन करना दुखदायी हो सकता है।

#### मकर राशि

जीवनसाथी के साथ किसी बात पर मनमुटाव हो सकता है। स्वास्थ्य की दृष्टि से सूर्य का गोचर मकर राशि वालों के लिए बेहतर रहेगा। पुराने रोगों से मुक्ति मिलेगी। बीमारियों पर हो रहा खर्च बंद होगा।

#### कुंभ राशि

भौतिक सुख-सुविधाएं, संपत्ति, वाहन सुख प्राप्त होगा। जो लोग कोई नया कार्य प्रारंभ करना है तो वक्त अच्छा है, कार्य शुरू कर सकते हैं। पार्टनरशिप में भी कार्य प्रारंभ किया जा सकता है। जो लोग जॉब बदलना चाहते हैं वे बदलाव कर सकते हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से वक्त सुधार का है।

#### मीन राशि

दंपतियों के बीच मनमुटाव चल रहा है उनके मतभेद दूर होंगे और फिर से अच्छे सुखद वैवाहिक जीवन का आनंद ले सकेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। स्वास्थ्य के लिहाल से समय बेहतरी का है। रोगों पर होने वाला खर्च कम होगा।

# महाकाल का अनोखा भक्त! अमेरिकन डायमंड जड़ित मुकुट किया दान

## श्री वैकंटेश्वर स्वरूप में किया श्रृंगार



विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की नगरी में प्रतिदिन लाखों के संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन लगा रहता है।

वहीं भगवान महाकालेश्वर के दर्शन और पूजन के साथ ही भक्त यहां पर अलग-अलग तरह का चढ़ावा भी भगवान महाकाल को चढ़ाते हैं। गुरुवार को भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला एक भक्त ने महाकाल को अमेरिकन डायमंड से जड़ा मुकुट दान किया।

महाकाल के भक्त कृष्ण वर्मा दानदाता ने बताया कि वे भगवान महाकालेश्वर के भक्त है और स्वयं ही बाबा महाकाल के लिए कई प्रकार की श्रृंगार सामग्री इंदौर निवासी राजवीर सोनी के साथ मिलकर तैयार करते है।

इस बार उन्होंने अमेरिकन डायमंड से करीब एक महीने में भगवान बैंकटेश्वर की तरह मुकुट और श्रृंगार सामग्री तैयार की है।

बाबा महाकाल के भक्त देश ही नहीं विदेशों मे भी है। ऐसा ही एक भक्त जो की धार निवासी है।

उन्होंने भगवान महाकाल के भक्त कृष्णा वर्मा ने अमेरिकन डायमंड से तैयार किया गया मुकुट और श्रृंगार सामग्री मंदिर के आकाश राजेश शर्मा गुरू की प्रेरणा से भगवान महाकाल को अर्पित की है।

# मंदिर से प्रसाद के रूप में मिले हैं भगवान पर चढ़े फूल? घर लाकर क्या करें इनका

जब हम भगवान के मंदिर जाते हैं तो हमें भगवान के आर्शीवाद के रूप में मंदिर के पुजारी उन पर अर्पित फूलों को देते हैं. ये फूल हम घर लेकर आते हैं और कुछ ही दिनों में इनके सुख जाने पर इन्हें किसी भी स्थान पर रख देते हैं. धार्मिक मान्यता है कि ऐसा करने से अशुभ परिणाम मिल सकते हैं. अगर आप मंदिर जाते हैं और वहां से फूलों को लेकर आते हैं तो इनके सूख जाने के बाद आपको पता होना चाहिए कि इनका सही स्थान क्या है. कई लोग फूलों के सूख जाने के बाद इसे घर के कचरे में डाल देते है. ऐसा करने से इसका विपरीत प्रभाव पड़ने लगता है. इन फूलों का क्या करें? आइए जानते हैं



### क्या करें मंदिर से मिले फूलों का?

अपने घर की तिजोरी में रखें

अगर आप भगवान के फूल प्रसाद के रूप में घर लाते हैं तो इन्हें अपने घर की तिजोरी में लाल कपड़े में रखें. ऐसा करने से धन वृद्धि होती है. इसके साथ ही फूल शुभता का प्रतीक माने जाते हैं, जो घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं.

### मंदिर से मिले फूलों को करें जल में विसर्जित

अगर आप मंदिर से लाएं फूलों को घर में नहीं ले जाते हैं तो इसे जल में विसर्जित कर दें. इससे भगवान पर चढ़ें फूलों का अपमान नहीं होगा. जब भी आप फूलों को जल में प्रवाहित करते हैं तो यह शुभ होता है क्योंकि इसे पुष्पांजलि के रूप में माना जाता है.


### फूलों से बनाएं खाद

भगवान पर चढ़े फूलों को आप यहां-वहां न फेंके. इससे बुरे परिणाम मिल सकते हैं क्योंकि ये फूल आपको मंदिर से प्रसाद के रूप में मिले हैं. इनके सूख जाने के बाद आप इसे अपने घर के बगीचे या किसी गमले में दबाकर रख सकते हैं. यह खाद की तरह कार्य करेगा. भगवान पर चढ़ाए फूलों की खाद शनि की परिवर्तनकारी ऊर्जा है. इसके साथ ही जब आप इसका इस्तेमाल घर के बगीचे में करते हैं तो इससे शनि देव की कृपा मिलती है.

### मंदिर के फूलों को पेड़ के पास रखें

मंदिर से मिले फूलों को आप किसी पेड़ के नीचे भी रख सकते हैं. ये पेड़ पीपल, बरगद का भी हो सकता है. बस आपको इस बात का ख्याल रखना है कि पेड़ों के पास सफाई हो, गंदगी में इन फूलों को न रखें. ऐसा करने से फूलों को सही स्थान भी मिल जाएगा और उनका अपमान भी नहीं होगा.

# जाह्नवी कपूर ने थाई-हाई स्लिट गोल्डन स्कर्ट पहन फ्लॉन्ट किया कर्व्स




## हॉट तस्वीरें सोशल मीडिया पर हुई वायरल

बी-टाउन की खूबसूरत हसीना जाह्नवी कपूर अपने फैशन स्टेटमेंट्स और बोल्ड लुक्स के कारण चर्चाओं में बनी रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही बवाल मचा देता है। हाल ही में एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस आहें भरते हुए नजर आ रहे हैंएक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने हाल ही में अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉटनेस भरा अंदाज देखकर लोग दीवाने हो गए हैं।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने बेहद ही रिवीलिंग आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक कातिलाना पोज देती हुई नजर आ रही हैं।जाह्नवी कपूर जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।इन तस्वीरों एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा- ये क्या बवाल है वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है सो ब्यूटिफुल। फिर अन्य यूजर ने लिखा है- इतनी खूबसूरत, तीसरे यूजर ने लिखा यू लुक लाइक क्वीन।बता दें एक्ट्रेस ट्रेडिशनल हो या फिर वेस्टर्न अपने हर लुक में कहर ढाती हैं। उनका हर एक लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है। साथ ही लोग उन्हें फॉलो भी करते हैं।जाह्नवी कपूर अपनी ग्लैमरस अदाओं से फैंस का ध्यान खींचना अच्छे से जानती हैं। और उनका हर एक अंदाज इंटरनेट पर बवाल मचा देता है।एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। और आए दिन अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं।

# विजय देवराकोंडा के फैंस को एक और बड़ा तोहफा, हुआ नई पीरियड फिल्म का ऐलान

अर्जुन रेड्डी स्टार विजय देवराकोंडा के 35वां बर्थडे के मौके पर एक्टर की दूसरी फिल्म वीडी 14 का ऐलान हुआ है । मैत्री मूवी मेकर्स ने एक्टर को बर्थडे विश कर उनके फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। मेकर्स ने बीती 8 मई को एलान किया था कि वह 9 मई को एक्टर के फैंस को बड़ा तोहफा देंगे। वहीं, मेकर्स ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर एक्टर की नई फिल्म का एलान किया है। साथ ही एक पोस्टर भी छोड़ा है। इसके साथ ही फिल्म से जुड़ी अहम जानकारी भी शेयर की है।मैत्री मूवी मेकर्स ने विजय देवराकोंडा की नई फिल्म वीडी14 से एक पोस्टर शेयर कर लिखा है, महानता लिखी नहीं जाती है, बल्कि हीरो उसे लेकर पैदा होता है, पेश है, वीडी14 द लीजेंड ऑफ द कर्स्ड लैंड, विजय देवराकोंडा को जन्मदिन मुबारक, फिल्म को राहुल संकृतियन डायरेक्ट करेंगे और फिल्म के






प्रोड्यूसर मैत्री मूवी मेकर्स। बता दें, यह एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जो 1858 से 1878 तक के पीरीयड पर बेस्ड होगी, जैसा कि इसके पोस्टर में यही दिखाया गया है।बता दें, इससे पहले रवि किरण कोल्ला और श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस ने एक्टर के साथ अपनी नई फिल्म का एलान कर दिया है। इस फिल्म का नाम राउडी जर्नादन बताया जा रहा है।फिल्म को रवि किरण डायरेक्ट करेंगे।

# सच्चाई और प्यार की हमेशा जीत होती है : सुम्बुल



सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो काव्या एक जज़्बा एक जुनून की अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर खान का कहना है कि जब प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, तो सच्चाई और प्यार की हमेशा जीत होती है।

शो काव्या - एक जज़्बा, एक जुनून में अधिराज प्रधान (मिश्कत वर्मा) झूठे आरोपों के दुर्भावनापूर्ण जाल में घिरा है, लेकिन अधिराज की पत्नी काव्या (सुम्बुल तौकीर खान) इस चुनौती का सामना करती है और अपने नाम पर लगे आरोपों को दूर करने और सत्य को उजागर करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। आगामी सप्ताह एक मनोरंजक कोर्ट रूम ड्रामा देखने को मिलेगा, जिसमें अधिराज की मां, मालिनी प्रधान और काव्या अधिराज की बेगुनाही साबित करने के लिए मिल जाती हैं।सुम्बुल तौकीर खान ने कहा,मुझे सच में विश्वास है कि जब प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, तो सच्चाई और प्यार की हमेशा जीत होती है, और जब न्याय मांगने की बात आती है, तो कोई पीछे नहीं हटता। जो सही है उसके लिए लड़ने के लिए आपको वह सब करना चाहिए जो करना आवश्यक है।


## मनोज वाजपेयी की फिल्म भैया जी का नया ट्रेलर रिलीज




बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी की आने वाली फिल्म भैया जी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है।

भैया जी, मनोज बाजपेयी के करियर की 100वीं फिल्म है। 'भैया जी' का नया ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है।ट्रेलर की शुरूआत में फिल्म का एक किरदार बार-बार पूछता है कि भैया जी कौन है? बार-बार पूछने पर भी जब उसे जवाब नहीं मिलता तो वह एक बार फिर चिल्लाकर पूछता है।इसके जवाब में दूसरा किरदार कहता है कि पॉलिटिक्स की बात करें को सत्ता पक्ष को विपक्ष और विपक्ष को सत्ता पक्ष करने के मास्टरमाइंड भैया जी। उनके फावड़े ने हजारों कुकर्मियों को संसार से मुक्त किया है। एक समय था, जब कुकर्मी मात्र उनकी कहानियां सुनकर कुकर्म त्याग देता था। उस समय सरकार भी वही थे, प्रजा भी वही थे, क्राइम भी वही थे, कानून भी वही थे।भैया जी, रॉबिन हुड नहीं हैं वो उसका बाप है।

# फ़िल्म श्रीकांत - आ रहा है सबकी आखें खोलने का गाना जीना सिखा दे रिलीज



बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आने वाली फिल्म श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने का गाना जीना सिखा दे रिलीज हो गया है।

गुलशन कुमार और टी-सीरीज़ फिल्म्स प्रस्तुत और चॉक एन चीज़ फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने'में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर 10 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है।इस फिल्म का गाना जीना सिखा देरिलीज हो गया है। गाना 'जीना सिखा दे' को अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज़ दी है। अरिजीत सिंह द्वारा स्वरबद्ध किये गए इस गाने को वेद शर्मा द्वारा संगीतबद्ध किया गया है।कुणाल वर्मा ने गाने को लिखा है। यह दिल को छू लेने वाला ट्रैक राजकुमार राव के किरदार श्रीकांत और अलाया एफ के किरदार स्वाति के बीच के निस्वार्थ प्रेम को खूबसूरती से दर्शाता है।फिल्म श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने' उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है, जिन्होंने अपनी दृश्यहीनता को अपने सपनों पर हावी नहीं होने दिया और बोलेंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की।फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव के अलावाा अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर की भी अहम भूमिका है।

## 77वें कान्स फिल्म महोत्सव में भारत पर्व मनाया जाएगा

कान्स फिल्म महोत्सव में यह भारत के लिए एक विशेष वर्ष है क्योंकि देश इस प्रतिष्ठित महोत्सव के 77वें संस्करण के लिए तैयार है।

यह पहली बार होगा कि भारत 77वें कान्स फिल्म महोत्सव में भारत पर्व की मेजबानी करेगा , जिसमें महोत्सव में भाग लेने वाले दुनिया भर के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति और प्रतिनिधि, फिल्मी हस्तियों, फिल्म निर्माताओं, निर्देशकों, निर्माताओं के साथ जुड़ सकेंगे। 20-28 नवंबर, 2024 को गोवा में आयोजित होने वाले 55वें भारत अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के आधिकारिक पोस्टर और ट्रेलर का अनावरण भारत पर्व पर किया जाएगा। भारत पर्व में 55वें आईएफएफआई के साथ आयोजित होने वाले प्रथम विश्व ऑडियो-विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) के लिए सेव द डेट का विमोचन भी होगा।

## हीरामंडी में इंटीमेट सीन की वजह से इस परेशानी का शिकार हुई श्रुति शर्मा, एक्ट्रेस ने सुनाई आपबीती

एक्ट्रेस श्रुति शर्मा ने हीरामंडी: द डायमंड बाज़ार में साइमा के किरदार से लाखों दिल जीत लिए हैं। उनकी सादगी, शान और गायन कौशल ने उनके फैंस के मन में एक खूबसूरत जगह बना ली। हालाँकि, उनके काम की बात करें तो श्रुति ने 2019 में टेलीविज़न सीरीज़ गठबंधन से अपने अभिनय की शुरुआत की थी। इससे पहले, एक्ट्रेस 2018 में रियलिटी शो इंडियाज़ नेक्स्ट सुपरस्टार्स में एक कंटेस्टेंट के तौर पर दिखाई दी थी। इसके बाद, वह 2021 में रिलीज़ हुई हिंदी फ़िल्म पगलैट में नजर आईं और अबू धाबी टेलीविज़न के साथ अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट पर भी काम किया।अब, हाल ही में अपने एक इंटरव्यू में, श्रुति शर्मा ने हीरामंडी: द डायमंड बाज़ार में डायरेक्टर, संजय लीला भंसाली के साथ काम करने के अपने अनुभव का खुलासा किया। खैर, साइमा के किरदार के बारे में बात करते हुए, वह मल्लिकाजान (मनीषा कोइराला) की बेटी, आलमज़ेबळ (शर्मिन सहगल) की एक खास नौकरानी के रूप में दिखाई देती हैं।उसी बातचीत में, श्रुति ने संजय के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बहुत कुछ बताया। फिर, उनसे उनके और रजत कौल के बीच रोमांटिक सीन के बारे में भी पूछा गया, जिन्होंने इकबालळ (मल्लिकाजान के गाड़ीवान) का किरदार निभाया था।



## चियान विक्रम के बेटे ध्रुव की नई फिल्म का ऐलान, सामने आया बायसन का धांसू पोस्टर

साउथ सुपरस्टार चियान विक्रम की मोस्ट अवेटेड फिल्म थांगलान की रिलीज से पहले एक्टर के फैंस को बड़ा तोहफ मिला है। विक्रम के बेटे ध्रुव विक्रम की नई फिल्म का एलान हुआ है। इससे पहले फिल्म से दो पोस्टर सामने आए थे, जिन्होंने विक्रम के फैंस की बैचेनी बढ़ा दी थी। अब इन पोस्टर्स पर्दा हट चुका है और फिल्म के नाम का खुलासा हो चुका है। फिल्म का नाम बायसन है और फिल्म से एक पोस्टर भी जारी हुआ है।इस पोस्टर में ध्रुव अपने घुटने को बल सिर नीचे करे बैठे हैं और उनके पीछे एक जंगली बैल का बड़ा सा स्टैच्यू है। इस फिल्म को मारी सेल्वाराज डायरेक्ट करने जा रहे हैं। ध्रुव ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर लिखा है, बायसन, उन सभी के लिए जो मेरे इंतजार में थे, इस निरंतर सपोर्ट और धैर्य के लिए




धन्यवाद, अपनी तीसरी फिल्म और विजनरी डायरेक्टर मारी सेल्वाराज के साथ नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर मैं बहुत उत्साहित हूं, बायसन की आज से शूटिंग शुरू। बता दें, ध्रुव ने साल 2019 में फिल्म आदित्य वर्मा से फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। इसके बाद वह वर्मा (2020) में दिखे।


फिल्म स्टार फादर विक्रम की फिल्म महान (2022) में नजर आए। अब वह बतौर एक्टर अपनी नई फिल्म बायसन (2024) में नजर आने वाले हैं।बता दें, विक्रम अपनी तमिल फिल्म थंगलान से लंबे समय से चर्चा में हैं। इस फिल्म की शूटिंग लंबे अरसे से चल रही है और फिल्म की कई बार रिलीज डेट टल चुकी है और अभी तक फिल्म की अगली डेट का एलान नहीं किया गया है।



# कर लो तैयारी पूरी!!!

अभी कुछ दिनों पहले ही तो क्लासेज शुरू हुईं थीं और अब एग्जाम का भूत आ गया है। अरे भई! ये यूनिट टेस्ट के नाम से तो गुस्सा आता है। है न। पर यह सब तो आपकी तैयारी के लिए ही लिए जाते हैं। तो फिर घबराना कैसा? जैसे बूंद-बूंद से सागर भरता है, वैसे ही थोड़ी-थोड़ी तैयारी से पूरा सिलेबस याद हो जाता है। मालूम है आप सबने कर ही ली होगी तैयारी। पर दोस्तो, थोड़ा रिवीजन करना तो बनता है न। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ जाएगा...

**परीक्षाओं** का डर तो मन से जाता ही नहीं। वैसे आप सब जानते हैं, बच्चे से लेकर बूढ़े तक सबके मन में इस शब्द ने डर भर रखा है। तो आपका डरना लाजिमी ही है। वैसे अब तक टेस्ट में पूछा जाने वाला सिलेबस आपने रट ही लिया होगा। क्या?...अभी रिवीजन बाकी है। हम्मम...वैसे रिवीजन करने का समय भी तो आ ही गया है। पर रिवीजन करते क्यों है? आखिर क्या जरूरत है इसकी?...अरे! समझ गए भई। रिवीजन करना चाहिए। हम भी यही कह रहे हैं। पर रिवीजन के रीजन को समझने की कोशिश करते हैं और इसे सही तरीके से करने के बारे में भी कुछ बातें करेंगे।



**रिवीजन के कायदे**

1. **इंटरैक्टिव स्टडी-** रिवीजन करने बहुत सारे तरीके हैं। जो सबसे ज्यादा लोग करते हैं वो है, नोट्स को कई दफा पढ़ना। सबसे कारगर तरीकों में से एक है, इंटरैक्टिव स्टडी। यानी की एक टॉपिक पर दो या फिर दो से ज्यादा लोग चर्चा कर के उस टॉपिक को तैयार करें।

2. **डायग्राम और थ्योरी-** इसके अलावा जिन विषयों में डायग्राम बनाए जाते हैं, उनकी भी तैयारी की जाती है। इन विषयों में सबसे पहले नाम आता है- विज्ञान और गणित का। पर इनके अलावा अन्य विषयों में भी चार्ट आदि बनाने की तैयारी की जाती है। वहीं हेडिंग और अंडरलाइन होने वाले बिन्दुओं को भी याद करना चाहिए। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के थ्योरियों को भी बारीबारी याद करना चाहिए।

3. **टाइम-टेबल बनाएं-** रिवीजन की शुरुआत में ही सब टाइम-टेबल बनाते हैं। इससे समय के अनुसार विषयों का विभाजन हो जाता है और सभी विषयों को समय दे पाते हैं। इस बार जब आप टाइम टेबल बनाएं तो उसे बड़े आकार की शीट पर बनाएं। इससे आपके साथ घर के अन्य लोग भी आपकी रूटीन से परिचित हो जाएंगे। और चूंकि सब जान जाएंगे, तो आप भी उसे पूरा करने के प्रति ज्यादा सजग होंगे।

4. **जल्दी से जल्दी-** रिवीजन की शुरुआत सुबह जितनी जल्दी कर सकें, करनी चाहिए। एक अंग्रेजी कहावत के अनुसार सबसे जल्दी उठने वाली चिड़िया को सबसे अच्छा भोजन मिलता है। इसका मतलब आप जितनी जल्दी अपनी तैयारी शुरू करेंगे, उतनी जल्दी ही इसे खत्म कर पाएंगे। दिन का टार्गेट पूरा हो जाएगा, तो बड़ी संतुष्टि मिलेगी।


इन सबके अलावा आप खेल के साथ भी कुछ तैयार कर सकते हैं। नहीं आया समझ में। कोई बात नहीं। इतिहास को याद करते वक्त आप दिन और वर्ष भूल जाते हैं। सच है न। इसे याद करने के लिए आप एक इतिहास के उस हिस्से का मंचन कर लीजिए। याद नहीं रहता। इसलिए जरूरी है ये मंचन का खेल। तो फिर कोई बाबर बन जाए और कोई लोधी का किरदार निभाए। इससे आप सबका मनोरंजन होने के साथ-साथ आपकी तैयारी भी हो जाएगी। है न कारगर उपाय।

तो फिर बैठिए मत। तैयारी कीजिए।

**इसके फायदे**

आपने जितना भी और जो भी पढ़ा है, वो आपको याद है भी या नहीं, इसकी जांच करना बेहद जरूरी है। इस जांच में आप अपने भाई-बहनों या फिर दोस्तों की भी मदद ले सकते हैं। अपने सिलेबस के किसी एक सब्जेक्ट का चयन करें और फिर अपने दोस्त या फिर भाई-बहन से कहें कि वो आपका छोटा-सा टेस्ट लें। इस टेस्ट में सफल होने पर आपके अंदर आत्मविश्वास खुद-ब-खुद ही आ जाएगा। वहीं कुछ टॉपिक्स को हम बहुत पहले पढ़ चुके होते हैं, तो यह सोच कर रह जाते हैं कि वो तो हमें याद ही है। लेकिन रिवीजन करते समय उन टॉपिक्स को भी दोहरा लिया जाता है। इससे आपकी तैयारी पुख्ता हो जाती है।





इस तरह करने से आपकी परीक्षा के लिए तैयार रहने की आदत पनप जाएगी और आप वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने में सफर रहेंगे।

**एक केला हो जाए**

टेनिस प्लेयर्स को जब ब्रेक मिलता है तो वो क्या करते हैं? कभी ध्यान दिया है। नहीं! कोई बात नहीं, वो झट से एक केला खा लेते हैं। दरअसल, केले में पोटैशियम की बहुत ज्यादा मात्रा पाई जाती है। और विशेषज्ञों का मानना है कि पोटैशियम से ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। इसका मतलब जब भी आपको लगे कि आप थक से रहे हो तो फिर आप भी झट से एक केले का सेवन कर लें।

## कविता



### पेड़ की पुकार

मेरे हैं उपकार बहुत,
कुछ तो सोच-विचार करो।
पेड़ कहता मेरे ऊपर,
न तुम अत्याचार करो।
बचपन में मां ने तुम्हें,
मुझसे बने झूले में झुलाया।
मेरी कलम से तुमने,
कापी पर अ-आ बनाया।
मैं हूं तेरा सच्चा साथी,
न यह मारा-मार करो।
छोटी उम्र में रहे,
खेलते तुम पेड़ों पर चढ़कर।
बड़ा होते ही उठाई आरी,
और मुझे लहुलुहान किया।
मेरे कारण तुम्हारा जीवन,
बुरा न व्यवहार करो।
मीठे फल मैं देता,
तुमको साथ में ठंडी छांव।
ऐसे करता सेवा तुम्हारी,
जैसे करती है मां।
सुंदर प्यारे फूल देखकर,
सुख का इजहार करो।
मेरी टहनी पर बैठे पंछी,
करते हैं विनती।
हमारा घर न उजाड़ो,
न हमें बेहाल करो।
मानव अपने सुख के,
लिए जीवन ना दुश्वार करो।
पेड़ कहता मेरे ऊपर,
न तुम अत्याचार करो।

## ज्ञान बढ़ाओ

### बूझो तो जानें!!!

1. भारत की पहली महिला आईपीएस ऑफिसर का नाम बताइए।
2. भारतीय प्रधानमंत्री जिनका कार्यकाल के दौरान ही देहांत हुआ।
3. भारतीय थलसेना के प्रथम प्रमुख का नाम बताइए।
4. भारत के सबसे बड़े पुरस्कार का नाम बताइए।
5. भारत की पहली जनगणना किस वर्ष हुई थी?
6. भारत के पहले अंग्रेजी अखबार का नाम बताइए।
7. भारत की पहली पंचवर्षीय योजना किस वर्ष से शुरू किया गया।
8. भारत का पहला सिनेमा हॉल कब बनाया गया था?
9. भारत की वह पहली फिल्म जिसमें सारी महिला कलाकार थीं।
10. भारत की पहली बिना गीत की फिल्म का नाम बताइए।
11. भारत की प्रथम महिला राजदूत कौन थीं?
12. भारत की पहली महिला मुख्यमंत्री का नाम बातइए।
13. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष का नाम बताइए।
14. प्रथम फिल्म अभिनेता जो मुख्यमंत्री बने।
15. भारतीय राष्ट्रपति जिनका कार्यकाल के दौरान देहांत हुआ।

**उत्तर**-1. किरण बेदी 2. इंदिरा गांधी 3. एस राजेन्द्र सिंह 4. भारत रत्न 5.-वर्ष 1901 6. बंगाल गेजेट(1790) 7. वर्ष1951 8. 1907 में कोलकाता में जेएफ मदन ने बनवाया था। 9. बिंदहस्त(मराठी फिल्म) 10. जेबीएच वाडिया की नौजवान (1937) 11. विजयलक्ष्मी पंडित 12. सुचेता कृपलानी (उत्तर प्रदेश) 13. सरोजिनी नायडू 14. एम.जी. रामचंद्रन 15. जाकिर हुसैन

# खुद से किया वादा

स्कूल से आते ही बस्ता फेंककर सोनू खेलने भाग जाया करता था। सोनू की इस आदत से उसकी मां बहुत परेशान रहती थी। फिर अचानक एक दिन सोनू को कुछ ऐसा भुगतना पड़ा, जिसकी वजह से उसने खुद से एक वादा किया। वह वादा था सभी कार्यों को नियत समय पर करने का...

**सोनू** स्कूल से आता और अपना स्कूल बैग उतार कर बिना पानी पिए खेलने के लिए चला जाता। मां आवाज लगाती, पानी तो पी ले, स्कूल के कपड़े तो बदल ले, लेकिन सोनू किसी की भी नहीं सुनता और अभी आता हूं कह कर चला जाता और कितनी देर तक वापस नहीं आता। यह उसकी रोज की आदत बन गई। इसके कारण उसका कोई भी काम समय से पूरा नहीं होता। वह आराम करने के समय में खेलता और खेलने के समय स्कूल का काम करता। उसका कोई भी काम समय पर न होने के कारण उसका स्कूल का काम भी अधूरा रह जाता। जब वह रात को स्कूल का काम करने के लिए बैठता तो लाइट चली जाती। जिस कारण काम पूरा नहीं होता और उसे रोज स्कूल में अध्यापकों से डांट पड़ती। सोनू की मां रोज उसे समझाती कि जिन बच्चों के साथ वह खेलता-कूदता है वे बच्चे खुद तो पढ़ते नहीं और उसकी पढ़ाई भी खराब करते हैं। उसे स्कूल से आते ही उन बच्चों के साथ खेलना नहीं चाहिए। उसे पहले अपना काम करना चाहिए और फिर खेलना चाहिए। लेकिन सोनू किसी की भी न सुनता।

आज भी वह खेल कर देर से घर वापस आया और आते ही कहने लगा कि उसके सिर में दर्द हो रहा है। मां ने देखा तो उसका सारा शरीर बुखार के कारण तप रहा था। मां ने कहा, 'मैंने तुम्हें मना किया था खेलने से और कहा था कि तुम पानी पीकर आराम करके फिर खेलने जाना, लेकिन तुम किसी की भी नहीं सुनते हो।'

'मेरा सिर दबा दो, बहुत दर्द हो रहा है' सोनू ने कहा। वो दर्द से कराह रहा था। 'रुक पहले तेरा बुखार देख लूं थर्मामीटर से', मां ने कहा।

थर्मामीटर लगा कर देखा तो सोनू का बुखार 102 से भी ज्यादा था। मां गुस्से में बोली 'तुझे कितनी बार कहा था कि स्कूल से आने के बाद कुछ देर आराम कर लिया कर आराम शरीर के लिए बहुत ही जरूरी होता है। लेकिन तू कभी नहीं सुनता। यह ले पानी पी' और मां सोनू के माथे पर ठंडे पानी की पट्टियां करने लगी और कहा कि 'हम थोड़ी देर बाद दवाई लेने जाएंगे।'

'घर में कोई दवाई है तो वो ही दे दो।' सोनू ने कहा।

'घर में कोई भी दवाई नहीं है। अब तो डॉक्टर इंजेक्शन लगाएगा और पैसे जो लगेंगे सो अलग। बड़े-बुजुर्ग कहते हैं कि इलाज से परहेज अच्छा लेकिन आजकल के बच्चे कहां किसी की मानते हैं।'

जब वे लोग डॉक्टर के पास पहुंचे तो वहां पर बहुत भीड़ थी। सोनू का खड़ा होना भी मुश्किल हो गया था। उन्होंने अपनी बारी की पर्ची बनवाई और अपनी बारी का इंतजार करने लगे।

अब सोनू बैठा सोच रहा था कि 'अगर मां की बात मानी होती तो वह आज बीमार न होता और उसे इंजेक्शन का भी डर न होता। अब पता नहीं डॉक्टर कितने दिनों के लिए आराम करने को कहेगा। भगवान करे कि अब ठीक हो जाऊं और इंजेक्शन भी न लगे। आगे से कभी भी ऐसा नहीं होगा।' सोनू ने खुद से वादा किया कि शरीर को जितना आराम चाहिए वो उसे देगा और सभी काम समय से करेगा।

सोनू अंदर आओ। अंदर से आवाज आई। आवाज सुनते ही सोनू इंजेक्शन के डर से घबराता हुआ डॉक्टर के पास गया। नब्ज देखकर डॉक्टर ने कहा कि 'बुखार अब कम है।' शायद मां के घरेलू नुस्खे से सोनू का बुखार कम हो गया था। डॉक्टर के पीछे खड़ी एक नर्स सिरींज में दवाई भर रही थी। सोनू ने सोचा कि शायद अब डॉक्टर नर्स से कहेगा कि इसको लिटाओ इंजेक्शन लगाने के लिए, लेकिन नर्स तो दूसरे कैबिन में चली गई। यह देखकर सोनू ने चैन की सांस ली। कैबिन से जब बच्चे की रोने की आवाज आई तो सोनू न सोचा कि 'अब मेरी बारी आएगी।' तभी डॉक्टर ने सोनू की तरफ देखते हुए कहा, 'हां, जी तो आपका नाम क्या है?'

'जी सोनू।'

'पढ़ते हो, कौन से स्कूल में, कौन सी कक्षा में?' डॉक्टर ने पूछा।


सोनू ने सभी सवालों के जवाब दिए, लेकिन उसका ध्यान टीके की तरफ ही था। 'यह बुखार सिर्फ थकावट के कारण हुआ है। इंजेक्शन की जरूरत नहीं है। यह तो दवाइयों से ही ठीक हो जाएगा।' डॉक्टर ने पीठ थपथपाते हुए कहा। इंजेक्शन न लगने की खुशी से सोनू बहुत खुश था। उसने सोचा शायद उसने खुद से जो वादा किया था उसे भगवान ने सुन लिया।

सोनू घर आया और आराम किया। अगले दिन वह स्कूल गया पर वापस आने के बाद यूनीफॉर्म बदलकर खाना खाया और आराम किया। सोनू में आए इस बदलाव को देखकर उसकी मां बहुत खुश हुई।



कहानी

## अंतर ढूढ़ो



*यहां आपको एक जैसी दो तस्वीरें दिखाई दे रही हैं। पहली बार देखने में तो आपको अंतर समझ में नहीं आएगा, लेकिन जरा गौर से देखने पर आपको सात अंतर दिखाई देंगे। तो जमाइए नजरें और खोज निकालिए वे अंतर भी।*

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



# पिता के सरकारी आवास में रहते हुए नहीं किया जा सकता एचआरए का दावा, सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

**नई दिल्ली, 11 मई (एजेंसियां) ।**

**हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि एक सरकारी कर्मचारी जो अपने पिता (एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी) को आवंटित किराए से मुक्त आवास में रहता है, वह किसी भी हाउस रेंट अलाउंस का दावा करने का हकदार नहीं है।**

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अपीलकर्ता के खिलाफ एचआरए वसूली नोटिस को बरकरार रखते हुए कहा कि जम्मू और कश्मीर सिविल सेवा (मकान किराया भत्ता और शहर मुआवजा भत्ता) नियम, 1992 के तहत, सेवानिवृत्त पिता द्वारा सेवानिवृत्त होने पर एचआरए का दावा नहीं किया जा सकता है। इसलिए अपीलकर्ता को 3,96,814/- रुपये का भुगतान करने के लिए वसूली नोटिस जारी करना उचित था, जिसे उसने पहले एचआरए दावा के रूप में हासिल किया था।

अदालत ने कहा, अपीलकर्ता एक सरकारी कर्मचारी होने के नाते, अपने पिता, एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी को आवंटित किराया-मुक्त आवास साझा करते हुए एचआरए का दावा नहीं कर सकता था। इस मामले में एचआरए वसूली के लिए जारी होने वाले आदेशों में कोई खामी नहीं हैं जिसके लिए हस्तक्षेप की आवश्यकता हो।

यह मामला उस अपीलकर्ता से संबंधित थे जो जम्मू-कश्मीर पुलिस में एक निरीक्षक (दूरसंचार), चौथी बटालियन थे, जो 30 अप्रैल 2014 को सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए थे। बाद में उन्हें अपने नाम पर देय बकाया मकान किराया भत्ते (एचआरए) की वसूली के संबंध में एक सूचना प्राप्त हुई थी।

उक्त वसूली नोटिस एक शिकायत के आधार पर जारी किया गया था जिसमें कहा गया था कि अपीलकर्ता सरकारी आवास का लाभ उठा रहा था और साथ ही एचआरए भी ले रहा था। अपीलकर्ता को नोटिस दिया गया था कि वह बिना हकदारी के एचआरए के रूप में उसके द्वारा निकाली गई 3,96,814/- रुपये की राशि जमा करे। अपीलकर्ता यह साबित करने में विफल रहा कि विचाराधीन घर उसके कब्जे में नहीं था, जिसके बाद वसूली नोटिस जारी किया गया था।

## न्यूज ब्रीफ

### दिग्गज निवेशक और अरबपति जिम साइमंस का निधन, उनकी बनाई कंपनी कहलाती है पैसा छापने वाली मशीन



**नई दिल्ली ।** अरबपति निवेशक, गणितज्ञ और दानदाता जिम साइमंस का न्यूयॉर्क के मैनहट्न स्थिर घर पर निधन हो गया। सिमंस 86 साल के थे। वे वॉल स्ट्रील के सबसे सफल निवेशकों में एक थे। उनके निधन की पुष्टि उनके प्रवक्ता जोनाथन गैस्टाल्टर ने की। जिम साइमंस की बनाई रेनेसां टेक्नोलॉजीज को दुनिया की सबसे बड़ी पैसा बनाने वाली मशीन माना जाता है। साइमंस का जन्म 25 अप्रैल, 1938 को ब्रूकलाइन के बोस्टन उपनगर मे हुआ था। जिम साइमंस मैथ्यू साइमंस और मार्सिया साइमंस की एकमात्र संतान थे। उनके पिता फिल्म उद्योग में 20 सेंचुरी फॉक्स के लिए न्यू इंग्लैंड में बिक्री प्रतिनिधि के रूप में काम करते थे। शीत युद्ध के समय अमेरिकी सरकार के लिए कोड ब्रेकर के रूप में काम करने वाले साइमंस ने कभी भी इस रहस्य खुलासा नहीं कि उन्होंने अपने सबसे प्रसिद्ध फंड, मेडेलियन को एसएंडपी 500 इंडेक्स की तुलना में चार गुना से अधिक रिटर्न देने वाला फंड कैसे बनाया 1988 से 2023 तक, इस फंड ने मोटी फीस चुकाने के बावजूद लगभग 40 प्रतिशत का औसत वार्षिक रिटर्न दिया। इस रिटर्न के बूते साइमंस और उनके तीन सहयोगी अरबपति बन गए। उनकी अनुमानित संपत्ति 31.8 बिलियन डॉलर थी। वे दुनिया के 49 वें सबसे अमीर व्यक्ति थे। गणित एकमात्र विषय था जो मुझे पसंद था, सिमंस ने नंबरफाइल पॉडकास्ट के लिए 2015 के एक साक्षात्कार यह बात कही थी।


### पंजाब नेशनल बैंक के ग्राहकों के लिए जरूरी खबर, 31 मई तक केवाईसी करवा लें नहीं तो बंद हो जाएंगे खाते




**नई दिल्ली ।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने हाल ही में घोषणा की है कि कम से कम तीन साल से निष्क्रिय पड़े खाते और बिना बैलेंस वाले खाते एक जून से बंद कर दिए जाएंगे। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने कहा है कि यदि ग्राहक 31 मई, 2024 तक केवाईसी की प्रक्रिया (नो योर कस्टमर) पूरी नहीं कर लेते हैं तो पिछले तीन वर्षों से बिना किसी गतिविधि और बिना बैलेंस वाले खातों को बंद कर दिया जाएगा। इस तारीख के बाद खाताधारकों को आगे कोई नोटिस नहीं दिया जाएगा। हालांकि, बैंक ने बताया है कि कुछ खातों इस मामले में छूट दी गई है, यानी कुछ विशेष तर के खाते बंद नहीं होंगे। ये डीमैट खातों, लॉकर या सक्रिय स्थायी निर्देशों से जुड़े खाते हैं। 25 वर्ष से कम आयु के ग्राहकों, नाबालिग खातों, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, एसएसवाई, एपीवाई, डीबीटी जैसी विशिष्ट योजनाओं के लिए खोले गए खातों और अदालत के आदेशों, आयकर विभाग के आदेशों या अन्य वैधानिक प्राधिकरणों द्वारा फ्रीज किए गए खातों को भी छूट दी गई है। पीएनबी सुरक्षा जोखिमों से बचने और निष्क्रिय खातों का दुरुपयोग ना हो यह सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठा रहा है। खाते को पुनः सक्रिय करने के लिए, ग्राहकों को अपने निकटतम बैंक शाखा में आवश्यक केवाईसी दस्तावेज जमा करने होंगे।

### 23 मई को लांच होगी किआ की इलेक्ट्रिक कार ईवी 3

**मुंबई ।** किआ अपनी नई इलेक्ट्रिक कार ईवी 3 लाने की तैयारी में है। 23 मई को ग्लोबली गाड़ी से पर्दा उठने वाला है। हाल ही में कंपनी ने इसकी कुछ तस्वीरें जारी की हैं, इसमें गाड़ी की खूबियों की जानकारी मिल रही है।



इलेक्ट्रिक कार में बॉक्सी रियर फेंडर और टेलगेट के साथ सिग्नेचर स्टार मैप लाइटिंग दी गई है, जो इसे आकर्षक लुक प्रदान करती हैं। यह गाड़ी इलेक्ट्रिक वोल्वो एक्स 30 को टक्कर देगी। इस इलेक्ट्रिक कार में एलईडी हेडलाइट्स, एलईडी डीआरएल, रिवर्स पार्किंग सेंसर, रूफ रेल जैसे फीचर्स को साफ तौर पर देखा जा सकता है। इसके अलावा इसमें ड्यूल टोन पेंट स्कीम का उपयोग किया जाएगा। इसके पूरे डिजाइन में ब्लैक इंसर्ट्स का इस्तेमाल किया गया है। किआ ईवी 3 इलेक्ट्रिक कार में 64 किलोवॉट प्रतिघंटा क्षमता की बैटरी मिल सकती है, जो 450 किलोमीटर के आस-पास रेंज देने में सक्षम होगी। फिलहाल इसके भारत में लांच की जानकारी नहीं है, लेकिन इस साल कंपनी की किआ ईवी 9 भारतीय बाजार में दस्तक देगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### लाभ के लोभ...

लेकिन कांग्रेस सरकार ने मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए पहली बार 1981 में असंवैधानिक तरीके से एएमयू कानून में संशोधन किया और विश्वविद्यालय की परिभाषा बदल दी। फिर मुस्लिम छात्रों को 50 प्रतिशत आरक्षण की मंजूरी भी दे दी। 20 अगस्त 1989 को एएमयू अदालत ने मुस्लिम छात्रों को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव पारित किया, लेकिन तत्कालीन राष्ट्रपति आर वेंकटरमण ने इसे असंवैधानिक बताते हुए खारिज कर दिया कि मजहबी आधार पर किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जा सकता। इसके बाद संप्रग सरकार के काल में 2005 में मुस्लिम छात्रों को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का एक और प्रयास हुआ, किंतु गैर-मुस्लिम छात्रों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय से गुहार लगाई और न्यायालय ने आरक्षण को असंवैधानिक बताया।

एएमयू और कांग्रेस सरकार ने उच्च न्यायालय के निर्णय को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी, लेकिन वहां भी उन्हें मुंह की खानी पड़ी। सवाल है कि स्थापना के 100 वर्ष बाद भी एएमयू में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को दाखिले के लिए इंतजार क्यों करना पड़ रहा है, जबकि आरक्षण उनका संवैधानिक अधिकार है! आश्चर्य है कि इस्लाम के जातिमुक्त और न्यायप्रिय होने का दम भरने वाले विद्वान मुसलमानों द्वारा लाभ के लिए जाति का लबादा ओढ़ने और पिछड़ों का हक मारने के इस खुले अन्याय पर मौन हैं। आश्चर्य है कि मायावी अंबेडकर भक्त भीम-मीम एकता की दिखावटी बातें करतें हैं, लेकिन एएमयू और जामिया में अनुसूचित जातियों के अधिकारों की बात नहीं करते। हैरत यह भी है कि पिछड़ों के आरक्षण में मुस्लिम सेंध का रास्ता बनाने वाली कांग्रेस स्वयं चीजें बदलने के खेल में शामिल रहती है और फिर भी कहती है, हम आए तो आरक्षण बदल देंगे!

बहरहाल, राजनीति एकबारगी धूर्त हो सकती है, किंतु लोकतंत्र में समाज की सामूहिक समझ और चतुराई का सामना यह नहीं कर सकती। यह लोकतंत्र के महापर्व का समय है। इसमें आश्चर्य नहीं कि कोटे के चक्कर में नीयत के खोट का खेल जनता एक झटके में पलट दे।

### बम बेचने के ...

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के इसी कमजोर रवैये के कारण जम्मू-कश्मीर के लोगों ने 60 साल तक आतंक भुगता है। देश ने कितने आतंकी हमले झेले हैं। देश भूल नहीं सकता कि आतंकियों को सबक सिखाने के बजाय ये लोग आतंकी संगठनों के साथ बैठकें करते थे। 26/11 के मुंबई हमले के बाद इन लोगों की हिम्मत नहीं पड़ी, कि आतंक के सरपरस्तों पर कार्रवाई करें। और क्यों? क्योंकि कांग्रेस और इंडी गठबंधन को लगता था कि अगर हम कार्रवाई करेंगे तो हमारा वोट बैंक नाराज हो जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं आज कांग्रेस को दो टूक कहूंगा, भारत के मुसलमान कोई इधर-उधर जाएगा, ऐसा मानने की कोशिश न करें। कांग्रेस के शहजादे आए दिन बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को विपक्ष (संसद में) बनने के लिए लोकसभा की कुल संख्या का 10 प्रतिशत चाहिए। कांग्रेस वाले कान खोलकर सुन लें, कांग्रेस इस देश में मान्य विपक्ष भी नहीं बन पाएगा। वे 50 सीटों (कांग्रेस) से नीचे सिमटने वाले हैं।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मेरा सौभाग्य है कि कंधमाल आते ही मुझे ऐसे आशीर्वाद मिले हैं, जो मैं जीवनभर नहीं भूल सकता। ये आशीर्वाद, पूरे देश में क्या परिवर्तन आ रहा है, कैसा परिवर्तन आ रहा है, उसका साक्षात उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मैं ओड़ीशा के लोगों का ऋणी हूं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मैं आपके प्यार और आशीर्वाद का ये कर्ज, ज्यादा से ज्यादा मेहनत करके, देश की सेवा करके चुकाऊंगा। साथ-साथ ओड़ीशा को देश में एक विकसित राज्य बनाने के लिए दिन-रात मेहनत करके चुकाऊंगा। उन्होंने कहा कि भाजपा, विकास भी और विरासत भी के मंत्र के साथ देश को आगे बढ़ा रही है। ये भाजपा ही है, जिसकी सरकार में देश का 500 साल का इंतजार पूरा हुआ। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ। रामलला आज पूरे देश को आशीर्वाद दे रहे हैं। हमें तो एक तरफ भगवान जगन्नाथ और दूसरी तरफ रामलला जी के आशीर्वाद मिल रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि यहां राज्य भाजपा भी उड़िया भाषा और उड़िया संस्कृति के प्रति समर्पित है। ऐसा कोई बेटा या बेटी जो ओड़ीशा की मिट्टी से निकला हो, यहां की संस्कृति को समझता है, उसका भाजपा का मुख्यमंत्री बनना तय है। मैं आपको 10 जून को भुवनेश्वर में भाजपा की सरकार के मुख्यमंत्री के शपथ समारोह का निमंत्रण देने आया हूं। पीएम मोदी ने कहा कि 7 दशक पहले श्री जगन्नाथ मंदिर के प्रबंधन के लिए नियम बनाए गए थे। इन्हीं में से एक नियम था कि मंदिर के सोना चांदी, कीमती पत्थर और सारी चल-अचल संपत्ति का रिकॉर्ड मेंटेन किया जाएगा। इसके बाद श्री रत्न भंडार में रखे कीमती सामानों की एक सूची तैयार की गई थी। इस रत्न भंडार का आखिरी बार मूल्यांकन करीब 45 साल पहले किया गया था। उस समय आभूषण और रत्न इतने ज्यादा थे कि मूल्यांकन करने वालों ने इस खजाने को अमूल्य बताकर अपने हाथ खड़े कर दिए थे। आधिकारिक रूप से श्री रत्न भंडार करीब 40 साल से नहीं खुला है।

### अय्यर के बाद ...

वे पुलवामा हमला रोकने में नाकाम रहे। आईबी क्या कर रही थी? हमारा खुफिया नेटवर्क क्या कर रहा था? पीएम मोदी ने पुलवामा हमले और भारतीय वायु सेना (आईएएफ) द्वारा जवाबी कार्रवाई से राजनीतिक और चुनावी लाभ लेने की कोशिश की। इससे पहले, कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली ने भी पुलवामा हमले पर सवाल उठाया था और देश की जवाबी कार्रवाई को फर्जी दावा बताया था।

### जमानत मिली ...

इस वीडियो के कैप्शन में फवाद चौधरी ने लिखा कि राहुल गांधी पंडित जवाहरलाल नेहरू की तरह ही समाजवादी हैं। भारत और पाकिस्तान में एक ही समस्या है। जैसे भारत में 30-50 परिवारों के पास देश की 70 फीसदी सम्पति है, वहीं पाकिस्तान में भी पाकिस्तान बिजनेस काउंसिल के सदस्यों के पास देश की 75 प्रतिशत सम्पत्ति है। सम्पत्ति का सही वितरण पूंजीवाद की सबसे बड़ी चुनौती है।

फवाद चौधरी द्वारा राहुल गांधी की प्रशंसा पर पीएम मोदी ने गुजरात के आणंद में एक रैली में कहा कि पाकिस्तानी नेता कांग्रेस के लिए दुआ कर रहे हैं, जब भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है तो वहां के नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। कांग्रेस के कमजोर होने से पाकिस्तानी रो रहे हैं। पाकिस्तान और कांग्रेस की दोस्ती खुलकर सामने आ चुकी है।

### भ्रष्टाचार से ...

4 जून के बाद भाजपा की सरकार नहीं बन रही है। हरियाणा, दिल्ली, बिहार, झारखंड, यूपी और दूसरे राज्यों में इनकी सीट घट रही है। देश में विपक्षी गठबंधन की सरकार बनेगी। केजरीवाल ने कहा कि मैं 140 करोड़ लोगों का साथ चाहता हूं।

केजरीवाल ने कहा कि पीएम मोदी ने एक खतरनाक मिशन शुरू किया है और वो है वन नेशन वन लीडर। भाजपा ने अपने नेताओं का सफाया किया है। मुरली मनोहर जोशी और लालकृष्ण आडवाणी को रिटायर किया गया। इन्होंने रमन सिंह, शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे, मनोहर लाल की राजनीति को खत्म कर दिया है।

अब अगला नंबर योगी आदित्यनाथ का है। भाजपा ने अपने नेताओं का सफाया किया है। मुरली मनोहर जोशी और लालकृष्ण आडवाणी को रिटायर किया गया। इन्होंने रमन सिंह, शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे, मनोहर लाल की राजनीति को खत्म कर दिया है। अब अगला नंबर योगी आदित्यनाथ का है। ये चुनाव यह जीत गए तो दो महीने में यूपी का मुख्यमंत्री बदल दिया जाएगा। जो तानाशाही है। देश के सभी नेताओं को पीएम खत्म करना चाहते हैं।

### एक दिन में 3600...

एमडी डॉ. जीएम गुप्ता, सेरेटेरो इंडिया के एमडी पराग खंडेलवाल, रिक्की स्याल, मनिंदर सिंह सहित छह उद्यमियों ने मुलाकात की। जल्द जमीन मिलने पर इंडस्ट्री लगाने के प्रस्ताव पर मौके पर ही सभी उद्यमियों का लैंड पार्सल ब्लॉक कर दिया।

भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर, डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी, भारतीय आयुध निर्माणियां, एचएएल सहित करीब 60 राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय समूहों को अपनी सेवाएं दे रही डिफेंस कंपनी ग्लोबल इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड 2400 करोड़ का निवेश झांसी में करेगी। यहां राकेट और गोला बारूद के प्रोपेलेंट तैयार होंगे। हाई कैलिबर जैसे बोफोर्स, टी-72 टैंक के गोला बारूद बनाने के लिए कार्टेज, ट्रिगर और एक्सप्लोजन और प्रोपेलेंट की जरूरत होती है। इनके विस्फोटक और प्रोपेलेंट यहां बनेंगे। राकेट के लिए भी प्रोपेलेंट और रॉकेट फ्यूल भी तैयार होंगे। इसी तरह एक अन्य कंपनी सेरेटेरो इंडिया झांसी में 350 करोड़ के निवेश से एयरक्राफ्ट के पुर्जे तैयार करेगी। इन दो कंपनियों के आने से बुंदेलखंड के 5500 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। कम से कम 25 नई सहायक इकाइयां यहां लगेंगी।

कैपिटल एयर गन मैन्यूफैक्चर्स लिमिटेड लखनऊ डिफेंस कॉरिडोर में तीन हेक्टेयर की जमीन पर बम शेल (बम के खोल) बनाएगी। ब्रह्मोस के लिए शेल यहां तैयार होंगे। साथ ही राकेट और लड़ाकू विमान से लेकर पनडुब्बी तक की कास्टिंग होगी। ये तकनीक पूरी दुनिया में चुनिंदा कंपनियों के पास है। पहले चरण में 200 करोड़ रुपए का निवेश होगा। वेब्ले बनाने वाले स्याल मैनुफेक्चरर लखनऊ में दस एकड़ जमीन पर वेब्ले सहित अन्य रिवॉल्वर के कारतूस का प्लांट बनाएगी। आर्मी और सिविलियन दोनों बोर के कारतूस के अलावा एसाल्ट राइफल्स भी बनेंगी। पहले चरण में 100 करोड़ का निवेश होगा। इसके अलावा जेके सिंथेटिक्स (जेके इंटरप्राइजेज) और नोएडा की एक अन्य कंपनी को भी लखनऊ कॉरिडोर में जमीन दी गई।

ग्लोबल इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन डॉ. गिरीश मोहन गुप्ता का कहना है कि यूपी में बुनियादी ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन और कानून व्यवस्था में बदलाव देख निवेश का फैसला किया। निवेश प्रस्ताव पर तेजी से काम हुआ और लैंड पार्सल मिनटों में ब्लॉक किया गया। जल्द ही झांसी में प्रोपेलेंट का सबसे बड़ा प्लांट लगेगा। कैपिटल एयर गन मैनुफेक्चरर्स के निदेशक रिक्की स्याल का कहना है कि प्रदेश डिफेंस का गढ़ बनेगा। लखनऊ-कानपुर नोड में बम शेल (खोल जिसमें गोरा बारूद भरा जाता है) का हाईटेक प्लांट लगेगा। यहां ब्रह्मोस से लेकर पनडुब्बी तक में इस्तेमाल होने वाले बमों के अलग-अलग शेल बनेंगे। यहां से निर्यात भी होगा और ऐसा करने वाला यूपी पहला राज्य होगा।

वेब्ले स्कॉट मैनुफैक्चरर्स के निदेशक मनिंदर सिंह का कहना है कि वेब्ले की रिवॉल्वर और पिस्टल के बाद लखनऊ डिफेंस कॉरिडोर में कारतूस का अत्याधुनिक प्लांट लगाएंगे। यहां वेब्ले सहित सेना और सशस्त्र बलों द्वारा इस्तेमाल होने वाले कारतूसों का उत्पादन किया जाएगा। अडाणी के अलावा कारतूस बनाने वाली ये प्रदेश की दूसरी इकाई होगी।

### पाकिस्तान की...

अमित शाह ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर कहते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, इसलिए भारत को पीओके के बारे में बात नहीं करनी चाहिए। परमाणु बम के डर से वे पीओके पर भारत का अधिकार छोड़ना चाहते हैं। लेकिन आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। नरेंद्र मोदी फिर एक बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और इस बार पाकिस्तान की गोलियों का जवाब तोप से दिया जाएगा। अमित शाह ने इस दौरान तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को भी घेरा। भाजपा नेता ने सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर रेवंत रेड्डी की टिप्पणी पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक की और आतंकवादियों को खत्म किया।

### 75 साल का...

तेलंगाना नें 10 से ज्यादा सीट मिलेगी। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के बयान पर अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी ही देश का नेतृत्व करेंगे। गृह मंत्री ने कहा कि 75 साल का रिटायरमेंट पीएम मोदी के लिए नहीं है। केजरीवाल सिर्फ 1 जून तक प्रचार के लिए बाहर हैं। मैं अरविंद एंड कंपनी और पूरे इंडी अलायंस को कहना चाहता हूं कि पीएम मोदी 75 साल के हो जाए इससे आपको आनंदित होने की जरूरत नहीं है। ये बीजेपी के सविधान में कहीं नहीं लिखा है 75 साल के बाद प्रधानमंत्री नहीं बन सकते। पीएम मोदी ही आगे देश का नेतृत्व करते रहेंगे। इसमें कोई शंका नहीं है। बता दें कि केजरीवाल ने दावा किया था कि पीएम मोदी अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एक तरफ यूपीए अलायंस है दूसरे तरफ एनडीए है। एक तरफ 12 लाख करोड़ के घपले घोटाले करने करने वाली कांग्रेस और सहयोगी दल हैं तो दूसरी तरफ पीएम मोदी 23 साल से दीपावली की भी छुट्टी लिए बगैर सैनिकों के साथ देश के बॉर्डर पर त्यौहार मनाते हैं। जबकि दूसरे नेता गर्मी बढ़ते ही छुट्टी पर विदेश चले जाते हैं। 20 बार लॉन्च करने के बाद भी लॉन्च नहीं हो पाए। अब 21 वी बार विफल कोशिश कर रहे हैं। इठड और कांग्रेस ने सरकार बनाने का ठेका मजलिस को दे रखा है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज तुष्टिकरण की राजनीति करने के इस कगार पर पहुंच गई है कि उसके दो सहयोगी नेता मणिशंकर अय्यर और फारुख अब्दुल्ला पाकिस्तान के पास परमाणु बम है ऐसा कहकर पीओके को ताक पर रखने की बात कर रहे हैं। भाजपा मानती है कि कभी भी पीओके से अपना अधिकार जाने नहीं देंगे। वे कह रहे हैं कि पीएम मोदी को अगर 400 सीटें मिलीं तो पीएम मोदी आरक्षण को समाप्त कर देंगे। 10 साल से पीएम मोदी के पास पूर्ण बहुमत है। हमने हमारे पूर्ण बहुमत का उपयोग धारा 370 खत्म करने के लिए किया, तीन तलाक समाप्त करने के लिए किया। राम मंदिर बनाने के लिए किया। गृह मंत्री ने कहा कि 4 फीसद आरक्षण जो यहां दिया जा रहा है उसे हमारे सत्ता में आते ही हटा देंगे। ये सीधा सीधा एससी-एसटी के आरक्षण पर सेंध है।

### सेना को 18...

अदाणी डिफेंस ने रक्षा विभाग और इस्राइल के एल्बिट सिस्टम के साथ साझीदारी की है। ये तीनों मिलकर हर्मीस 900 और 450 के एयर फ्रेम बना चुके हैं।

हर्मीस-900 ड्रोन 30 घंटे से अधिक समय तक हवा में रहने में सक्षम हैं। आमतौर पर इस ड्रोन का इस्तेमाल टोही मिशनों के साथ-साथ हवाई बमबारी सहित विभिन्न सैन्य अभियानों के लिए किया जाता है। यह 30 हजार फुट की ऊंचाई पर उड़ान भर सकता है और 450 किलो पेलोड ले जा सकता है।

### ऐतिहासिक लाल ...

श्रीनगर शहर का ऐतिहासिक लाल चौक सियासी नारों से गूंज रहा है। घंटाघर चुनावी सरगर्मियों का गवाह बन रहा है। यह वो घंटाघर है, जो पिछले करीब तीन दशकों से अलगाववादियों की बंद की कॉल, पत्थरबाजी, मुठभेड़ और जुलूसों का रहा है। लेकिन अब घाटी में अलगाववादियों के बहिष्कार के आह्वान के बिना पहला चुनाव होगा। इसे वर्ष 2019 के बाद से भारी बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है। एक स्थानीय निवासी सुहेल अहमद ने कहा, कश्मीर में जो लोग (अलगाववादी) बहिष्कार की कॉल दिया करते थे, उन पर एनआईए समेत अन्य एजेंसियों ने पिछले कुछ वर्षों से शिकंजा कसा हुआ है। कुछ नजरबंद हैं और कुछ जेलों में बंद हैं। एक अन्य स्थानीय जहूर हुसैन ने कहा, वे बहिष्कार की कॉल देते थे और लोग डर के मारे अपने वोट नहीं डालते थे, लेकिन अपना नुमाइंदा चुनने का सबका हक बनता है, इसलिए इस बार हक का इस्तेमाल करेंगे।

भाजपा नेता अल्ताफ ठाकुर ने कहा, घंटाघर, नौहट्टा, जामिया मस्जिद, गोजवारा, राजौरी कदल, सीमेंट कदल, ईदगाह और अन्य क्षेत्र, जहां पथराव, हिंसा और बंद आम बात थी। अब वहां बदलाव के नारे गूंज रहे हैं और राजनीतिक दल बिना किसी डर के रैलियां निकाल रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि यह वह बदलाव है, जिसका कश्मीर के लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोग कश्मीर में मतदान का आनंद उठाएंगे, क्योंकि वहां हिंसा का कोई डर नहीं है। राजनीतिक नेता शांति का जोर-शोर से संदेश दे रहे हैं और लाल चौक से अपने लिए वोट मांग रहे हैं, जहां कभी पथराव और हड़ताल के कैलेंडर जारी किए जाते थे।

उदारवादी-अलगाववादी नेता और हुर्रियत (एम) के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने कहा, चुनाव मूलतः एक शासनिक प्रक्रिया है और अतीत में हमारा विरोध उनके प्रति नहीं था, बल्कि उन्हें कश्मीर संघर्ष के संदर्भ में लोगों की इच्छा पर जोर देने के साधन के रूप में जोड़ने पर था। बहिष्कार के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, वर्ष 2019 में भारत सरकार ने बड़े पैमाने पर एकतरफा बदलाव किए, जिससे बड़े मुद्दे की गतिशीलता जटिल हो गई। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को फिर से विभाजित कर दिया, लद्दाख को अलग कर दिया और केंद्र शासित प्रदेश में बदल दिया, जिस पर सीधे नई दिल्ली का शासन था। इससे लोग और अधिक अशक्त हो गए और जमीनी स्थिति में गंभीर परिवर्तन आ गए। इन बदली हुई परिस्थितियों में 2019 से पहले के विपरीत, बहिष्कार का आह्वान जारी करने का वह अर्थ और प्रभाव नहीं दिखता है जो पहले था। इसके अलावा दशकों पुराने संघर्ष की आग से जले जम्मू-कश्मीर के लोगों ने यह जानने के लिए पर्याप्त राजनीतिक परिपक्वता और ज्ञान प्राप्त कर लिया है कि वर्तमान स्थिति में सबसे अच्छा क्या करना है। मुझे उनके फैसले पर भरोसा है।

### कश्मीरी पंडितों के...

नेकां अपनी परंपरागत सीट पर कब्जा बरकरार रखने के लिए जोर लगा रही है तो पीडीपी नेकां के गढ़ में सेंध लगाने के लिए। अपनी पार्टी और डीपीएपी की ओर से भी किला फतह करने के लिए जोर आजमाइश की जा रही है। नेकां प्रत्याशी आगा रुहुल्लाह को पार्टी कैडर तथा अब्दुल्ला परिवार की साख का भरोसा है। इसके साथ ही शियाओं के मत मिलने की भी नेकां प्रत्याशी उम्मीद जता रहे हैं। पीडीपी प्रत्याशी वहीद पर्रा को युवाओं की टीम तथा नेकां और सत्ताधारी भाजपा से नाराजगी का भरोसा है। अपनी पार्टी और डीपीएपी पहली बार चुनाव मैदान में हैं।

हालांकि, अपनी पार्टी के प्रत्याशी मोहम्मद अशरफ मीर प्रदेश सरकार में मंत्री रह चुके हैं। इन्हें अपनी पार्टी के साथ ही पीपुल्स कांफ्रेंस समर्थकों के वोट मिलने की उम्मीद है। डीपीएपी प्रत्याशी को मुख्यमंत्री रहने के दौरान गुलाम नबी आजाद की ओर से कराए गए विकास कार्यों का बल है। पार्टी की ओर से विकास के नाम पर ही वोट मांगा जा रहा है। यों तो श्रीनगर ग्रीष्मकालीन राजधानी है, लेकिन सियासी पारा चढ़ा हुआ है। जगह-जगह सुरक्षा बलों का पहरा है, पार्टियों के झंडे लगे वाहनों की आवाजाही हर जिले में बढ़ी है। हालांकि, रात 10 बजे के बाद प्रचार तो नहीं हो रहा है, लेकिन देर रात तक बैठकर पार्टी के रणनीतिकार चुनाव जीतने की जुगत लगा रहे हैं।

श्रीनगर संसदीय सीट पर मुद्दा भाजपा बनाम विकास और राज्य का दर्जा बहाली है। नेकां, पीडीपी की ओर से भाजपा को निशाना बनाया जा रहा है। यह कहा जा रहा है कि कश्मीर की अवाम के लिए भाजपा ने कुछ नहीं किया। उनसे उनकी पहचान छिन ली गई। हालांकि, अपनी पार्टी की ओर से राज्य के दर्जे की बहाली के लिए संघर्ष और विकास को मुद्दा बनाया गया है। पार्टी की ओर से इसी नारे पर वोट मांगा जा रहा है। वहीं, डीपीएपी की ओर से कहा जा रहा है कि शांति और विकास के लिए पार्टी काम करेगी।



# गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल और बी. साई सुदर्शन की बल्लेबाजी से हैरान रह गए चेन्नई के कोच फ्लेमिंग

**अहमदाबाद, 11 मई (एजेंसियां)।**

चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल और बी. साई सुदर्शन के उच्च क्षमता वाले बल्लेबाजी प्रदर्शन से आश्चर्यचकित थे, जिन्होंने शानदार आक्रमण करते हुए मेजबान टीम को चेन्नई पर जीत दिलाई। गुजरात ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 35 रन की आसान जीत दर्ज की। गिल ने 189.09 की स्ट्राइक रेट से नौ चौके और छह छक्के लगाकर 104 रन बनाए, जो अहमदाबाद में उनका चौथा आईपीएल शतक था। दूसरी ओर, रिद्धिमान साहा के चोट लगने के कारण आउट होने के बाद सुदर्शन ने बल्लेबाजी की शुरुआत करते हुए 201.96 के स्ट्राइक रेट से पांच चौके और सात छक्के लगाकर 103 रन बनाए, जो उनका पहला आईपीएल शतक था। गिल और सुदर्शन के बीच 210 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप ने क्विंटन डी कॉक और के.एल. राहुल, जिन्होंने आईपीएल 2022 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पहले विकेट के लिए 210 रन जोड़े थे, के बीच सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी के रिकॉर्ड की बराबरी की। फ्लेमिंग ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह एक अच्छा आक्रमण था और बल्लेबाजी उच्चतम क्षमता की थी। पहले ओवर से ही उन्होंने हमारी योजनाओं को बाधित कर दिया। बाद के चरणों तक हम कुछ नियंत्रण नहीं पा सके। हमने उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किया जितना हम कर सकते थे, लेकिन दूसरा हिस्सा दो बहुत अच्छे खिलाड़ियों की शानदार बल्लेबाजी थी। पिछले साल फाइनल में, उन्होंने (साई सुदर्शन) ने शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने 96 रन बनाए। मैंने उन्हें करीब से देखा है, उसके चेन्नई क्षेत्र में अच्छे संबंध हैं और वह एक अद्भुत खिलाड़ी है और उसने यह साबित कर दिया। गिल ने सिमरजीत सिंह को छक्का लगाकर केवल 25 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर 11वें ओवर में 23 रन के लिए तेज गेंदबाज को सीधे छक्का जड़ा, जहां सुदर्शन ने भी उन्हें लगातार छक्का जड़ा। उनकी और सीएसके की पीड़ा के लिए, गिल को 72 रन पर लॉन्ग-ऑफ पर जीवनदान दिया गया, जिन्होंने 14 वें ओवर में जीवनदान देने के साथ गेंद को छह रन के लिए सीमा पार कर दिया। कुछ खिलाड़ियों की अनुपस्थिति से हम थोड़ा परेशान थे। जो खिलाड़ी खेल रहे थे उन्होंने पिछले मैच में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया था, इसलिए आत्मविश्वास ऊंचा था। उन्होंने कहा, कभी-कभी आप सभी सही चीजें करते हैं लेकिन अच्छी बल्लेबाजी आपको दबाव में डाल सकती है। यह कुछ उच्च क्षमता वाली हिटिंग थी, बस उस हमले के दबाव ने हमें थोड़ा ढीला कर दिया। क्षेत्ररक्षण वास्तव में अच्छा रहा है, आप सिर्फ एक मैच को नहीं देख सकते। हम दबाव में थे। गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण दोनों अक्सर दबाव में बैकफुट पर हो सकते हैं। हम शायद मानसिक रूप से थोड़ा पीछे रह गए।

## न्यूज ब्रीफ

### बाबर आजम एक शापित कप्तान, मोये-मोये हो गया, पाकिस्तान की हार के बाद मजेदार मीम्स की आई बाढ़



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के आयरलैंड दौरे की शुरुआत निराशाजनक रही। बाबर आजम के नेतृत्व वाली पाकिस्तान को आयरलैंड के हाथों पहले टी20 इंटरनेशनल मैच में एक गेंद शेष रहते पांच विकेट की शिकस्त झेलनी पड़ी। दोनों टीमों के लिए आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिहाज से यह सीरीज महत्वपूर्ण है। इस सीरीज के जरिये दोनों टीमों को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने का मौका मिलेगा। बता दें कि डबलिन में खेले गए मैच में पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी का मौका दिया गया, जिन्होंने सपाट पिच पर 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 182 रन बनाए। जवाब में आयरलैंड ने 19.5 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। इस जीत के साथ ही आयरलैंड ने तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई। दोनों देशों के बीच सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। बहरहाल, पहले मुकाबले में पाकिस्तान की करारी शिकस्त के बाद सोशल मीडिया पर बाबर ब्रिगेड का जमकर मजाक बना। सोशल मीडिया यूजर्स ने बाबर आजम को शापित कप्तान करार दिया और कुछ ने कहा कि पाकिस्तानी कप्तान का मोये-मोये हो गया। देखें सोशल मीडिया पर आए एक से बढ़कर एक मजेदार रिएक्शंस। सोशल मीडिया यूजर्स ने बाबर आजम को शापित कप्तान करार दिया और कुछ ने कहा कि पाकिस्तानी कप्तान का मोये-मोये हो गया। देखें सोशल मीडिया पर आए एक से बढ़कर एक मजेदार रिएक्शंस।

### ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से सुर्खियों में है अभिषेक शर्मा

**नई दिल्ली ।** सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेल रहे भारत के युवा ओपनर अभिषेक शर्मा आईपीएल के 17वें सीजन में अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से सुर्खियों में हैं।



अभिषेक 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। लखनऊ के खिलाफ अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने शानदार चेज किया था और 10 ओवर के अंदर ही मैच को खत्म कर दिया था। उन्हें माता पिता से जुड़ी एक स्टोरी सुनाई थी। अभिषेक शर्मा ने बताया कि उनके माता पिता मैच देखने के लिए आने वाले थे। लेकिन मेरी गलती की वजह से ऐसा नहीं हो सका। अभिषेक ने कहा, मैं मैच के बाद अपनी मम्मी और पापा से बात कर रहा था। वो मैच देखने के लिए शामिल होने वाले थे। लेकिन दुर्भाग्य से मैंने उनकी टिकट हैदराबाद की जगह अमृतसर बुक कर दी थी। अभिषेक शर्मा आईपीएल 2024 में 12 मैचों में 401 रन बना चुके हैं जिसमें 2 हाफ सेंचुरी शामिल है। इस दौरान उनकी स्ट्राइक रेट 205.64 रही है। अभिषेक का बेस्ट स्कोर नाबाद 75 रन रहा है जो उन्होंने लखनउ सुपर जॉयंट्स के खिलाफ बनाए। बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक ने एलएसजी के खिलाफ 28 गेंदों पर 8 चौके और 6 छक्के जड़े थे। इस मुकाबले में उन्होंने ट्रेविस हेड के साथ मिलकर रिकॉर्ड 167 रन की साझेदारी की। हैदराबाद ने 10 विकेट से जीत दर्ज कर प्लेऑफ में अपनी दावेदार मजबूत कर ली है।

### देश में बढ़ रही महिला फुटबॉल की लोकप्रियता

**नई दिल्ली ।** देश में महिला फुटबॉल की लोक्रपियता बढ़ने के साथ ही इसमें आने वाली प्रतिभाओं की तादाद भी बढ़ी है। महिला फुटबॉल लीग के शुरु होने से भी इस खेल के प्रति आकर्षण बढ़ा है। देश की कुछ खिलाड़ी अब विदेशी लीग में भी खेल रही हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अनुसार पिछले दो साल में महिला फुटबॉल खिलाड़ियों की संख्या में 138 फीसदी की बढ़त आई है। अभी भारतीय महिला टीम फीफा रैंकिंग में 66वें नंबर पर है। टीम की पांच खिलाड़ी मानुषा कल्याण, ज्योति चौहान, एमके कश्मीना, किरण पिस्दा और ई पान्थोई विदेश की बड़ी लीग में खेलती हैं। वहीं जानकारों के अनुसार महिला टीम के अब विश्व कप में क्वालीफाई करने की संभावना भी बढ़ती जा रही हैं। इसलिए फुटबॉल संघ को उनकी और अधिक सहायता करनी चाहिए। महिला फुटबॉल लीग में अब अब होम और अवे मैच (घरेलू और बाहर के मैदान) का प्रारुप भी शुरू कर दिया है। इसके साथ ही इस सत्र में दूसरी श्रेणी की लीग आईडब्ल्यूएल 2 भी शुरू हुई है, जिसमें से 15 टीमों में से 2 टीमों को प्रमोशन मिलेगा। वहीं जितनी ज्यादा टीमें होंगी। उतने ही खिलाड़ियों को खेलने के अधिक अवसर मिलेंगे। अभी दो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की महिला टीमें भी हैं। साथ ही तीन बार की चैंपियन गोकुलम केरला भी है, जो विदेशों में प्रतियोगिता खेलने वाली भारत की पहली महिला टीम थी। अब यह भी बदलाव हुआ है कि महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को क्लब पेशेवर अनुबंध भी देने लगे हैं। इससे खिलाड़ियों को अच्छी रकम भी मिल रही हैं।

## मुबंई को परास्त कर कोलकाता प्लेऑफ में



**कोलकाता, 11 मई (एजेंसियां)।** वेंकटेश अय्यर (42),नितीश राणा (33) की शानदार बल्लेबाजी और आंद्रे रसल के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्षा बाधित मुकाबले में मुबंई इंडियंस को 18 रन से हरा कर प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गयी है।

ईडन गार्डन मैदान पर बारिश से भीगे मैदान पर करीब डेढ घंटे विलंब से शुरु हुये मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता ने निर्धारित 16 ओवरों में सात विकेट खोकर 157 रन बनाये जिसके जवाब में मुबंई की टीम अच्छी शुरुआत के बावजूद आठ विकेट पर 139 रन ही बना सकी।

इस जीत के साथ कोलकाता 12 मैचों में नवीं जीत के बाद 18 अंक अर्जित कर प्लेआफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन चुकी है जबकि मुबंई के लिये मौजूदा सत्र निराशाजनक रहा है और पहले ही खिताबी दौड़ से बाहर हो चुकी हार्दिक पांड्या की टीम के लिये यह हार लंबे समय तक चुभेगी।

158 रन का पीछा करने उतरी मुबंई ने शुरुआत आक्रामक तरीके से की थी और ईशान किशन (40) और रोहित शर्मा (19) ने पहले पावर प्ले में दस रन प्रति ओवर के रन रेट को बनाये रखा था मगर सातवें ओवर ईशान किशन सुनील नारायण का शिकार बने जबकि अगले ही ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने रोहित को पवेलियन की राह दिखायी। सूर्य कुमार यादव (11) का बल्ला जब तक अपने रंग में आता कि आंद्र रसल ने रमनदीप के हाथों से उसे खामोश कर दिया।

दूसरे छोर पर तिलक वर्मा ने अपनी धुआंधार रफ्तार को जारी रखा मगर हार्दिक पांड्या (2) और टिम डेविड (0) के रुप में दो झटकों ने मुबंई की उम्मीदों पर ब्रेक लगाये हालांकि नमन धीर (17) ने तिलक के साथ मिलकर उम्मीदों को जिंदा रखने की असफल कोशिश की मगर हर्षित राणा ने पहले नमन को और फिर तिलक को पवेलियन का रास्ता दिखा कर कोलकाता के प्लेआफ में पहुंचने का रास्ता साफ कर दिया।

इससे पहले कोलकाता की शुरुआत निराशाजनक रही जब पहले ही ओवर की पांचवीं गेंद पर फिल सॉल्ट (6) मात्र एक छक्का जमा कर चलते बने जबकि शानदार फार्म में चल रहे सुनील नारायण जसप्रीत बुमराह की गेंद पर बगैर खाता खोले पवेलियन लौट गये। बाद में क्रीज पर आये वेंकटेश अय्यर ने दिलेरी के साथ मुबंई के गेंदबाजों का सामना किया और मैदान के चारों ओर चौकों छक्कों की बारिश कर दी। उन्होने मात्र 21 गेंदों में 200 के स्ट्राइक रेट से छह चौके और दो छक्के लगा कर स्टेडियम में उत्साह का संचार किया।

कप्तान श्रेयस अय्यर (7) के आउट होने के बाद उन्होने नीतिश राणा के साथ स्कोरबोर्ड को चलाया। उनकी पारी का अंत अनुभवी पियूष चावला ने मोर्चा संभालते ही किया जब एक ललचाती हुयी गेंद को मारने के प्रयास में वह सूर्य कुमार यादव के हाथों आउट हुये। दूसरे छोर पर राणा ने मुबंई के गेंदबाजों की धुनायी जारी रखी मगर वह दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हो गये।

अपने बेखौफ अंदाज के अनुरुप आंद्रे रसल (24) और रिंकू सिंह (20) ने आखिरी के ओवरों में तेजी से रन जुटाये वहीं रमनदीप सिंह आठ गेंदो पर 17 रन बना कर नाबाद पवेलियन लौटे। मुबंई के लिये बुमराह और पियूष चावला ने दो दो विकेट चटकाये जबकि अंशुल कंबोज और नुवान तुषारा को एक एक विकेट मिला।

## एक दशक में दो बार भारतीय टीम हाथ आया खिताब नहीं जीत पाई



**मुम्बई, 11 मई (एजेंसियां) ।**

रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम अगले माह होने वाले आईसीसी टी20 विश्वकप में खिताब जीतने के लिए पूरा जोर लगा देगी। इसका कारण है कि वह पिछले एक दशक से खिताब नहीं जीत पायी है। इस एक दशक में भी दो बार खिताब उसके हाथ के बेहद करीब आकर निकल गया। ये था साल 2014 का टी20 विश्वकप और 2023 एकदिवसीय विश्वकप। इन दोनो ही बार भारतीय टीम फाइनल में जाकर हारी। उससे पहले के सभी मुकाबले भारतीय टीम ने जीते थे। यहां तक कि तकरीबन सभी आंकड़े भी एक समान थे। साल साल 2007 में चैंपियन बनने के अलावा भारतीय टीम 2014 के टी20 विश्वकप में फाइनल में पहुंची थी पर टीम को खिताबी मुकाबले में श्रीलंका से हार का सामना करना पड़ा था। टी20 विश्वककप 2014 और एकदिवसीय विश्वकप 2023 में कई समानताएं हैं। एकदिवसीय विश्वकप 2023 की तरह 2014 के टी20 विश्वकप में भी भारतीय टीम ने अपने विरोधियों के खिलाफ सभी मैच जीतकर फाइनल में जगह बनायी थी हालांकि फाइनल में खराब प्रदर्शन से उसे हार मिली थी। टी20 विश्वकप 2014 और एकदिवसीय विश्वपक 2023 में भारतीय टीम ने फाइनल से पहले अपने सभी मैच आसानी से जीते थे। इन दोनों ही टूर्नामेंट के फाइनल से पहले भारतीय टीम कोई भी मैच नहीं हारी थी पर फाइनल में एक दिन के खराब प्रदर्शन से उसके हाथों से खिताब निकल गया था। दोनों ही टूर्नामेंट में भारतीय टीम का पाकिस्तान पर जीत के साथ-साथ फाइनल में मिली हार का अंतर एक समान था। टी20 विश्वकप 2014 में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया था और 2023 विश्वकप में भी टीम इंडिया ने 'पड़ोसी देश' को इसी अंतर से हराया था। वहीं इसी प्रकार टी20 विश्वकप 2014 के फाइनल में भारत को श्रीलंका ने 6 विकेट से हराया था। वहीं विश्वप 2023 के फाइनल में भी भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया ने इतने ही अंतर से हाराया था। दोनों ही टूर्नामेंटों में भारतीय टीम केवल फाइनल में ही हारी थी।

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एंडरसन ने किया क्रिकेट से सन्यास लेने का ऐलान

## भारत दौरे पर 700 टेस्ट विकेट लेकर इतिहास में दर्ज कराया था अपना नाम

**लंदन, 11 मई (एजेंसियां) ।**



इंग्लैंड के मशहूर और तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने वाले हैं। 700 टेस्ट विकेट लेकर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कराने वाले तेज गेंदबाज ने यह अहम फैसला लिया है। आगामी घरेलू सत्र के बाद एंडरसन टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के लिए तैयार है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एंडरसन इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के भारत दौरे में टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बने थे। इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने बताया है कि वे ऑस्ट्रेलिया में 2025-26 एशेज पर नजर रखते हुए भविष्य की ओर देख रहे हैं, जिसका मतलब है कि 41 साल के खिलाड़ी का अंतरराष्ट्रीय करियर पूरा होने वाला है। जेम्स एंडरसन के नाम सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने का रिकॉर्ड है। वह सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे स्थान पर आते हैं। सचिन ने सबसे ज्यादा 200 टेस्ट मैच खेलने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। जेम्स एंडरसन ने अब तक 187 टेस्ट मैच खेले हैं। इंग्लैंड इस साल घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज और श्रीलंका के साथ टेस्ट मैच खेलने को तैयार है और उनमें से एक मैच उनके घरेलू मैदान ओल्ड ट्रैफर्ड पर होगा। वह मैच दाएं हाथ के गेंदबाज के लिए आखिरी हो सकता है।

## रोमांचक मुकाबले में पांच रन से जीता बांग्लादेश जिम्बाब्वे के खिलाफ बनाई 4-0 की अजेय बढ़त

**नई दिल्ली, 11 मई (एजेंसियां) ।**



बांग्लादेश ने चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जिम्बाब्वे को पांच रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 19.5 ओवर में 143 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की पूरी टीम 19.4 ओवर में 138 ही बना सकी। शाकिब अल हसन ने चार तो मुस्तफिजुर रहमान ने तीन विकेट लिए। टॉस हराने के बाद बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया गया। सलामी जोड़ी तंजीद हसन और सौम्य सरकार ने पहले विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी की। तंजीद ने 37 गेंद पर 52 रन की पारी खेली। सौम्य सरकार ने 34 गेंद पर 41 रन का योगदान दिया। तौहीद हृदय ने 12 रन बनाए। जिम्बाब्वे की खराब शुरुआत इसके बाद कोई भी बांग्लादेशी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं छू सका। जिम्बाब्वे की तरफ से एल जोंग्वे ने 3 ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए। ब्रायन बेनेट और नगारवा को दो-दो विकेट मिले। मुजारबानी और कप्तान रजा को एक-एक विकेट मिला। शाकिब और मुस्तफिजुर की घातक गेंदबाजी लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे ने पहले ही ओवर में विकेट गंवाया। ब्रायन बेनेट बिना कोई रन बनाए तस्कीन अहमद का शिकार बने। मरुमणि ने 14, सिकंदर रजा 17 और जॉनाथन कैम्पबेल ने 31 रन का योगदान दिया। पूरी टीम 20 ओवर नहीं खेल पाई और पांच रन से मैच गंवा दिया। शाकिब ने चार तो मुस्तफिजुर ने तीन विकेट चटकाए।

## पाक-बांग्लादेश अभी तक घोषित नहीं कर पाये हैं टी20 विश्वकप के लिए टीम, भारत, ऑस्ट्रेलिया सहित 16 देशों ने घोषित की

**मुम्बई, 11 मई (एजेंसियां) ।**

अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप के लिए अभी तक 16 टीमें घोषित हो गयी हैं। पर पाकिस्तान-बांग्लादेश बोर्ड अपनी अपनी टीमें घोषित नहीं कर पाया है। यहां तक कि अन्य टीमें जहां विश्वकप के लिए अमेरिका और वेस्टइंडीज जाने का कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं। वहीं पाक और बांग्लादेश अपनी टीम कही तय नहीं कर पा रहे हैं। पाकिस्तान की क्रिकेट टीम आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेगी। इसके बाद पाकिस्तानी क्रिकेटर इंग्लैंड पहुंचेंगे। फिर पाकिस्तान-इंग्लैंड सीरीज होगी। इस प्रकार देखा जाये तो पाक टीम तैयारी तो अच्छी कर रही है पर टीम की घोषणा को लेकर संशय में है। पीसीबी के अनुसार अभी टीम के कुछ खिलाड़ी पूरी तरह फिट नहीं हैं. इसलिए टीम चयन टाल दिया गया है। बांग्लादेश की टीम भी जिम्बाब्वे के साथ सीरीज खेल रही है। पाक और बांग्लादेश के अलावा नामीबिया और नीदरलैंड्स ने भी अभी अपनी टीम घोषित नहीं की है।

**अब तक घोषित हुई टीमें इस प्रकार हैं :**

**1 भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह. रिजर्व खिलाड़ी: शुभमन गिल, रिंकू सिंह, आवेश खान और खलील अहमद।

**2 ऑस्ट्रेलिया:** मिचेल मार्श (कप्तान), ट्रैविस हेड, डेविड वॉर्नर, कैमरन ग्रीन, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टॉयनिस, टिम डेविड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू वेड, एश्टन एगर, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, एडम जम्पा।

**3 न्यूजीलैंड:** केन विलियम्सन (कप्तान), फिन एलन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, डेरिल मिचेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिचेल सैंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी. लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, ट्रेंट बोल्ट, रिजर्व खिलाड़ी: बीन सियर्स।

**4 इंग्लैंड:** जॉस बटलर (कप्तान), मोइन अली (उप-कप्तान), फिल साल्ट, विल जैक्स, जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, बेन डकेट, लियाम लिविंगस्टोन, सैम करेन, क्रिस जॉर्डन, टॉम हार्टली, आदिल राशिद, मार्क वुड, जोफ्रा आर्चर, रीस टॉपली।

**5 दक्षिण अफ्रीका:** एडेन माक्ररम (कप्तान), रीज़ा हेंड्रिक्स, ओटिनल बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, क्विंटन डिकॉक, बेरोन फार्च्युन, हेनरिक क्लासेन, मार्को यानसेन, केशव महाराज, डेविड मिलर,




एनरिक नॉर्किया, कैगिसो रबाडा, रियान रिक्लटन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

**6 श्रीलंका:** वानिंदु हसरंगा (कप्तान), चरिथ असलंका (उप-कप्तान), कुसल मेंडिस, पथुम निसांका, कामिंदु मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, एंजेलो मैथ्यूज, धनंजय डिसिल्वा, दासुन शनाका, महीश तीक्षणा, डुनिथ वेललागे, दुष्मंथा चमीरा, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराणा, दिलशान मधुशंका।

**7 वेस्टइंडीज:** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ (उप-कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, शिमरन हेटमायर, रोस्टन चेज, ब्रैंडन किंग, निकलस पूरन, शाई होप, आंद्रे रसेल, जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, शमर जोसेफ, अकील होसेन, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड।

**8 अफगानिस्तान:** राशिद खान (कप्तान), इब्राहिम जादरान, नजीबुल्लाह जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, नांग्याल खरोती. मोहम्मद इशाक (विकेटकीपर), मुजीब उर रहमान, नवीन उल हक, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक. रिजर्व खिलाड़ी: सेदिक अटल, हजरतुल्लाह जजई, सलीम सफी।

**9 आयरलैंड:** पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), मार्क अडायर, रॉस अडायर, एंड्रयू बालबर्नी, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, ग्राहम ह्यूम, जोश लिटिल, बैरी मैक्कार्थी, नील रॉक, हैरी टेक्टर, लोर्कन टकर, बेन व्हाइट, क्रेग युवा।

**10 अमेरिका:** मोनांक पटेल (कप्तान), एरॉन जोंस, एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केनजिगे, सौरभ नेत्रलवकर, शैडली वान शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर. रिजर्व खिलाड़ी: गजानंद सिंह, जुआनॉय ड्राईस्डेल, यासिर मोहम्मद।

**11 नेपाल:** रोहित पौडेल (कप्तान), आसिफ शेख, अनिल कुमार साह, कुशल भुरतेल, कुशल माल्ला, दीपेंद्र सिंह, करन केसी, गुलशन झा, सोमपाल कामी, प्रतिस जीसी, संदीप जोरा, ललित राजबंशी, अबिनाश बोहरा, सागर धाकल, कमल सिंह।

**12 स्कॉटलैंड:** रिची बेरिंग्टन (कप्तान), मैथ्यू क्रॉस, ब्रैड करी, क्रिस ग्रीव्स, ओली हेयर्स, माइकल लीस्क, जैक जार्विस, माइकल जोन्स, ब्रैंडन मैकमुलेन, जॉर्ज मुन्से, चार्ली टियर, सफयान शरीफ, क्रिस सोल, मार्क वॉट और ब्रैड व्हील।

**13 पापुआ न्यू गिनी:** असद वाला (कप्तान), चार्ल्स एमिनी (उप कप्तान), एलेई नाओ, चाड सॉपर, हीरी हीरी, हिला वारे,जैक गार्डनर, जॉन करीको, काबुआ मोरेया, किप्लिंग डोरिगा, लेगा सियाका, नॉर्मन वानुआ, सेमा कामेया, सेसे बाओ, टोनी उरा।

**14 युगांडा:** ब्रायन मसाबा (कप्तान), रियाजत अली शाह (उप-कप्तान), साइमन सेसाजी, कॉसमॉस क्युवुटा, दिनेश नकरानी, रोजर मुकासा, फ्रेड अचेलम, अल्पेश रमजानी, फ्रैंक नसुबुगा, हेनरी सेसेनडो, रॉबिन्सन ओबुया, बिलाल हसन, जुमा मियाजी, केनेथ वैसवा, रौनक पटेल. रिजर्व प्लेयर: इनोसेंट म्वेबेज, रोनाल्ड लुटाया।

**15 कनाडा:** साद बिन जफर, एरॉन जॉनसन, डिलन हेलिगर, दिलप्रीत बाजवा, हर्ष ठाकेर, जेरेमी गॉर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल ताथगुर (विकेटकीपर), नवनीत धालीवाल, निकोलस कीर्टन, परगट सिंह, रविंदरपाल सिंह, रेयानखान पठान, श्रेयस मोव्वा (विकेटकीपर)।

**16 ओमान:** आकिब इलियास (कप्तान), जीशान मकसूद, कश्यप प्रजापति, प्रतीक अठावले (विकेटकीपर), अयान खान, शोएब खान, मोहम्मद नदीम, नसीम खुशी (विकेटकीपर), मेहरान खान, बिलाल खान, रफीउल्लाह, कलीमुल्लाह, फैयाज बट, शकील अहमद ।

# इंडी गठबंधन सत्ता में आया तो फिर से लौटेगा आतंकवाद का दौर : योगी

## कानपुर और अकबरपुर लोकसभा सीटों के लिए हुई चुनावी जनसभा

**कानपुर, 11 मई (एजेंसियां)।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अगर इंडी गठबंधन सत्ता में आता है तो देश में एक बार फिर आतंकवाद और नक्सलवाद का दौर शुरू हो जाएगा। उन्होंने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि संविधान संशोधन का डर फैलाने वाली कांग्रेस ने सबसे पहले भारतीय संविधान में संशोधन करते हुए अभिव्यक्ति की आजादी को रौंदने का कार्य किया था। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि सपा के एजेंडे में अयोध्या का विकास नहीं, बल्कि अयोध्या में आतंकी हमला करने वाले आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेना था।



सीएम योगी शनिवार को यहां छावनी विधानसभा क्षेत्र में कानपुर और अकबरपुर लोकसभा सीटों के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां कानपुर से पार्टी प्रत्याशी रमेश अवस्थी और अकबरपुर से बीजेपी प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले के लिए जनता से वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि कानपुर को मां गंगा के आशीर्वाद से उर्वरता और उद्यमिता का वरदान मिला है। ये क्रांति धरा होने के साथ ही देश के विकास की ऊर्जा की भूमि भी है। चौथे चरण में कानपुर की जनता को निर्णय लेना है। आज पूरे देश में एक ही स्वर गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार। 400 पार में कानपुर और अकबरपुर की सीटें भी शामिल होंगी।

सीएम योगी ने कहा कि बीते 10 साल में मोदी जी ने बिना रुके, बिना थके और बिना डिगे देश की अहर्निश सेवा की है। हर व्यक्ति इस बात को मानता है कि मोदी जी ने देश को दुनिया में सम्मान दिलाया है, हमारी सीमाओं को सुरक्षित किया है, विकास को गति दी है, गरीब कल्याण के साथ ही नागरिकों के जीवन में परिवर्तन किया है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन नकारात्मक राजनीति के कारण अपनी विश्वसनीयता खो रहा है। इनको पाकिस्तान के हितों की चिंता होती है। इनको आतंकवाद और नक्सलवाद की समस्या के समाधान की नहीं आतंकियों पर दायर मुकदमों को वापस लेने की चिंता होती है। इनकी चिंता थी कि जैसे भी हो अयोध्या में राममंदिर का निर्माण न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले देश में आतंकी विस्फोट में निर्दोष लोग और जवान शहीद होते थे। अब ये नहीं हो सकता, क्योंकि मोदी सरकार ने आतंकवाद की नाभी पर प्रहार किया है। ये नया भारत छेड़ता नहीं, मगर कोई छेड़ता है तो छोड़ता भी नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि आज कानपुर में हाईवे, एक्सप्रेस वे, मेट्रो के साथ ही डिफेंस कॉरीडोर बन रहा है। नमामी गंगे के क्षेत्र में हुए कार्य का लाभ कानपुर को सर्वाधिक प्राप्त हुआ है। कानपुर के सीसामऊ और जाजमऊ में गंगा की धारा को अविरल निर्मल करने में भाजपा सरकार को सफलता मिली है।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, महापौर प्रमिला पांडेय, सांसद सत्यदेव पचौरी, अकबरपुर के सांसद और पार्टी प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले, कानपुर से बीजेपी प्रत्याशी रमेश अवस्थी, विधायकगण महेश त्रिवेदी, सुरेन्द्र मैथानी, सलिल विश्नोई और अविनाश सिंह सहित अन्य गणमान्य शामिल रहे।

### मौलाना शहाबुद्दीन का बेबाक बयान

# मुसलमानों को डरा रहे अखिलेश और फारूक अब्दुल्ला

**बरेली, 11 मई (एजेंसियां)।**

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के चलते रोजाना नए मुद्दे खड़े हो रहे हैं। सियासी दलों से जुड़े लोग मुसलमानों को डराने में लगे हुए हैं। इनमें खास तौर पर जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और सपा प्रमुख अखिलेश यादव हैं। मौलाना ने कहा कि ये दोनों नेता अपनी चुनावी सभाओं में मुसलमानों को डराने का काम कर रहे हैं। भारत में मुसलमानों को डरने की जरूरत नहीं।



उन्होंने कहा कि देश की तरक्की और आजादी में मुसलमानों का भरपूर योगदान रहा है। जो लोग संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने की बात कर रहे हैं, वे लोग ख्वाब की जिंदगी जी रहे हैं। हमारा संविधान डॉक्टर भीमराव आंबेडकर का बनाया हुआ है, जो मजबूत बुनियादों पर कायम है। संविधान को कोई भी व्यक्ति या सरकार नहीं बदल सकती है। इसलिए देश की व्यवस्था संविधान के मातहत है। संविधान ही एक ऐसी किताब है जिसमें सभी धर्मों के लोगों को एक साथ जोड़ रखा है। मौलाना ने कहा कि चुनाव में कुछ पार्टियों के लोग लोकतंत्र को खत्म करने का शोर मचा रहे हैं। मगर उन लोगों को ये सोचना चाहिए कि भारत की खूबसूरती लोकतंत्र से है। जब लोकतंत्र हीं नहीं होगा तो भारत की खूबसूरती भी खत्म हो जाएगी। इसका नुकसान कितना बड़ा होगा उसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं दावे से कहता हूं कि भविष्य में भी 500 साल तक कोई ऐसी ताकत नहीं आने वाली है जो भारत के लोकतंत्र को खत्म कर सके।

शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि जो लोग संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ का नारा लगाकर मुसलमानों को डराना चाहते हैं, वे गलतफहमी में हैं। मुसलमान इन तमाम बातों को खूब समझता है। सिर्फ खुदा के अलावा किसी से नहीं डरता। फारूक अब्दुल्ला और अखिलेश यादव अपनी चुनावी सभाओं में मुसलमानों को डराने का काम कर रहे हैं। कहते हैं संविधान खतरे में है, लोकतंत्र खतरे में है और मुसलमान खतरे में है। इन लोगों को इस तरह बातें बंद कर देना चाहिए। मुसलमान तो सिर्फ खुदा और रसूल से डरता है। इन नेत-ाओं की बातों से मुसलमान डरने वाला नहीं है। चुनाव के परिणाम जो भी हों, हम उनका सामना करने के लिए तैयार हैं

# सपा के पूर्व विधायक बाबा दुबे ने पार्टी से दिया इस्तीफा



**जौनपुर, 11 मई (एजेंसियां)।**

जौनपुर जिले के बदलापुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक बाबा दुबे ने सपा से त्यागपत्र दे दिया है।

इसका कारण उन्होंने लोकसभा चुनाव में विपरीत विचारधारा वाले प्रत्याशी को मैदान में उतरने को बताया। उन्होंने त्यागपत्र में लिखा कि मेरे निजी व राजनीतिक सिद्धांतों के विपरीत होने के कारण किसी भी व्यक्ति का समर्थन या प्रचार ना ही पूर्व में कभी करना स्वीकार किया, नहीं वर्तमान में करना स्वीकार करूंगा। इसलिए समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता त्याग रहा हूं। यह पत्र उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नाम लिखा है।

बाबा दुबे वर्ष 2012 में बदलापुर विधानसभा क्षेत्र से पहली बार सपा के टिकट पर चुनकर विधानसभा पहुंचे थे। उनकी गिनती बड़े उद्योगपतियों में होती है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन का पहला चुनाव वर्ष 2004 में जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से बसपा के टिकट पर लड़ा था, जिसमें उनको सपा के पारसनाथ यादव से हार का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा उन्होंने 2009 में रारी में हुए विधानसभा का उपचुनाव सपा के टिकट पर लड़ा। फिर सपा के ही टिकट पर 2012, 2017, 2022 का चुनाव लड़े लेकिन सफलता सिर्फ 2012 के चुनाव में मिली।

# कन्नौज के इत्र में बदबू फैलाती थी समाजवादी पार्टी: योगी

## कन्नौज के भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के लिए योगी ने की जनसभा

**कन्नौज, 11 मई (एजेंसियां)।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कन्नौज में अखिलेश यादव को खूब खरी सुनाई। बोले कि वे कन्नौज से चुनाव इसलिए लड़ रहे हैं कि इंडी गठबंधन को यहां प्रत्याशी नहीं मिल रहा था। पहला को टिकट दिया, फिर उसका टिकट काट दिया। दूसरे को दिया तो वह मैदान छोड़कर भाग गया। तीसरे की घोषणा की तो वह मना कर दिया। जब कोई नहीं मिला तो सपा अध्यक्ष कह रहे हैं कि सेवा करना चाहता हूं। जब मौका था, तब कन्नौज की इत्र में बदबू फैलाने का काम कर रहे थे। हर दूसरे दिन यूपी में दंगा कराते थे। इनके शासन में बेटियों-व्यापारियों की सुरक्षा से खिलवाड़ होता था। गरीबों के हकों पर डकैती पड़ती थी। मुख्यमंत्री आवास बुलाकर दंगाइयों का महिमामंडन करते थे, लेकिन अब नए भारत का नया उप्र दंगाइयों व कर्फ्यू लगाने वालों से कैसे निपटता है, यह आप भी देख रहे होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को करिया झाला का मैदान झींझक, रसूलाबाद में आयोजित जनसभा में अपनी बातें रखीं। उन्होंने कन्नौज के सांसद व 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक को फिर से दिल्ली भेजने की अपील की। सीएम ने आमजन से आह्वान किया कि घर-घर जाकर कहिए कि हमें रामभक्त चाहिए, रामद्रोही नहीं। सीएम योगी ने कहा कि नए भारत में सुरक्षा, गरीब कल्याण, विकास, विरासत और आस्था का सम्मान है।

सपा रामभक्तों पर गोली चलाती थी, आतंकियों के मुकदमे वापस लेती थी और भाजपा राम मंदिर बनवाती है। आपने वोट देकर भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली व लखनऊ सरकार को चुना है, इसलिए आपके योगदान की बदौलत अयोध्या में 500 वर्ष के बाद भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। प्रभु ने इस अंतराल के बाद अपनी जन्मभूमि पर होली खेली, जन्मोत्सव मनाया और उनका सूर्य तिलक भी हुआ। नई अयोध्या के दर्शन कर यह लोक धन्य हुआ। पूर्वजों की आस और संकल्प को हमने अपनी आंखों के



सामने पूरा होते भी देख लिया।

सीएम ने कहा कि नया भारत केवल बोलता ही नहीं, करके दिखाता भी है। भाजपा ने कहा था कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे। तब सपा के लोग रामभक्तों पर गोलियां चलाते थे और बोलते थे कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता। इनके समय में अयोध्या में आतंकी हमला हुआ था। सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने देश और सपा ने यूपी की जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया। दोनों एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं, फिर मिलकर जोर आजमाइश करना चाहते हैं। अब मोदी जी के आत्मनिर्भर व विकसित भारत के निर्माण के संकल्प से जुड़ने का अवसर आ गया है। कांग्रेस अपने और सपा सैफई परिवार को धन-संपदा से परिपूर्ण करने के लिए मैदान में है तो भाजपा राष्ट्रहित के लिए चुनाव लड़ रही है। भाजपा का संकल्प देश के लिए है। हम लोग वर्तमान व भावी पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल बनाना चाहते हैं। यह केवल चुनाव नहीं, बल्कि भारत की तकदीर व तस्वीर बदलने के लिए मोदी जी के नेतृत्व में हुए अहर्निश प्रयास को नई गति देकर बढ़ाने का प्रयास है।

सीएम ने कहा कि सपा सरकार में प्रदेश में हर तीसरे दिन दंगे होते थे। अराजकता चरम पर थी। गुंडागर्दी का आलम यह थी कि प्रदेश की बेटियां रिश्तेदारों या छात्रावास में जाकर रहने को विवश होती थीं, लेकिन नए भारत का नया उप्र कहता है कि माफिया-अपराधी के लिए प्रदेश की धरती पर कोई जगह नहीं है। माफिया-अपराधियों को उनकी जगह बता दी गई है, फिर भी सपा की संवेदना माफिया के साथ है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिष्टाचार होता है।

मुलायम सिंह यादव के निधन पर मैं व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष गए थे। प्रधानमंत्री ने संवेदना भी व्यक्त की थी। वहीं अखिलेश यादव ने रामभक्त, पूर्व मुख्यमंत्री-राज्यपाल कल्याण सिंह की मृत्यु पर संवेदना तक नहीं व्यक्त की, लेकिन माफिया की मौत पर मातम मनाने गए थे। इनकी संवेदना राम मंदिर, भारत, रामभक्तों, आमजन के प्रति नहीं, बल्कि माफिया, भारत के खिलाफ वक्तव्य देने वालों के प्रति है।

सीएम योगी ने कहा कि एक तरफ रामभक्त तो दूसरी तरफ रामद्रोही हैं। रामद्रोही भारत और आमजन के खिलाफ षडयंत्र रह रहे हैं। रामभक्त मोदी जी की सरकार के साथ नया इतिहास बनाना चाहते हैं। रामभक्त भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत, विकसित, आत्मनिर्भर और खुशहाल भारत बनाना चाहते हैं। दिल्ली में मोदी जी के नेतृत्व में नया भारत आत्मनिर्भर व विकसित बनेगा। उत्तर प्रदेश में भी विकास की असीम संभावनाएं हैं। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भारत की इकॉनमी के ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करेगा।

जनसभा में सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान, असीम अरुण, संदीप सिंह, विधायक पूनम शंखवार, भाजपा कानपुर देहात के जिला प्रभारी अशोक राजपूत, कानपुर देहात के जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजू, नगर पालिका अध्यक्ष झींझक अमित तिवारी, पूर्व विधायक निर्मला शंखवार आदि की मौजूदगी रही।


# पूर्वांचल में एनडीए के सामने प्रदर्शन दोहराने की चुनौती

### पिछड़ेपन का दाग लेगा भाजपा का इम्तिहान

**वाराणसी, 11 मई (एजेंसियां)।**

उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल का चुनावी मैदान रण के लिए तैयार हो चुका है। आठ मंडलों की 25 लोकसभा सीटों में से 21 पर राजग का कब्जा है। काशी विश्वनाथ, विंध्य कॉरिडोर और हाईवे का जाल बिछने के बाद यह पहला लोकसभा चुनाव है। भाजपा के सांस्कृतिक सरोकारों से जुड़े सबसे ज्यादा बिंब भी इसी इलाके में हैं। पूर्वांचल इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाता भी इसी क्षेत्र से है। विकास की रफ्तार तो बढ़ी है, पर पिछड़ेपन का दाग अब भी पूरी तरह से नहीं धुल पाए हैं। ऐसे में भाजपा का सबसे बड़ा इम्तिहान होगा।

सबसे पहले विकास की बात। प्रयागराज से वाराणसी और वाराणसी से गोरखपुर तक हाईवे का जाल बिछा है। औद्योगिक इकाइयां भी लग रही हैं। पर्यटन उद्योग फला-फूला है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनने के बाद 15



करोड़ से ज्यादा पर्यटक वाराणसी आए हैं। पर, पूर्वांचल के करीब 10 लाख बुनकरों की समस्या जस की तस है। वाराणसी, भदोही, मऊ, आजमगढ़, गाजीपुर, गोरखपुर और संतकबीरनगर के बुनकर कहते हैं, सब तरफ विकास दिख रहा है, लेकिन रोजगार का बड़ा द्वार खोलने वाला बुनकर उद्योग लड़खड़ा गया है। फ्लैट रेट पर बिजली नहीं मिल पा रही है। कच्चा माल मिलने में दिक्कत आ रही है।

वाराणसी के साथ ही प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर और आजमगढ़ से विमान उड़ान भर रहे हैं। पर, आजमगढ़ के खिरिया गांव के किसान लंबे समय से एयरपोर्ट के लिए जमीन अधिग्रहण का विरोध कर रहे हैं। सोनभद्र में भी हवाई पट्टी के लिए जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। वाराणसी एयरपोर्ट के विस्तार, ट्रांसपोर्टनगर और आवास विकास परिषद की चार परियोजनाओं के जमीन अधिग्रहण का विवाद है। गोरखपुर के सरदारनगर की बंद चीनी मिल का न खुलना भी लोगों को अखर रहा है।

गोरखपुर के डॉ. संतोष सिंह कहते हैं, स्वास्थ्य सेवाओं का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है। पिछड़े जिलों में मेडिकल कॉलेज बन गए हैं। सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं शुरू हुई हैं। गोरखपुर के एम्स में इलाज मिल रहा है। पर, विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी की चुनौती बरकरार है। वहीं, प्रयागराज की स्वास्थ्य सेवाओं में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिला है। वाराणसी के लहरतारा की आरती मिश्रा चुनावी मुद्दों के सवाल पर कहती हैं, काशी में विकास दिख रहा है। एयर कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। औद्योगिक इकाइयां स्थापित हुई हैं। अभी भाजपा से बेहतर विकल्प नहीं दिख रहा है। पर, मैदागिन इलाके के रत्नाकर त्रिपाठी सवाल उठाते हैं। वह कहते हैं, काशी को क्योटो बनाने का वादा था, लेकिन जाम से निजात नहीं मिल पा रही है।

चंदौली नियमताबाद के अजय यादव कहते हैं, 2019 के चुनाव में भाजपा के जीत का अंतर बहुत कम था। विपक्षी गठबंधन में सीट सपा के पास है। वह मजबूती से चुनाव लड़ रहा है। चंदौली सिटी के अजीत सिंह इस दलील से इत्तफाक नहीं रखते। वह कहते हैं, पिछला गठबंधन सपा और बसपा के बीच था। गाजीपुर में जखानियां क्षेत्र के राम निवास वर्मा और उनकी पत्नी दिलराजी चुनावी माहौल पर कहती हैं, कोरोना काल से ही राशन मिल रहा है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। जो खाने के लिए दे रहा है, उसे समर्थन देंगे। वहीं, शमशाद अहमद का कहना है कि यहां गठबंधन का जोर है। जौनपुर के कलवारी के आकाश मिश्रा सन्नी कहते हैं, यह चुनाव 2019 से अलग है। इस बार सपा और कांग्रेस में गठबंधन है। इसका कोई खास फायदा विपक्ष को नहीं मिलेगा। वहीं, तेजी बाजार के अशोक नायर ने कहा कि गठबंधन दमदारी से चुनाव लड़ता दिख रहा है।

वाराणसी मंडल के चार जिलों में पांच सीटें-वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर और मछलीशहर हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में गाजीपुर से बसपा प्रत्याशी रहे अफजाल अंसारी (अब सपा में) को जीत मिली थी। जौनपुर में भी बसपा को जीत मिली थी। तीन सीटों पर भाजपा को जीत मिली थी। आजमगढ़ मंडल के तीन जिलों में चार सीटें-आजमगढ़, लालगंज-सुरक्षित,बलिया और घोसी हैं। बलिया छोड़ दी जाए तो भाजपा को 2019 के चुनाव में तीन सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि आजमगढ़ में हुए लोकसभा उपचुनाव में भाजपा ने जीत हासिल की थी। मिर्जापुर मंडल के तीन जिलों में तीन सीटें-रॉबर्ट्सगंज, मिर्जापुर और भदोही हैं। पिछले चुनाव में भाजपा की सहयोगी अपना दल एस के खाते में दो सीटें-रॉबर्ट्सगंज और मिर्जापुर गई थीं। भदोही से भाजपा को जीत मिली थी।

# स्मृति ईरानी के लिए वोट मांग रहा सपा विधायक का परिवार

**अमेठी, 11 मई (एजेंसियां)।**

अमेठी का सियासी रण दिलचस्प होता जा रहा है। अमेठी की सपा विधायक महराजी प्रजापति का परिवार केंद्रीय मंत्री व भाजपा प्रत्याशी स्मृति जूबिन ईरानी के लिए वोट मांग रहा है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद राजनीतिक गलियारे में इसके नफा नुकसान को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

अमेठी से भाजपा ने स्मृति जूबिन ईरानी को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस-सपा गठबंधन से किशोरी लाल शर्मा चुनावी समर में है। दोनों तरफ से राजनीतिक दांवपेंच चल रहे हैं। इसी बीच एक बड़े सियासी घटनाक्रम में शुक्रवार की देर शाम भादर के घोरहा में एक चुनावी जनसभा में भाजपा के मंच पर सपा विधायक महराजी प्रजापति का पूरा परिवार स्मृति जूबिन ईरानी के साथ खड़ा दिखा।

विधायक की बेटी अंकिता प्रजापति ने मंच से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कहा कि जिस तरह से आपने हमारा साथ दिया उसी तरह का साथ स्मृति ईरानी को दीजिए। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से हाथ उठवाकर इसकी तस्दीक ली। जवाब में जनता ने जय श्रीराम का नारा लगाया। इस मौके पर परिवार के अन्य सदस्य भी साथ में थे। हालांकि सपा विधायक महराजी प्रजापति स्वयं चुनावी समर से दूरी बनाए हुए हैं लेकिन परिवार के भाजपा का प्रचार करने को लेकर सियासी गहमागहमी तेज हो गई है।

वर्ष 2012 के चुनाव में गायत्री प्रसाद प्रजापति पहली बार सपा से विधायक बने। इसके बाद वह सरकार में मंत्री बना दिए गए। 2017 में भी सपा ने उन्हें चुनाव मैदान में उतारा था लेकिन वह भाजपा की गरिमा सिंह से पराजित हो गए थे। बाद में 2022 में उनकी पत्नी महराजी प्रजापति ने सपा के टिकट पर जीत दर्ज की। फरवरी 2024 में राज्यसभा चुनाव में सपा विधायक ने बीमारी का हवाला देकर वोट नहीं दिया था। इसके बाद से सियासी गलियारे में तरह-तरह की चर्चा चल रही थी।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 12 मई, 2024


शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# मानसिक रूप से विक्षिप्त हो चुके हैं हैं रेवंत रेड्डी : ईटेला राजेंद्र

## बालाकोट एयर स्ट्राइक पर संदेह व्यक्त कर रेवंत रेड्डी ने सेना के शौर्य पर प्रश्नचिन्ह लगाया

## कांग्रेस ने छह गारंटी के नाम पर तेलंगाना की जनता को धोखा दिया, पब्लिक इसका जवाब देगी





**हैदराबाद, 11 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी द्वारा भाजपा को देश के लिए कैंसर कहे जाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए मल्काजगिरी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ईटेला राजेंद्र ने शनिवार को कहा कि रेवंत रेड्डी मानसिक रूप से विक्षिप्त हो चुके हैं और उन्हें पागलखाने जाकर अपने पागलपन का उपचार करवाना चाहिए। ईटेला राजेंद्र ने कहा कि देश की 140 करोड़ जनता ने भाजपा को लगातार दस वर्षों से अपना समर्थन दिया और केंद्र सहित देश के कई राज्यों में भाजपा की सरकार बनाई है। ऐसा कहकर रेवंत रेड्डी ने जनता-जनार्दन का अपमान किया है, जिसके लिए जनता उन्हें माफ नहीं करेगी और आगामी लोकसभा चुनाव में रेवंत रेड्डी सुर कांग्रेस पार्टी को मुंहतोड़ जवाब देगी। श्री ईटेला राजेंद्र महिंद्रा हिल्स में आयोजित एक प्रेस वार्ता में संवादाताओं से बातचीत कर रहे थे।उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं बालाकोट एयर स्ट्राइक पर संदेह व्यक्त करके रेवंत रेड्डी ने देश और सेना के शौर्य पर सवालिया निशान लगा दिया, जबकि पूरी दुनिया जानती है कि बालाकोट एयर स्ट्राइक में भारतीय जवानों ने भारी संख्या में आतंकी ठिकाने तबाह कर दिए थे। ईटेला राजेंद्र ने कहा कि रेवंत रेड्डी ने साबित कर दिया है कि उनके मन में भारत नहीं बल्कि पाकिस्तान के लिए प्यार उमड़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश का विभाजन भी कांग्रेस ने ही करवाया था।

ईटेला राजेंद्र ने कहा कि रेवंत रेड्डी ने छह गारंटी के नाम पर तेलंगाना की जनता को धोखा दिया है और देते रहेंगे क्योंकि झूठ बोलना कांग्रेस और उसके नेताओं की फितरत है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना की जनता का विश्वास अब कांग्रेस से पूरी तरह से उठ चुका है और लोकसभा चुनाव में तेलंगाना की जनता रेवंत रेड्डी और कांग्रेस को सबक सिखाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी के पास सिर्फ और सिर्फ एक काम रह गया है और वह है भाजपा को बदनाम करना और उस पर कीचड़ उछालना। उन्होंने कहा कि मोदी शासन में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा। मोदी शासन में एक भी घोटाला नहीं हुआ। भ्रष्टाचारियों की जगह अब जेल में हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश से आंतकवाद का सफाया हुआ। देश मोदी के नेतृत्व में विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ा रहा है। ईटेला राजेंद्र ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में आए दिन बम धमाके और आतंकी वारदाते होतो थीं। आए दिन किसी न किसी घोटाले का खुलासा होता था चाहे वह टूजी घोटाला हो, दूरसंचार घोटाला, खेल घोटाला हो। यहाँ तक कि एक घोटाले की जांच आगे बढ़ती ही थी कि एक नया घोटाला फिर सामने आ जाता। ईटेला राजेंद्र ने याद दिलाया कि रेवंत रेड्डी जब टीडीपी में थे तब वह खुद कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते थे और उसका और उसका विरोध करते थे, पर अब वह खुद कांग्रेस के भ्रष्टाचार में शामिल हो गए हैं इसी से उनकी कथनी और करनी का अंतर समझ में आ जाता है। ईटेला राजेंद्र ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत एक ऐसा सामर्थ्यवान देश बन गया है जिसकी तरफ अब दुनिया का कोई भी देश आंख उठा कर बात नहीं कर सकता है। दुनिया के अन्य देश अब भारत के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है मल्काजगिरि की जनता उन्हें विजयी बनाकर संसद में भेजेगी। उन्होंने कहा कि मलकाजगिरी के लोगों को के समक्ष जब भी कोई समस्या आई तब-तब मैं उनके साथ खड़ा नजर आया हूं और भविष्य में उनके साथ खड़ा रहूंगा। मलकाजगिरी के लोगों की समस्याओं का समाधान करवाना मेरी ड्यूटी है। उन्होंने आर-ोप लगाया कि छावनी क्षेत्र में कांग्रेस के लोग पब्लिक में शराब और पैसा बाँट रहे हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं मालूम है कि मल्काजगिरी और कैंटोनमेंट की जनता भाजपा प्रत्याशी को जिताने का फैसला ले चुकी है। उन्होंने जनता से अपील की कि सिकंदराबाद छावनी में हो रहे उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉ. वामशी तिलक और मुझे विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि जब सांसद और विधायक एक ही पार्टी का होगा तो क्षेत्रीय जनता को दोहरा लाभ मिलेगा। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि मल्काजगिरी में ड्रेनेज समस्या, वक्फ बोर्ड की लैंड समस्या, पेयजल समस्या, उप्पल फ्लाई ओवर की समस्या सहित कई समस्याएं मुंह बाए खड़ी हैं, जिनका समाधान भाजपा के अलावा और कोई नहीं करवा सकता। प्रेस वार्ता में कैंटोनमेंट बोर्ड प्रत्याशी वामशी तिलक, भाजपा के वरिष्ठ नेता मल्का कुमरैया भी मौजूद रहे। इससे पूर्व उन्होंने सिकंदराबाद क्षेत्र में चुनाव प्रचार और जनसम्पर्क किया। चुनाव प्रचार अभियान के तहत ईटेला राजेंद्र ने कहा कि तेलंगाना में जनता कांग्रेस के कुशासन और भ्रष्टाचार से त्रस्त है। इससे आजिज आकर अब जनता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशियों को प्रचण्ड बहुमत देने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश को भ्रष्टाचार, आतंकवादी घटनाएं, तुष्टिकरण की राजनीति और घोटालों का आए दिन सामना करना पड़ता था लेकिन नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में परिस्थितियां बदलीं तथा देश विकास के पथ पर अग्रसर होता चला गया।ईटेला राजेंद्र कहा कि कांग्रेस भाजपा लोग बाबा साहब अम्बेडकर के बनाए संविधान के अनुसार कार्य करती है लेकिन कांग्रेस ने हमेशा उनको जलील किया तथा कभी कांग्रेस पार्टी से टिकट भी नहीं दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी घोषणा पत्र में केवल घोषणा ही करती है तथा किसी भी वादे को पूरा नहीं करती है जबकि मोदीजी ने संकल्प पत्र में किए गए अपने प्रत्येक वादे को समयबद्ध पूरा किया है।

# अग्रवाल समाज तेलंगाना का वोट करो अभियान सम्पन्न










**हैदराबाद, 11 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा शनिवार को शहर में वोट करो अभियान चलाया गया। नगर में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए यह अभियान नगर के विभिन क्षेत्रों में स्थित मेट्रो स्टेशनों पर, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर, चौराहों पर, चलचित्र घरों के समीप, विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा चलाया गया । इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नगर में अधिक से अधिक मतदान कराना है। इस अभियान को मूर्तरूप देने हेतु अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा सिकंदराबाद स्थित अग्रवाल समाज बैंक्वेट हॉल में आज प्रातः 9 बजे समाज के बंधु गण एकत्रित हुए। वहां से यह निश्चित किया गया कि 12 दल नगर के अलग-अलग क्षेत्रों में वोट करो अभियान चलायेंगे और मतदाताओं को जागरूक करेंगे।सभा में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने कहा के मतदान प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार और कर्तव्य है। लोकतंत्र में मतदान करना परम आवश्यक है। मतदान का दिवस छुट्टी दिवस नहीं अपितु कर्तव्य का दिवस है। मतदान कर अपना कर्तव्य का पालन करना सच्ची देश भक्ति है। उन्होंने अग्रवाल समाज से विशेष अनुरोध किया है कि वे सभी इस अभियान से जुड़ें और नगर में स्थित अग्रबन्धु शत-प्रतिशत मतदान करें। अपने अड़ोस-पड़ोस के बंधुओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। आवश्यकता पड़ने पर अपने वाहन का उपयोग कर अन्य बंधुओं से मतदान कराएं। वरिष्ठ जनों का विशेष ध्यान रखें। दिव्यांगों का वोट न छूटने पाए, यह भी ध्यान रखें।अभियान में समाज के प्रत्येक वर्ग से पूर्व पदाधिकारी गण, कई शाखा के सदस्य, युवा शाखा, नारी शक्ति शाखा ने इस अभियान में भाग लिया। आज के अभियान के संयोजक बिकी सराफ़ और विकास सराफ़ ने अभियान में हिस्सा लेने वाले सभी बंधुओं, सभी शाखाओं के पदाधिकारियों, समाज के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष पुरशोत्तम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नवीन अग्रवाल, मानद मंत्री कपूरचंद, सह मंत्री श्रीमति कंचन अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष अंजनी कुमार अग्रवाल, संजय पंसारी, मीडिया कमेटी चेयरमैन अजय कुमार अग्रवाल का विशेष धन्यवाद दिया।

# राधेकृष्णा वूमेंस कॉलेज की छात्राओं का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



**हैदराबाद, 11 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
अग्रवाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित राधेकृष्णा वूमेंस कॉलेज की छात्राओं का पुरस्कार वितरण समारोह और बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्राओं का विदाई समारोह समिति के सेडमल हॉल में आयोजित किया गया। गणेश वंदना और सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार केड़िया ने अपने संबोधन में कहा कि समिति से सभी शिक्षण संस्थाओं में राधेकृष्णा वूमेंस कॉलेज सबसे श्रेष्ठ है। सभी विद्यार्थियों को विशेष रूप से तृतीय वर्ष की छात्राओं से उन्होंने कहा कि यहां जो सेमिनार और प्रतियोगिताएं हुईं, उसका लाभ उठाकर अपनी प्रतिभा को निखारें। इस वार्षिकोत्सव में भी सभी विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखार कर पुरस्कृत किया जा रहा है। कॉलेज के करेस्पांडेंट डॉ. महेश कुमार केडिया ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि आपका भविष्य उज्वल है। उन्नति के मार्ग पर सतत अग्रसर रहें। दुर्गाप्रसाद बनवारीलाल गर्ल्स जूनियर कॉलेज के करेस्पॉन्डेंट और राधे कृष्णा वूमेंस कॉलेज के सह-समन्वयक मनीष कुमार अग्रवाल ने सबका अभिवादन किया और छात्राओं से कहा कि डिग्री करके अपना भविष्य बनाओ और आगे बढ़ो । नारी शक्ति को समझो और अपनी उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हो।

अकादमिक निदेशक डॉ. सरोज जैन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने आपको पहच-ानना होगा। हम नारियों में जितनी शक्ति है उसका प्रदर्शन करना होगा। समय को पहचानना होगा और नदी की धार की तरह आगे बढ़ना होगा। संयुक्त निदेशक डॉ. राजेश अग्रवाल ने राधेकृष्णा वूमेंस कॉलेज की छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी में बहुत क्षमता और योग्यता है और विश्वास है कि कॉलेज की छात्राएं जीवन में बहुत तरक्की करेंगी। मंचासीन अतिथियों ने कॉलेज की व्याख्याताओं और छात्राओं को पुरस्कृत किया। कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या अमतल हबीबा ने कॉलेज की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कॉलेज की गतिविधियों की जानकारी दी। वाणिज्य व्याख्याता कामाक्षी ने कार्यक्रम का संचालन एवं कॉलेज की वाणिज्य व्याख्याता माधुरी ने सभी का आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात विदाई समारोह में छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया और सौंदर्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। अवसर पर परी भारदाज को मिस राधेकृष्णा चुना गया। स्नेहा पात्रा विजेता एवं श्रुति पटनायक उप-विजेता रहीं। दिया व्यास कुशल वाक पटु (हाजिर जवाब), सुकन्या उत्तम केश, आयशा फरहीन उत्तम वेशभूषा एवं कामेश्वरी उत्तम मुस्कान के लिए चुनी गईं। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अवसर पर सभी शिक्षण संस्थाओं के प्रधानगण शिक्षकगण और विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

राजस्थानी स्नातक संघ
के तत्वावधान में
मासिक भाषण माला समिति द्वारा
शिक्षा.. सेवा.. जागृति..
आज रविवार दि.12-5-2024 प्रातः 11 बजे से
राजस्थानी स्नातक संघ की कहानी पूर्व अध्यक्षों की जुबानी
राजस्थानी स्नातक संघ के पूर्व अध्यक्षों द्वारा संघ से जुड़ी रोचक स्मृतियों एवं घटनाओं सुनने-समझने तथा संघ के जीवन गाथा को जानने के लिए आपकी उपस्थिति सभी सादर आमंत्रित है।
स्थान : स्नातक भवन (आरजीए हॉल) आबिड्स, हैदराबाद
अध्यक्ष गिरधर अट्टल 92463 54572
मंत्री महेश असावा 98491 62466
संयोजक प्रदीप चाण्डक 92465 41140
सह-संयोजक जुगलकिशोर शर्मा 98854 03611
समन्वयकर्ता CA अमित झँवर 98850 89450
परामर्शदाता रमेश कुमार बंग 94920 11111
YouTube LIVE https://youtube.com/@RajasthaniGraduatesAssociation?feature=shared

# अनूठे और मर्मस्पर्शी हाव-भाव से पीएम मोदी ने जीता तेलंगाना के लोगों का दिल

## ❋ पीएम मोदी ने उन पर गाना गाने वाली लड़की की फोटो पर दिया ऑटोग्राफ ❋ दिव्यांग बहनों के बैठने की व्यवस्था कराने के लिए रोक दिया अपना भाषण

**हैदराबाद, 11 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को तेलंगाना में प्रचार अभियान के दौरान न केवल इंडिया ब्लॉक की तीखी आलोचना के लिए बल्कि रैली के दौरान अपने अनूठे और मर्मस्पर्शी हाव-भाव के लिए भी सुर्खियों में रहे। तेलंगाना में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करने के बाद पीएम मोदी ने मंच पर स्थानीय भाजपा नेता विजयलक्ष्मी से मुलाकात की और उनकी बेटी जसोधरा को अपना ऑटोग्राफ दिया।



वीडियो में विजयलक्ष्मी पीएम मोदी को एक तस्वीर दिखाती नजर आ रही हैं, जिस पर वह पूछते हैं, क्या यह आपकी बेटी है?

पीएम मोदी का ऑटोग्राफ पाकर छोटी बच्ची की मां विजयलक्ष्मी बहुत खुश हुईं और कहा कि उनकी बेटी इसे देखकर रोमांचित होगी। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी ने पीएम मोदी पर एक गाना गाया था और उनके वीडियो को प्रधानमंत्री के एक्स अकाउंट से री-ट्वीट भी किया गया था। बता दें कि विजयलक्ष्मी हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की बेटी हैं और काफी समय से पार्टी से जुड़ी हुई हैं। 9 दिसंबर, 2023 को दत्तात्रेय ने अपनी पोती का एक वीडियो साझा किया था, जिसमें पोती को प्रधान मंत्री पर एक गाना गुनगुनाते देखा गया था।इससे पहले दिन में तेलंगाना के महबूबनगर में पीएम मोदी के इशारों और दिव्यांग बहनों के लिए चिंता ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बन गया। सार्वजनिक सभा में दिव्यांग बहनों को देखने के बाद पीएम मोदी ने अपने भाषण को रोक दिया और उनके आरामदायक बैठने का आह्वान किया। पीएम मोदी ने कहा कि जब तक दिव्यांग बहनों को बैठने की उचित व्यवस्था नहीं दी जाती, मैं नहीं बोलूंगा। मैं उन्हें दर्द में नहीं देख सकता। जिसके बाद आयोजक हरकत में आए और दिव्यांग बहनों के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था की। प्रधानमंत्री ने दिव्यांग बहनों को भी सार्वजनिक रैली में शामिल होने और उन्हें तथा पार्टी को आशीर्वाद देने के लिए धन्यवाद दिया।


## दक्षिण मध्य रेलवे

हमें SCRailwayindia पर फॉलो करें
द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**निविदा सूचना सं. 71/2024, दि. 03-05-2024** PUB/0435

भण्डार आइटमों की आपूर्ति
**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

निम्नलिखित निविदाएँ ऑनलाइन जारी की गयी हैं। निविदादाताओं से आग्रह है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें और अपने प्रस्तावों को ऑनलाइन जमा करें। निविदा विवरण, मात्रा, पूधरा एवं एसडी वेबसाइट में देखी जा सकती है। व्यक्तिक प्रस्तुत प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। डाक द्वारा भेजे गये प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा बन्द होने का समय निविदा की नियत तिथि को 14.30 बजे है। **सभी देशज प्रस्तावों के लिए पूधरा को www.ireps.gov.in पर उपलब्ध अनुसार ऑनलाइन प्रणाली द्वारा ही स्वीकार किया जाएगा।**

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण |
|---|---|
| 30.24.1397 | फुट स्टेप व्यवस्था |
| 56.24.7001 | 24 फाइबर बख्तरबंद ऑप्टिकल फाइबर केबल |
| 30243475A | स्लीपर कोच के लिए सीढ़ी |
| 38.24.2187 | कैसनब हेतु बाहरी स्प्रिंग |
| 38.24.1331 | लोकोमोटिव के लिए स्क्रू कपलिंग |
| 38.24.2185 | कैसनब के लिए स्नबर स्प्रिंग |
| 33.24.1203 | एलएचबी के लिए पूरी तरह से मशीनीकृत नियंत्रण शाखा का सेट |
| 30.24.3649 | हेक्स हेड बोल्ट एम-24X90 प्रचलित के साथ |
| 73241511C | स्प्लिट पिन स्टील आकार 10X12 मिमी |
| 38.24.2318 | एंगल कॉक के लिए लॉकिंग ब्रैकेट |
| 38.24.1192 | नॉन-ट्रैक्शन सीबीसी के लिए लॉक |
| 33.24.1154 | लचीला जोड़ (रोल लिंक असेंबली के लिए) |
| 33.24.1155 | लचीला जोड़ (कर्षण लीवर असेंबली के लिए) |
| 47.24.1016 | 60KVA ट्रांसफार्मर 750V/415V |
| 30.24.1182 | अनुदैर्ध्य किरण |
| 6024PT018 | विभिन्न वेल्डेबल सीएमएस के लिए चालू अनुबंध |
| 6024PT017 | विभिन्न कर्व्ड TWS के लिए चालू अनुबंध |
| LH245820 | इलास्टोमेर स्प्रिंग पैकेज |
| LH245821 | इलास्टोमेरिक पैड का सेट |
| 38.24.1480 | एसएबी के लिए समायोजक धुरी |
| 33.24.1189 | एक्सल माउंटेड के लिए मानकीकृत ब्रेक डिस्क |
| 90245010B | एमएस प्लेट 12 मिमी मोटी 2062 के अनुसार |
| 60246508 | पीएससी स्लीपर कर्व्स के लिए टी-8979 से 8982 तक |
| 6024PT0013 | पीएससी मेन लाइन स्लीपर से टी-8746 तक |
| 66245125A | वाल्व की खरीद. रिले, बैटर स्विच |
| 45.24.1191 | एलएचबी प्रकार हेतु एलईडी प्रकार आपातकालीन प्रकाश इकाई |
| 38.24.2089 | ड्राफ्ट गियर पैड का सेट |
| 56.24.1006 | पीवीसी इंसुलेटेड, केबल कॉपर कंडक्टर |

**टिप्पणी:- निविदा खोलने की नियत तिथियां :**
SL.No 01 on dt.23.05.2024 SL No.02 to 06 on dt 27.05.2024 SL.No.07 to 13 on dt 28.05.2024 SL.No 14 & 15 on dt 29.05.2024 SL.No. 16 to 22 on dt 30.05.2024 SL.No. 23 & 24 on dt 03.06.2024 SL.No 25 on dty 04.06.2024 SL.No.26 on dt 05.06.2024 SL.No. 27 on dt 06.06.2024 SL.No.28 on dt 10.06.2024

ऊपर उल्लेखित निविदाओं के अतिरिक्त रु. 25 लाख से कम मूल्य की अन्य निविदाएँ हैं।

विवरणों के लिए, कृपया उपरोक्त रेलवे वेबसाइट देखें।
**प्रिंसिपल चीफ मटेरियल्स मैनेजर/सिकन्दराबाद**


# रेलवे डिग्री कॉलेज में बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन



**हैदराबाद, 11 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रेलवे डिग्री कॉलेज प्रांगण में शनिवार को जी. आर. एस. राव, मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन), एससीआर सिकंदराबाद द्वारा बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर श्री राव ने कहा कि यह बॉस्केटबॉल छात्रों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ खेलों में उत्कृष्टता के साथ समग्र विकास में मदद करेगा। बास्केटबॉल कोर्ट के उद्घाटन के मद्देनजर छात्रों में उत्साह पैदा करने में काफी मदद मिलेगी।

इस मौके पर एम. बी. मुरलीधर, उप. मुख्य कार्मिक अधिकारी (आईआर) एससीआर ने कई बिंदुओं पर चर्चा की जो अतिथि संकाय, बुनियादी ढांचे की सुविधा, स्वच्छता की शुरुआत, बीबीए और बी.कॉम जैसे नए पाठ्यक्रमों से संबंधित थे। बास्केटबॉल कोर्ट के उद्घाटन के लिए डॉ. जी. भाष्यम विशेष आमंत्रित सदस्य थे। रेलवे डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सोपान काशीनाथ ने रेलवे डिग्री कॉलेज में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद के लिए भी प्रेरित किया है। बदलते परिदृश्य में रेलवे डिग्री कॉलेज के पुराने गौरव को बरकरार रखने का उनका दृष्टिकोण है।

# प्रिंट मीडिया प्रेस क्लब कागजनगर की कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न



**सिरपुर कागजनगर, 11 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कागजनगर प्रिंट मीडिया प्रेस क्लब की कार्यकारिणी का शुक्रवार को सर्वसम्मति से चुनाव हुआ। अध्यक्ष के रूप में टी. सुरेंद्र राव, तिरुमाला चारी और एमडी मेहराज को महासचिव और शफी उल्लाह को कोषाध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष सुरेंद्र राव ने एक बयान में कहा कि पूर्ण कार्यकारी समूह का चुनाव जून के दूसरे सप्ताह में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे साथी पत्रकारों के सहयोग से उनके अधिकारों और समस्याओं के लिए संघर्ष करेंगे। उन्होंने साथी पत्रकारों को धन्यवाद दिया जिन्होंने सर्वसम्मति से हम पर विश्वास करके उन्हें चुना। पत्रकार अंगला तिरूपति, गंधम श्रीनिवास, अनंतुला सुरेश, डी. महेश, वारला महेश, वी श्रीनिवास, एमडी इस्साक, एन राजू, एन वीरेशम, इरला सतीश कुमार, जे राजू, अब्दुल समीर ने भाग लिया।


## निविदा सूचना

PUB/0437

**निविदा संख्या 06-जीएसयू -24-25-सीनियर डीईई-एम-एचवाईबी के लिए।**

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत सीनियर डीईई/एम/एचवाईबी ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। बंद होने की तिथि 04-06-2024 को 15:00 बजे हैं। बोलीदाता केवल बंद होने की तिथि एवं समय तक अपनी मूल/ संशोधित बोलियाँ प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त। होता है तो उसकी उपेक्षा की जाएगी।

क्र.सं. 1. **कार्य का विवरण:** निविदा क्र. **06-जीएसयू -24-25-सीनियर डीईई-एम-एचवाईबी** 1) गति शक्ति यूनिट/एचवाईबी डिवीजन - अमृत भारत के तहत मेदक स्टेशन पर सॉफ्ट अपग्रेडेशन सुधार स्टेशन योजना-विद्युत व्यवस्था। 2) गति शक्ति यूनिट/एचवाईबी डिवीजन अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मेदक स्टेशन पर दिव्यांगों के लिए न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं और विद्युत व्यवस्था। 3) हैदराबाद डिवीजन: पारंपरिक एसी को ऊर्जा कुशल इन्वर्टर एसी के साथ अपग्रेड करने का प्रावधान, **अनुमानित मूल्य** (रु.): रु.3,27,41,252/-, **पूधरा** (रु.):- रु.3,13,700/-, **पूरा करने कही अवधि** : 12 महीने, **बंद होने की तिथि**: 04-06-2024

**वेबसाइट विवरण :** www.ireps.gov.in

सूचना बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा के पूर्ण विवरणों को देखा जा सकता है : मुख्य कार्यशाला सीनियर डीईई-एम-एचवाईबी, हैदराबाद भवन, सिकन्दराबाद

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता, हैदराबाद**


# केसीआर के खिलाफ टिप्पणी पर तेलंगाना कांग्रेस को चुनाव आयोग का नोटिस

**हैदराबाद, 11 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत चुनाव आयोग ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष के.चंद्रशेखर राव के खिलाफ मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी द्वारा कथित तौर पर की गई कुछ व्यक्तिगत और अपमानजनक टिप्पणियों पर कांग्रेस की तेलंगाना इकाई को नोटिस जारी किया है।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी विकास राज ने पार्टी की राज्य इकाई के उपाध्यक्ष और चुनाव आयोग समन्वय समिति के अध्यक्ष जी निरंजन से स्पष्टीकरण मांगा है। यह नोटिस बीआरएस महासचिव एम. श्रीनिवास रेड्डी द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए बीआरएस नेता के खिलाफ व्यक्तिगत, धमकी भरी और अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए रेवंत रेड्डी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराने के बाद जारी किया गया था।

श्रीनिवास रेड्डी ने आरोप लगाया कि रेवंत रेड्डी, जो राज्य कांग्रेस अध्यक्ष भी हैं ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए सार्वजनिक बैठकों के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री की आलोचना करते हुए अपमानजनक, व्यक्तिगत, अपमानजनक और अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं और उन्होंने चुनाव पैनल से उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अनुरोध किया। सीईओ ने निरंजन को 48 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण/जवाब देने को कहा है। नोटिस में कहा गया है कि निर्धारित समय के भीतर आपकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने की स्थिति में, यह माना जाएगा कि आपको इस मामले में कुछ भी नहीं कहना है और उल्लंघन के लिए स्थापित कानून के अनुसार आपको कोई और संदर्भ दिए बिना उचित कार्रवाई का निर्णय लिया जाएगा।

बताते चलें कि 1 मई को चुनाव आयोग ने केसीआर को कांग्रेस के खिलाफ अपमानजनक और आपत्तिजनक बयान देने के लिए 48 घंटे के लिए प्रचार करने से रोक दिया था। निरंजन की शिकायत के बाद सीईओ द्वारा एक तथ्यात्मक रिपोर्ट भेजे जाने के बाद कार्रवाई की गई कि बीआरएस प्रमुख ने अपनी प्रेस वार्ता में कांग्रेस के खिलाफ अपमानजनक और आपत्तिजनक बयान दिए। निरंजन की शिकायत की सामग्री और केसीआर के जवाब को देखने के बाद, आयोग ने पाया कि केसीआर ने 5 अप्रैल को सिरसिला में आपत्तिजनक और अपमानजनक बयान देकर न केवल आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन किया, बल्कि वह एमसीसी का भी उल्लंघन कर रहे थे।


**निविदा सूचना संख्या 5 से 6 DRM_W_HYB दिनांक. 09.05.2024 और 7 से 8 DRM_W_HYB दिनांक 10.05.2024** PUB/0436

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल रेल प्रबंधक/कार्य, हैदराबाद मंडल, दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद 03.06.2024 को 15.00 बजे तक ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

**निविदा संख्या:** 5_DRM_W_HYB, **कार्य का नाम:** हैदराबाद डिवीजन: क्षतिग्रस्त स्थानों पर ऊंचाई गेज का प्रावधान और आरयूबी पर मौजूदा ऊंचाई गेज में सुधार और ईएसओ-73 के अनुसार 10% रिजर्व, **अनुमानित मूल्य रु.** : 18800358, **पूधरा रु.**: 244000

**निविदा संख्या:-** 6_DRM_W_HYB, **कार्य का नाम:-** हैदराबाद डिवीजन: बीआर में निरीक्षण पालना मंच का प्रावधान। शाखा नंबर 661,555,512, 500 और 433 एससी-एमयूई सेक्शन पर और साइड पाथ वे का प्रावधान। नंबर 99, 121, 155, 178, 466 और 489 एससी-डीएचएनई सेक्शन पर शाखा नंबर 155 और 178 पर विधिवत विशेष मरम्मत, **अनुमानित मूल्य रु.**: 23249765, **पूधरा रु.**: 266300

**निविदा संख्या :** 7_DRM_W_HYB, **कार्य का नाम:** मेडचल-सिकंदराबाद-उमदानगर खंड : 2 साल की अवधि के लिए मेडचल-सिकंदराबाद-उमदानगर स्टेशनों के बीच उपनगरीय खंडों में कूड़ा उठाना (SC-MED अनुभाग सहित कार्य निष्पादित किया जाना चाहिए) मेडचल स्टेशन यार्ड का), **अनुमानित मूल्य** रु.: 6787458, **पूधरा रु.**: 135800

**निविदा संख्या:** 8_DRM_W_HYB, **कार्य का नाम:** हैदराबाद डिवीजन: काचीगुडा में पीएफ 5 पर पीएफ त्वरित जल सुविधा का प्रावधान, **अनुमानित मूल्य रु.**:- 17676607, **पूधरा रु.**:- 238400

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं

**मंडल रेल प्रबंधक/कार्य, हैदराबाद**



## निविदा सूचना

PUB/0439

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर/नांदेड़ मंडल, दक्षिण मध्य रेलवे, नांदेड़ निम्नलिखित कार्यों के लिए 03.06.2024 को 15.00 बजे तक **ई-निविदाओं** के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित करता है।

**क्र.सं. 01. निविदा सूचना सं.**:N-SG-36 2024-25-DL-04 दि. 10.05.2024, **कार्य का नाम**: - नांदेड़ प्रभाग में डीओसी परीक्षण कक्ष में नए डेटा लॉगर सिस्टम का प्रावधान, **अनुमानित मूल्य** (रुपये):- 1,74,24,100/-, **बोली सुरक्षा** (रुपये):- 2,37,100/-, **पूरा करने की अवधि**:- 06 महीने, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** (रुपये):- शून्य

**क्र.सं. 02. निविदा सूचना सं.**:N-SG-36 2024-25-Ex-05 दि. 10.05.2024, **कार्य का नाम**: - नांदेड़ डिवीजन में सर्वर आधारित आईपी एक्सचेंज के साथ नांदेड़ डिवीजनल मुख्यालय (डीओसी) में एक्सचेंज का प्रावधान, **अनुमानित मूल्य** (रुपये):- 87,53,549/-, **बोली सुरक्षा** (रुपये):- 1,75,100/-, **पूरा करने की अवधि**:- 12 महीने, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** (रुपये):- शून्य

उपरोक्त निविदा दिनांक **03.06.2024 को 15.00 बजे** बंद कर दी जाएगी।

A0556 **वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता/नांदेड़**

अतिरिक्त निविदा शर्तों/विवरणों के लिए और निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए कृपाया वेबसाइट : www.ireps.gov.in या http://www.scr.indianrailways.gov.in देखें


# मतदाताओं की असुरक्षा दूर करने के लिए पुलिस ने किया फलैग मार्च



**आसिफाबाद, 11 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आसिफाबाद डीएसपी सदैया ने कहा कि तेलंगाना में 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव बिना किसी दंगे के शांतिपूर्ण माहौल में होने चाहिए। सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। शराब, पैसे या उपहार का प्रलोभन नहीं देना चाहिए। जगह-जगह प्रचार नहीं करना चाहिए। पूजा या शैक्षणिक संस्थान, चुनाव संबंधी किसी भी शिकायत के लिए टोल फ्री शिकायत नंबर 1950 और सी व्हिसल एप्लीकेशन पर दर्ज की जा सकती है। चुनाव के मद्देनजर शहर में राजू, राकेश असिस्टेंट कमांडेंट और सतीश टाउन सीआई, वानकिडी सीआई श्रीनिवास, रेबेना सीआई चिट्टीबाबू, सीआरपीएफ इंस्पेक्टर बद्रीप्रसाद, ससैलू राजेश्वर, प्रवीण और सीआरपीएफ ने केंद्रीय बलों के साथ फलैग मार्च किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जाये और कोई अप्रिय घटना नहीं हो। उन्होंने कहा कि सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए और पैसे व शराब के लालच में नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंदिरों, मस्जिदों, चर्चों, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी कार्यालयों में कोई चुनाव अभियान नहीं चलाया जाना चाहिए। इसी तरह अगर आपको कोई चुनावी शिकायत है तो आप टोल-फ्री नंबर 1950 पर कॉल कर सकते हैं, लेकिन सी व्हिसल ऐप में भी शिकायत की जा सकती है। उसके बाद, डीएसपी सदैया ने आसिफाबाद सीआई सतीश, सीआरपीएफ एसी राकेश, इंस्पेक्टर बद्रीप्रसाद, एसए-सआईएल प्रवीण, राजेश्वर और 200 सीआरपीएफ केंद्रीय बलों, विशेष पार्टी, सशस्त्र रिजर्व, स्थानीय पुलिस के साथ आसिफाबाद शहर में मार्च किया और साहस और आत्मविश्वास दिया।


शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, PRIYANKA.K Spouse of Army No.15332776M L/Hav C.SENTHIL KUMAR, R/o.1-95, Vill & Po : Chinna Agaraharam, Teh & Dist : Krishnagiri, Tamilnadu-635001 have changed my name from **PRIYANKA. K** to **PRIYANGA. K** and also changed my DOB from **01-05-1990** to **01-05-1992** vide affidavit dt:11-05-2024 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, RADHA Spouse of Army No.JC 770788M Sub Palhate Sahebsing SS, R/o.Qtr No.248/2, Haig line water tank check post, Risalabazar, Bolarum, Secunderabad have changed my name & DOB from **RADHA**, DOB:**10-4-1987** to **RADHABAI SAHEBSING PALHATE**, DOB:**3-7-1990**, vide affidavit dt:11-5-2024 before C.Samuel, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Service No JC 770788M Sub Palhate Sahebsing SS, of 4 TrgBn, EME, C/O.56 APO that my father name and DOB is changed from **SHIVSHING BHAVLAL PALHAAATE**, DOB:**31-7-1954** to **SHIVASING BHAVALAL PALHATE**, DOB:**01-01-1949**.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Service No JC 770788M Sub Palhate Sahebsing SS of 4 TrgBn, EME, C/O.56 APO that my mother name and DOB is changed from **KAMAHABAI SHIVSINGH**, DOB:**31-7-1954** to **KAMLABAI SHIVASING PALHATE**, DOB:**01-01-1948**.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No JC 770788M Sub Palhate Sahebsing SS of 4 TrgBn, EME, C/o.56 APO that my daughter name is to be changed from **KANCHAN** to **KANCHAN SAHEBSING PALHATE**.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No JC 770788M Sub Palhate Sahebsing SS of 4 TrgBn, EME, C/o.56 APO that my daughter name is to be changed from **AACHAL** to **AACHAL SAHEBSING PALHATE**.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No JC 770788M Sub PalhateSahebsing SS of 4 TrgBn, EME, C/o.56 APO that my son name is to be changed from **VISHAVRAJ** to **VISHAVRAJ SAHEBSING PALHATE**.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Service No JC-764587XSub Jagtap Vikas Pandurang, R/o EME Depot Bn,C/o 56 APO, Secunderabad ,PIN-500015, State-Telangana, have changed my Father name from JAGTAP PANDURANG to PANDURANG VITTHAL HOL date of birth from 01/07/1956 to 02/06/1950 vide affidavit dt 11-5-2024 C Samuel Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Service No JC-764587XSub Jagtap Vikas Pandurang, R/o EME Depot Bn,C/o 56 APO, Secunderabad ,PIN-500015, State-Telangana, have changed my Mother name from JAGTAP RAVJANA to RANJANA PANDURANG HOL date of birth from 01/07/1952 to 15/06/1958 vide affidavit dt 11-5-2024 C Samuel Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Service No JC-765784MSub Dighe Kisan Yashawant, R/o EME Depot Bn,C/o 56 APO, Secunderabad ,PIN-500015, State-Telangana, have changed my Mother name from DIGHE PARVATIBAI to PARVATABAI YASHWANTA DIGHE date of birth from 01/07/1949 to 01/06/1948 vide affidavit dt 11-5-2024 C Samuel Advocate and Notary, Secunderabad.




## बंजर भूमि की समस्या का स्थाई समाधान करवाएंगे : विधायक



**कागजनगर, 11 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरमभीम पेंचिकलपेट में सिरपुर टी विधायक डॉ. पलवई हरीश बाबू ने मंडल के लोडुपल्ली और कोंडापल्ली गांवों में संसदीय चुनाव के तहत भारतीय जनता पार्टी का अभियान चलाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वे बंजर भूमि की समस्या के स्थायी समाधान के लिए काम करेंगे और किसानों को निराश होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने वन अधिकारियों को बाध्य करने और गरीब किसानों को सुरक्षा प्रदान करने का वादा किया। दोनों गांवों के लोगों से जी नागेश के कमल के फूल के निशान पर वोट करने और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को मजबूत करने के लिए कहा। बाद में कांग्रेस पार्टी के कोंडापल्ली गांव के पूर्व सरपंच मेंगनाबोइना परदेसी, चंद्रू, कर भास्कर, पोशन्ना, शेखर और लोदपल्ली गांव के कांग्रेस नेता बड़े पैमाने पर भाजपा में शामिल हो गए। सिरपुर विधानमंडल के सदस्य डॉ. पलवई हरीश बाबू ने उन्हें पार्टी में आमंत्रित किया।

## देश और धर्म की रक्षा के लिए भाजपा को वोट दें : प्रवीण

**कागजनगर, 11 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कागजनगर के मुख्य बाजार में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में खुली बैठक का आयोजन किया गया।

हमारा वोट देश के लिए–धर्म के लिए' नारे के साथ इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश नेता एवं राष्ट्रवादी चिकोटी प्रवीण शामिल हुए।

इस अवसर पर सिरपुर टी विधायक डॉ. पलवई हरीश बाबू ने कहा कि सिरपुर टी विधानसभा क्षेत्र में केंद्र सरकार की धनराशि लाने के लिए जी नागेश को सांसद के रूप में जिताने की अपील की।

उन्होंने कहा कि अगर विधायक और सांसद एक ही पार्टी के हैं तो वे समन्वय बनाकर फंड इकट्ठा कर सकते हैं।

बीजेपी के राज्य नेता चिकोटी प्रवीण ने कहा कि उन्हें नरेंद्र मोदी का समर्थन करना चाहिए जो देश के लिए और धर्म के लिए काम कर रहे हैं और अगर वे राहुल गांधी को वोट देते हैं तो वे देश के खिलाफ वोट करेंगे।




## बीआरएस का प्रचार रथ पलटा



**आदिलाबाद, 11 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत शुक्रवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के आदिलाबाद से सांसद उम्मीदवार आत्रम सक्कू का प्रचार रथ अनियंत्रित होकर पलट गया। बोथ मंडल के नागपुर गांव में प्रचार के लिए गई एक गाड़ी ड्राइवर की लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण गांव के पास पलट गई। सौभाग्य से, किसी को चोट नहीं आई और पार्टी कार्यकर्ताओं ने राहत की सांस ली।

## मंचेरियाल में निकाली गई चुनाव जागरूकता रैली



**मंचेरियाल, 11 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** 13 मई को होने वाले संसदीय चुनाव के अवसर पर मंचेरियाल शहर में मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में चुनावी जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। युवा मंच के सदस्यों ने शहर के श्री लक्ष्मीनारायण मन्दिर से विभिन्न सड़कों से रैली निकलते हुए मताधिकार मेरी ताकत है, सभी को अपना मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए नारा लगाते हुए लोगों को जागरूक किया।

इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष गोपाल व्यास ने कहा कि अपने कीमती वोट का प्रयोग करें, गोली से भी ज्यादा ताकत मतदान की है।

इसके लिए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

इस से एक अच्छा नेता चुना जा सकता है। इस आयोजन में मंच के मंत्री भरत लड्ढा, कोषाध्यक्ष आनंद झंवर एवं भारी संख्या में युवा मंच के सदस्यों ने भाग लिया।

देहदान से भी अधिक पुण्यकर्म हैं मतदान

- 1946 के जनमत संग्रह में वोट नहीं डालने वाले लोगों ने क्या पाप किया, उसे आज तक पीढ़ियां भुगत रही हैं।
- 2024 के लोकसभा चुनाव में वोट नहीं डालने वाले लोगों का पाप, पीढ़ियां कितने दर्दनाक तरीके से भुगतेंगी इसकी कल्पना करें।
- तब कट्टर कत्लेआम और धर्मांध बलात्कार की परिणति में पाकिस्तान बना।
- अब क्या बनेगा???
- हम चेतते क्यों नहीं???
- हम वोट क्यों नहीं देते???
- पीढ़ियां पुरखों से ये सवाल पूछती रहेंगी और कोसती रहेंगी।
- भविष्य के इन सवालों से बचें, आलस छोड़ें, वोट डालने निकलें...



जय हिंद

Rajesh Kumar Agarwal

Ms. Rajesh Corporation

Plot No. 54, Sri Krupa Market, Malakpet, Hyderabad - 500036, Telangana
Mobile No : 9849016235, 9246569131
Email : rajeshcorp_mpet@yahoo.co.in

सम्मानीय अग्रबंधुओं,
तेलंगाना अग्रवाल समाज से विनम्र आग्रह है कि आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अग्रवाल समाज अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए सशक्त राष्ट्र निर्माण में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।




पहले मतदान फिर जलपान

13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में आप अपने परिवार,इष्ट मित्रों सहित मतदान करिए।



राष्ट्र निर्माण की महाबेला का राष्ट्रीय महायज्ञ चल रहा है,आइए हम भी स्वजनों के साथ इस यज्ञ में अपनी आहूति डाले।



सुभाष चंद्र अग्रवाल
सेकेट्ररी

निवेशक

मुन्नालाल अग्रवाल
अध्यक्ष

तेलंगाना अग्रवाल समाज,बंजारा हिल्स शाखा
फोन नं: 9000291000

Sri Shubham
JEWELLERS
Manufacturers & Wholesalers of Bangles/Jewellery

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.